अधिकतम :22°C
न्यूनतम: 12°C
सेंसेक्स 75,735.96
22,913.15
सोना 89,140
चांदी 100,500

ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, शुक्रवार 21 फरवरी 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 113 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ फाल्गुन पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2081 22 शाबान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### ट्रम्प ने जेलेंस्की को मामूली कॉमेडियन व तानाशाह कहा

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### मोहम्मद शमी ने सबसे तेजी से 200 विकेट लेकर रचा इतिहास

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# आठ लाख आठ हजार करोड़ रुपये से होगा यूपी का विकास

## यूपी विधानसभा में 2025-26 के लिए बजट पेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र विधानसभा में गुरुवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 8 लाख 8 हजार 736 करोड़ रुपये का बजट पेश किया गया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बजट प्रस्तावों को सदन के पटल पर रखते हुए कहा कि प्रस्तुत बजट का आकार 8 लाख 8 हजार 736 करोड़ 6 लाख रुपये है, जो वर्ष 2024-2025 के बजट से 9.8 प्रतिशत अधिक है।

बजट में पूंजीगत परिव्यय कुल बजट का लगभग 20.5 प्रतिशत है। पूंजीगत परिव्यय के अन्तर्गत अवसंरचना निर्माण, विस्तार और निवेश संबंधी व्यय आते हैं। उद्योग, आवागमन, उत्पादों की बाजार तक पहुंच तथा प्रदेश में पूंजी निवेश को आकर्षित करने जैसे महत्वपूर्ण गतिविधियों में पूंजीगत व्यय की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण होती है। बजट में अवस्थापना विकास के लिए 22 प्रतिशत, शिक्षा के लिए 13 प्रतिशत, कृषि और सम्बद्ध सेवाओं के लिए 11 प्रतिशत, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में छह प्रतिशत, सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों के लिए चार प्रतिशत एवं संसाधन आवंटित किए गए हैं। बजट भाषण में वित्त मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर बनाए जाने का लक्ष्य रखा है। इसको ध्यान में रखते हुए सरकार ने कृषि एवं संवर्गीय सेवाएं, अवस्थापना, उद्योग, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, शिक्षा, पर्यटन, नगर विकास, वित्तीय सेवायें, ऊर्जा, पूंजी निवेश आदि चिन्हित करते हुए सेक्टरवार कार्ययोजना तैयार की है। सम्बन्धित विभागों द्वारा सेक्टरवार कार्य योजना पर कार्य चल रहा है, जिसकी समीक्षा नियमित रूप से की जा रही है।



### महिला एवं बाल विकास के लिए योगी सरकार ने खोला खजाना

### मेधावी छात्राओं को स्कूटी प्रदान किए जाने की योजना

### प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर बनाने का लक्ष्य

### चार नए एक्सप्रेसवे, दो फ्री सिलेंडर देने का भी किया गया ऐलान

### गरीब, किसान, युवा और महिला उत्थान को समर्पित बजट: सीएम

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट सनातन संस्कृति की सर्वे भवन्तु सुखिन की अवधारणा के अनुरूप गरीब, अन्नदाता किसान, युवा और महिला उत्थान को समर्पित है, जिसमें वंचित को वरीयता का केंद्रीय भाव है। विधानभवन में बजट पेश करने के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता हमारी सरकार की प्राथमिकता है। प्रदेश में लगभग छह करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से ऊपर उठाया गया है। अब जीरो पॉवर्टी के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के साथ कार्य हो रहा है।

# धामी सरकार ने पेश किया 1,01,175.33 करोड़ का बजट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** उत्तराखंड विधानसभा बजट सत्र के तीसरे दिन गुरुवार को वित्त मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने धामी सरकार का वित्तीय वर्ष 2025-26 का 1,01,175.33 करोड़ (एक लाख एक हजार 175 करोड़) का बजट पेश किया।

वित्त मंत्री डा. अग्रवाल ने कहा कि सात बिंदुओं पर केंद्रित उत्तराखंड का बजट है। दोपहर लगभग 12:30 बजे बजट की अटैची लेकर वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल सदन में पहुंचे। साथ में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद रहे ।वित्त मंत्री ने उत्तराखंड राज्य निर्माण में योगदान देने वाले अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। वित्त मंत्री डा. अग्रवाल ने बजट भाषण में कहा कि प्रधानमंत्री ने विकसित भारत 2047 के लिए प्रेरणा दी है। वित्त मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने प्रत्येक बजट में सुधार और विकास की राह दिखाई है। भविष्य का रोडमैप पेश किया गया है।

उन्होंने कहा कि इस साल राज्य अपनी रजत जयंती वर्ष के रूप में आगे बढ़ रहा है। बजट पेश करने से पहले वित्त मंत्री ने 38वें राष्ट्रीय खेलों की उपलब्धियों को बताया। वर्ष 2025-26 के लिए बजट में लगभग 7 फीसदी वृद्धि करते हुए 14763.13 करोड़ का पूंजीगत परिव्यय का प्रावधान किया गया है। बजट में कोई भी राजस्व घाटा अनुमानित नहीं है। बजट में 59954.65 करोड़ राजस्व व्यय है। इसमें 41220.68 करोड़ पूंजीगत व्यय के लिए रखे गए हैं। 12604492 का राजकोषीय घाटा होने का अनुमान है, जो जीडीपी का 2.94 प्रतिशत है। यह एफआरबीएम एक्ट की सीमा के भीतर है। बजट में कोई राजस्व घाटा नहीं है। 89 करोड़ का सरप्लस बजट है। 59,954.65 करोड़ का राजस्व व्यय है।

### बजट में कोई राजस्व घाटा नहीं, वित्त मंत्री डा. अग्रवाल ने सदन में रखा बजट

### पिछले वित्तीय वर्ष के बजट 89 230.07 लाख करोड़ से लगभग 13 प्रतिशत अधिक



प्रदेश सरलीकरण समाधान व निस्तारीकरण के मार्ग पर अग्रसारित है। बजट हमारे प्रदेश की आर्थिक दशा और नीतियों का प्रमाण है। उत्तराखंड अनेक कार्यों का साक्षी रहा है। हम आत्मनिर्भर उत्तराखंड बनाने के लिए प्रयत्नशील हैं और इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। यह बजट नमो यानी नवाचार, आत्मनिर्भर उत्तराखंड, महान विरासत व ओजस्वी मानव संसाधन की थीम पर आधारित है।

**- डा. प्रेमचंद अग्रवाल, वित्त मंत्री, उत्तराखंड**

यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र के अनुरूप बजट है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने बाबा केदार के धाम से कहा था कि इस सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक होगा, इसी को ध्येय लेकर बजट में इस संकल्प की प्राप्ति के लिए प्रयास किए गए हैं, जो आने वाले समय में राज्य के विकास में एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि यह बजट आदर्श उत्तराखंड बनाने तथा उत्तराखंड को देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाने के संकल्प को पूरा करेगा। **- पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री, उत्तराखंड**

### जेंडर बजट में 2423 करोड़ की बढ़ोतरी

**देहरादून।** उत्तराखंड की धामी सरकार ने अपने कुल बजट में बढ़ोतरी के अंतर्गत जेंडर बजट में भी बढ़ोतरी की है। जिसको महिला विकास की समानता की नजर से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। क्योंकि जेंडर बजट समानता के उद्देश्य की पूर्ति के लिए बजटीय नीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में जेंडर बजट में 16961.32 करोड़ का प्रावधान किया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में जेंडर बजट में 14538.05 करोड़ का प्रावधान किया -शेष पृष्ठ दो पर

### लोकपाल के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने लोकपाल के उस आदेश पर गुरुवार को रोक लगा दी जिसमें कहा गया है कि उच्च न्यायालय के मौजूदा न्यायाधीशों के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायत के मामले की जांच उसके (लोकपाल) अधिकार क्षेत्र में आती है। न्यायमूर्ति बीआर गवई, सूर्यकांत और अभय एस. ओका की पीठ ने रोक लगाते लोकपाल के इस आदेश को 'बहुत ही परेशान करने वाला' बताया और कहा कि वह इस संबंध में कानून बनाएगी, क्योंकि सभी न्यायाधीशों की नियुक्ति संविधान के तहत ही होती है। पीठ ने शिकायतकर्ता को शिकायत की विषय-वस्तु या न्यायाधीश का नाम उजागर न करने का भी आदेश दिया।

### इलाहाबादिया मामले के बाद एक्शन में केंद्र सरकार

**नई दिल्ली।** रणवीर इलाहाबादिया और समय रैना के अश्लील टिप्पणियों का मामला जैसे ही तूल पकड़ा, केंद्र सरकार एक्शन मोड में आ गई। केंद्र ने अब सोशल मीडिया पर फैली अश्लीलता और अश्लील चुटकुलों को लेकर उठे विवाद के बीच सख्ती बरतना शुरू कर दिया है। सख्ती दिखाते हुए केंद्र ने ओटीटी प्लेटफॉर्म को कानून द्वारा बैन सामग्री प्रसारित करने के खिलाफ चेतावनी दी है। ओवर-द-टॉप (ओटीटी) प्लेटफॉर्म और स्व-नियामक निकायों को जारी की गई सलाह में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने उन्हें सामग्री प्रकाशित करते समय आईटी नियम-2021 के तहत निर्धारित आचार संहिता का सख्ती से पालन करने को कहा है।

### 1220 करोड़ में 149 सॉफ्टवेयर रेडियो सेट खरीदे जाएंगे

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने भारतीय तटरक्षक बल के लिए 1220.12 करोड़ रुपये की लागत से 149 सॉफ्टवेयर परिभाषित रेडियो की खरीद के वास्ते भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) बेंगलुरु के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह खरीद (भारतीय- आईडीडीएम) श्रेणी के अंतर्गत की जाएगी। ये अत्याधुनिक रेडियो उच्च गति के डेटा और सुरक्षित आवाज संचार के माध्यम से सुरक्षित और विश्वसनीय सूचना साझा करने, सहयोग और स्थितिजन्य जागरूकता बढ़ाने में सक्षम होंगे।

### भारत-बांग्लादेश के सीमा बल गश्त बढ़ाएंगे

**नई दिल्ली।** भारत और बांग्लादेश के सीमा प्रहरियों ने भारतीयों बलों पर बांग्लादेशी आपराधिक तत्वों के हमलों को गंभीरता से लेते हुए संवेदनशील क्षेत्रों में देर रात से सुबह तक समन्वित गश्त बढ़ाने, सतर्कता बढ़ाने और सीमा पर शांति बनाए रखने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता को दोहराया है। बीएसएफ और बांग्लादेश के बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के 55वें महानिदेशक स्तरीय सीमा समन्वय सम्मेलन में गुरुवार को यह सहमति बनी।

# सरकार ईमानदारी से काम करे, तो करोड़ों रोजगार मिलेंगे

रायबरेली, वार्ता

**कांग्रेस नेता** राहुल गांधी अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली के दो दिवसीय दौरे पर हैं। यहां राहुल कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। राहुल गांधी ने दलित छात्रों से संवाद किया, इसके अलावा उन्होंने चुरुवा सीमा पर हनुमान मंदिर में दर्शन किए। बछरावां में राहुल ने कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित किया।

राहुल ने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर मजबूत पकड़ बनाए रखने की बात कही। राहुल ने कहा कि बीजेपी सरकार वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने और पूंजीपतियों को बढ़ावा देने का काम करती आई है। बीजेपी ने जीएसटी, नोटबंदी कर बेरोजगारी बढ़ाई है, अडानी ने चाइना का माल देश में बेचकर बेरोजगारी बढ़ाई है। उन्होंने आगे कहा कि अगर केंद्र सरकार ईमानदारी से कम करे, तो इलेक्ट्रिक सेक्टर में बढ़ावा मिल सकता है। करोड़ों युवाओं को रोजगार मिल सकता है। महाकुंभ जाने के सवाल को राहुल टालते हुए आगे बढ़ गए। नेता विपक्ष रायबरेली के चुरुवा हनुमान मंदिर में पवनपुत्र श्री हनुमान की पूजा-अर्चना कर देश की सुख, शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। राहुल ने कहा कि आज देश में संविधान की आवाज को दबाया जा रहा है। देश में दलितों की आबादी 15 प्रतिशत है, लेकिन इसके अनुपात में देश की टॉप कंपनियों के मालिक और सीईओ दलित समाज से नहीं हैं।



■ दो दिवसीय दौरे पर रायबरेली पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी

### राहुल गांधी की नागरिकता मामले की सुनवाई 26 मार्च को

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की नागरिकता को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 26 मार्च को तय की है। बीजेपी नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने 2019 में केंद्रीय गृह मंत्रालय में एक शिकायत दर्ज कर आरोप लगाया था कि राहुल गांधी द्वारा ब्रिटिश अधिकारियों को सौंपे गए डॉक्यूमेंट में खुद को ब्रिटिश नागरिक घोषित किया है। स्वामी ने तर्क दिया कि यह भारतीय संविधान और नागरिकता अधिनियम का उल्लंघन है और यह ब्रिटिश पासपोर्ट रखने के बराबर है। कोर्ट ने एडिशनल सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा से कहा कि याचिकाकर्ता (स्वामी) मूल मुद्दे पर कोई फैसला नहीं चाहते, बल्कि केवल यह जानना चाहते हैं कि उनके द्वारा भेजी गई एप्लीकेशन पर कोई कार्रवाई होगी या नहीं।

# दिल्ली मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और छह मंत्रियों ने ली शपथ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** छात्र राजनीति से मुख्य धारा की राजनीति में आई राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पुरानी कार्यकर्ता रेखा गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने गुरुवार को दिल्ली की सरकार की बागडोर संभाली।

दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित भव्य समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राजग के घटक दलों के शीर्ष नेताओं की उपस्थिति में उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने श्रीमती रेखा गुप्ता और उनके सहयोगी मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। श्रीमती रेखा गुप्ता शालीमार बाग से भाजपा की विधायक चुनी गई हैं। श्रीमती गुप्ता के बाद क्रमशः नई दिल्ली विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद -शेष पृष्ठ दो पर



### सीएम रेखा गुप्ता ने संभाला कार्यभार

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को ऐतिहासिक रामलीला मैदान में शपथ ग्रहण के बाद अपराह्न दिल्ली सचिवालय में औपचारिक रूप से अपना कार्यभार संभाला।

### शपथ के चार घंटे बाद विभागों का बंटवारा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में भाजपा सरकार के शपथ के 4 घंटे के बाद ही मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा कर दिया गया। विश्वसनीय सूत्रों के मुताबिक सीएम रेखा गुप्ता ने गृह और वित्त मंत्रालय अपने पास रखा है। अरविंद केजरीवाल को नई दिल्ली सीट से हराने वाले प्रवेश वर्मा को डिप्टी सीएम बनाया गया है। उन्हें शिक्षा, -शेष पृष्ठ दो पर

### खतरे में देश की राष्ट्रीय सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता: खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को मोदी सरकार पर निशाना साधा। खड़गे ने कहा कि चीन अरुणाचल प्रदेश की सीमा पर 90 नए गांव बसा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार देश की राष्ट्रीय सुरक्षा, क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को खतरे में डाल रही है। एक्स पर पोस्ट में कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार की प्राथमिकता पीआर स्टंट और झूठे विज्ञापन है, राष्ट्रीय सुरक्षा नहीं। मल्लिकार्जुन खड़गे ने लिखा कि नरेंद्र मोदी जी आप चीन को लाल आंख दिखाने के बजाय लाल सलाम की नीति अपना रहे हैं। भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, भौगोलिक संप्रभुता एवं अखंडता सर्वोपरि है। मोदी सरकार इसे खतरे में डाल रही है। हमारा आरोप बड़ी जिम्मेदारी के साथ है और तथ्यों के आधार पर है। उन्होंने लिखा कि चीन ने अरुणाचल के बॉर्डर पर 90 नए गांव बसाने शुरू कर दिए हैं।

# हिमाचल में बर्फबारी, दिल्ली में बारिश, 23 राज्यों में अलर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश के 23 राज्यों में गुरुवार को बारिश का अलर्ट है। इसमें दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़ में बारिश हो रही है। वहीं जम्मू- कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, बिहार, झारखंड में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, श्रीनगर में भी शीतलहर जारी है और हल्की बारिश हुई है, गुरुवार को यहां का न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

21 फरवरी को जम्मू संभाग के अलग-अलग ऊंचे इलाकों में बारिश और बर्फबारी होने का अनुमान है। दिल्ली के कई इलाकों में गुरुवार सुबह बारिश हुई और तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार दिन में बादल छाए रहने और हल्की बूंदाबांदी के आसार हैं, जबकि अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। मध्य प्रदेश में भोपाल समेत कई शहरों में बादल छाए हैं। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे यानी, कल से दिन-रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट होने का अनुमान जताया है। वहीं दूसरी ओर, इंदौर-उज्जैन में दिन में गर्मी का असर देखा गया। राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस (पश्चिमी विक्षोभ) सक्रिय होने से बुधवार को बीकानेर, जयपुर, जोधपुर और भरतपुर संभाग के जिलों में मौसम बदल गया। इन जगहों पर बादल छाने के बाद तेज हवा चली और हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक पूर्वोत्तर भारत में अगले तीन दिनों तक बारिश, आंधी तूफान और बिजली कड़कने की चेतावनी है। फरवरी के आखिरी दिनों में मध्य प्रदेश का मौसम फिर बदलेगा। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे यानी, 21 फरवरी से दिन-रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट होने का अनुमान जताया है। इससे पहले बुधवार को भोपाल समेत कई शहरों में बादल छाए रहे। दूसरी ओर, इंदौर-उज्जैन में दिन में गर्मी का असर देखा गया।



■ एमपी में बादल छाए, राजस्थान के चार जिलों में तेज हवा चली

■ श्रीनगर में न्यूनतम तापमान चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया

### पूर्व विधायक किशोर समरीते दोषी करार

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के पूर्व विधायक किशोर समरीते को 2022 में संसद को उड़ाने की धमकी देने से जुड़े मामले में दिल्ली की राउज एवन्यू कोर्ट ने दोषी करार दिया है। 27 फरवरी को सजा पर बहस होगी। कोर्ट ने आईपीसी की धारा 506 भाग दो के तहत दोषी करार दिया, जिसमें अधिकतम सात साल की सजा का प्रावधान है। हालांकि कोर्ट ने किशोर समरीते को अन्य आरोपों से बरी कर दिया। बता दें कि अपनी मांगें पूरी न होने पर सितम्बर 2022 में संसद को उड़ाने की धमकी दी थी। अदालत ने कहा कि राज्यसभा के सेक्रेटरी जनरल के कार्यालय को कथित तौर पर भेजे गए पार्सल में पाए गए पदार्थ की जांच करने पर पता चला कि विस्फोट करने की उनकी क्षमता के मामले में यह हानिरहित है। अदालत ने फैसले में कहा कि हालांकि विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 5 और विस्फोटक अधिनियम की धारा 9बी के तहत आरोप साबित नहीं हुए।

# सारे चुनाव एकजुट होकर मजबूती से लड़ेंगे: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और घटक दल के सभी पार्टियों के नेताओं के साथ बैठक की। दिल्ली की नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उनके मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण के कुछ ही घंटों बाद यह उच्चस्तरीय बैठक हुई।

बैठक में पीएम मोदी ने सभी से कहा कि हम आगामी सारे चुनाव एकजुट होकर मजबूती से लड़ेंगे और देश में मजबूती से काम करेंगे। बैठक को लेकर बीजेपी के महामंत्री विनोद तावड़े ने कहा कि एनडीए की बैठक में सभी दलों के नेता, मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री बीजेपी दिल्ली सरकार के गठन में आए थे। उसके बाद प्रधानमंत्री के साथ एनडीए के सभी नेताओं बैठक हुई और सब ने प्रधानमंत्री को दिल्ली जीत पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि साथ ही आने वाले डेढ़ साल में सभी चुनाव को चाहे बिहार हो, बंगाल हो, सभी चुनाव एनडीए मजबूती से लड़ेगी। सभी पीएम को आश्वस्त किया कि आने वाले समय में सभी चुनाव को एनडीए मजबूती के साथ लड़ेगी।



■ एनडीए की बैठक में बोले पीएम मोदी

## संक्षिप्त समाचार

### जौनपुर में सड़क हादसों में नौ मरे, 32 लोग घायल

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के बदलापुर क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में नौ श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 32 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि बीती रात करीब डेढ़ बजे सरोखनपुर अंडरपास के ऊपर वाराणसी लखनऊ हाईवे पर जौनपुर से अयोध्या जा रहे श्रद्धालुओं की एक कार अज्ञात वाहन से टकरा गयी। इस हादसे में घायल 11 लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बदलापुर ले जाया गया जहां डाक्टरों ने पांच को मृत घोषित कर दिया। मृतकों में तीन महिलाएं एक पुरुष और एक बच्चा शामिल है। अन्य छह लोगों को सीएचसी बदलापुर से जिला अस्पताल जौनपुर रेफर किया गया है। मृतकों में कांति देवी (60) और नितेश कुमार (20) की पहचान की जा चुकी है। सभी हताहत झारखंड के निवासी हैं। इस हादसे के करीब डेढ़ घंटे बाद भोर तीन बजे एक ट्रक ट्रेलर ने वाराणसी से अयोध्या जा रही बस को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बस सवार लगभग 50 यात्रियों में से ड्राइवर मोनू सिंह निवासी सुल्तानपुरी, दिल्ली के अलावा दो महिलाओं की सीएससी बदलापुर में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई, जबकि जिला अस्पताल में बस में सवार एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई है उसका नाम पता ज्ञात है। इस तरह इस दुर्घटना में चार लोगों की मौत हुई है।

### 5 देशों के राजनयिकों ने राष्ट्रपति को परिचय पत्र सौंपे

**नई दिल्ली।** पांच देशों के राजदूतों और उच्चायुक्तों ने गुरुवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपने परिचय पत्र प्रस्तुत किए। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में पनामा, गुयाना, सूडान, डेनमार्क और फिलिस्तीन के राजदू तथा उच्चायुक्तों ने राष्ट्रपति के समक्ष अपने परिचय पत्र पेश किए। परिचय पत्र प्रस्तुत करने वालों में पनामा के राजदूत अलोंसो कोरेया मिगुएल, गुयाना के उच्चायुक्त धर्मकुमार सीराज, सूडान के राजदूत डा. मोहम्मद अब्दुल्ला अली एल्टॉम, डेनमार्क के राजदूत रासमस अबिल्डगार्ड क्रिस्टेंसन और फिलिस्तीन के राजदूत अब्दुल्ला मोहम्मद-ए- अबुशावेश शामिल हैं।

### बोत्सवाना में भारी बारिश के कारण स्कूल बंद

**गेबोरोन।** बोत्सवाना में भारी बारिश के चलते छात्रों के परिवहन में व्यवधान के कारण स्कूलों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। बाल कल्याण और बुनियादी शिक्षा मंत्री नोनो कगाफेला मोकोका ने बुधवार को कहा कि भारी बारिश के कारण अधिकांश सड़कें जलमग्न हो गई हैं और उनमें से कुछ सड़कें कट गई हैं, जिससे छात्र स्कूल आने-जाने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि अस्थायी बंद का यह आदेश 20 फरवरी से 24 फरवरी तक प्रभावी रहेगा। उन्होंने कहा कि स्थिति की निगरानी की जाएगी और अगले सप्ताह और जानकारी दी जाएगी। बोत्सवाना में पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश हो रही है जिससे देश के अधिकांश हिस्सों में व्यापक बाढ़ आ गई है। मौजूदा बारिश इस पूरे सप्ताह और संभवत: फरवरी के अंत तक जारी रहने की उम्मीद है। देश के कई हिस्सों में अगले 24 घंटों में 50 मिमी या उससे अधिक बारिश होने की संभावना है।

## ये यूपी की डबल इंजन सरकार है: अखिलेश यादव

# बजट का झोला खाली, किसान दुखी

**लखनऊ, वार्ता**

उत्तर प्रदेश में बजट पेश होने के बाद समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस बजट की कमियों का जमकर उल्लेख किया है। उन्होंने इस बजट को निराशाजनक बताया है।

उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 8,08,736 करोड़ रुपए का बजट गुरुवार को पेश किया, जिसमें अनुसंधान एवं विकास और सूचना प्रौद्योगिकी पर ध्यान केंद्रित किया गया है। आगामी वित्त वर्ष के लिए प्रस्तावित बजट में 28,478.34 करोड़ रुपए की नई योजनाएं शामिल की गयी हैं। अब इस पर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने प्रतिक्रिया दी है। अखिलेश यादव ने कहा कि इस बजट का झोला खाली है। जनता को लग रहा है बजट आया ही नहीं है। जनता पूछ रही है प्रवचन तो आ गया, लेकिन बजट कब आएगा। बजट देखकर किसानों की समस्या बढ़ गई है। महिलाओं की परेशानी और बढ़ गई है, जो वहां मेज पीट रहे थे, बीजेपी के विधायकों के मन सुख गए हैं, जो लगातार नौ बजट फेल किए हैं सरकार, उसके बाद बेरोजगारी पर क्या जवाब है। जनता पूछ रही है कि जुमला मंत्रालय के लिए कितना आवंटन किया है। सपा प्रमुख ने कहा कि विद्वानों की सभा में मूर्ख के लिए मौन ही आभूषण होता है। ए तो विधानसभा थी, जहां बहुत विद्वान लोग थे।

कुछ लोग उर्दू का विरोध उर्दू में ही किए. ए पहली सरकार है, जो उर्दू का विरोध उर्दू में ही कर रहे थे। हालांकि भाषण में उन्होंने कई बार उर्दू के शब्दों का उपयोग किया। इनका नौवां बजट था। उनका संकल्प था कि किसानों मुफ्त बिजली उपलब्ध कराएंगे. उन्होंने कहा कि जो समाजवादी पार्टी सरकार में मंडी बनी थी उनको इस सरकार ने चौपट कर दिया है, लेकिन नौ बजट के बाद भी इन्होंने था कि गन्ना किसानों का 14 दिनों में भूगतान नहीं होगा, तो ब्याज के साथ भूगतान करेंगे। लेकिन ए सरकार कभी बकाया नहीं बताती है। इस सरकार ने कितना गन्ना की कीमत बढ़ाई है। दोनों सरकारों ने डबल ब्लंडर सरकार है। गन्ना की कीमत नहीं बढ़ाई है। बजट पर अखिलेश यादव ने कहा कि इस सरकार ने एक भी मेगा फूड पार्क विकसित किया हो तो बताए। मेडिकल कॉलेज में कुछ नहीं हो रहा है और वहां पर स्टॉफ ही नहीं है। शाहजहांपुर में एक भी एंबुलेंस नहीं है। गंभीर बीमारियों से गरीबों के घर में परेशानियां आ रही हैं, लेकिन इलाज नहीं मिल पा रहा है. समय पर सरकार इलाज नहीं दिला पा रही है।



समाजवादी पार्टी सरकार में मंडी बनी थी उनको इस सरकार ने चौपट कर दिया

### योगी ने दिल्ली की नवनियुक्त मुख्यमंत्री को दी बधाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रेखा गुप्ता को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। योगी ने गुरुवार को एक्स पर पोस्ट किया कि रेखा गुप्ता को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर हृदयतल से बधाई व शुभकामनाएं। पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के यशस्वी मार्गदर्शन व आपके कुशल नेतृत्व में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली डबल इंजन की भाजपा सरकार की लोक-कल्याणकारी नीतियों के साथ समग्र विकास की नई ऊंचाइयों को स्पर्श करते हुए सुरक्षा, सुव्यवस्था और सुशासन के आदर्श मानक स्थापित करेगी। उन्होंने शपथ ग्रहण समारोह में न पहुंचने पर खेद व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के वित्तीय वर्ष 2025-2026 के बजट प्रस्तुतीकरण में व्यस्तता के कारण आपके शपथ ग्रहण समारोह में सम्मिलित नहीं हो पा रहा हूं। पुनश्च शुभकामनाएं।

### यह बजट एक बड़े घोटाले की पटकथा: शिवपाल यादव



**लखनऊ।** विधानसभा में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना का बजट भाषण खत्म होने के बाद जब सभी सदस्य बाहर निकले, तो समाजवादी पार्टी सहासचिव शिवपाल सिंह यादव पर बड़ा दावा कर दिया। उन्होंने इस बजट को घोटालों की पटकथा करा दिया है। सपा नेता शिवपाल यादव ने उत्तर प्रदेश के बजट पर कहा कि यह बजट एक बड़े घोटाले की पटकथा है। अगर यही विकास है तो जनता को अंधकार से कोई शिकायत नहीं होनी चाहिए और इसलिए मैं इस बजट को पूरी तरह से खारिज करता हूं। मैं सरकार से आग्रह करता हूं कि अगली बार जुमलों की किताब की जगह जनता की जरूरत का बजट बनाएं। हम 2027 में जनता के हित में एक बेहतर बजट लाएंगे। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और सपा नेता माता प्रसाद पांडे ने उत्तर प्रदेश के बजट पर कहा कि इस बजट में प्रदेश की जनता को कुछ नया नहीं प्राप्त होने वाला है। बजट में नौजवान और बेरोजगारों के लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं है। माना जा रहा है कि बजट में प्रदेश की जनता के लिए कई कल्याणकारी और लोकलुभावन योजनाओं की घोषणा की जा सकती है। इस बजट में सरकार राज्य की जीडीपी से लेकर बेरोजगारी, शिक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर और किसानों के लिए कई योजनाओं को ऐलान कर सकती है। इस बजट में 2027 के विधानसभा चुनाव की झलक भी देखने को मिल सकती है। योगी सरकार के इस मेगा बजट में अवस्थापना विकास के लिए 22 प्रतिशत, शिक्षा के लिए 13 प्रतिशत, कृषि और सम्बद्ध सेवाओं के लिए 11 प्रतिशत, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में 6 प्रतिशत, सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों के लिए 4 प्रतिशत एवं संसाधन आवंटित किए गए हैं। बजट में पूंजीगत परिव्यय कुल बजट का लगभग 20.5 प्रतिशत है। प्रदेश में बुनियादी ढांचे और इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने के लिए सरकार ने बजट का 22 प्रतिशत हिस्सा निर्धारित किया है।

## ट्रम्प ने जेलेंस्की को मामूली कॉमेडियन और तानाशाह कहा

**वॉशिंगटन/कीव, वार्ता**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच जुबानी जंग शुरू हो गई है। ट्रम्प ने बुधवार को अपने मार-ए-लागो रिसोर्ट में दिए एक बयान में जेलेंस्की को तानाशाह कहा है। इससे दोनों नेताओं के बीच विवाद गहरा गया है। इससे पहले जेलेंस्की ने कहा कि ट्रम्प गलत जानकारी के साथ, गलतफहमी में जी रहे हैं।

जेलेंस्की का ये बयान ट्रम्प के एक आरोप के जवाब में आया था। दरअसल ट्रम्प ने मंगलवार को कहा था कि यूक्रेन में जेलेंस्की की अप्रूवल रेटिंग गिरकर सिर्फ 44 रह गई है। जेलेंस्की को तानाशाह कहने के खिलाफ यूरोपीय नेता उनके समर्थन में उतर आए हैं। जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज ने कहा कि राष्ट्रपति जेलेंस्की की लोकतांत्रिक वैधता को नकारना पूरी तरह से गलत और खतरनाक है। जर्मन विदेश मंत्री अन्नालेना बैरबॉक ने भी ट्रम्प के बयान को बेतुका बताया है। ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने भी जेलेंस्की को फोन कर उनके प्रति समर्थन दिखाया। प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक स्टार्मर ने कहा कि जंग के दौरान चुनावों को टालना पूरी तरह से सही था। स्वीडिश प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन ने भी ट्रम्प की आलोचना की है। कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो भी जेलेंस्की के समर्थन में उतर आए हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि कनाडा हमेशा यूक्रेन के समर्थन में खड़ा रहेगा।

### ट्रम्प ने पुतिन के साथ परमाणु निरस्त्रीकरण बातचीत पर जताया भरोसा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस के राष्ट्रपति पुतिन के साथ परमाणु निरस्त्रीकरण पर हुई बातचीत और सहमति पर विश्वास जताया है। मियामी में एक तकनीकी शिखर सम्मेलन के दौरान ट्रम्प ने कहा कि हमने राष्ट्रपति पुतिन और राष्ट्रपति शी जिनपिंग से परमाणु निरस्त्री करण पर गंभीरता से चर्चा की थी, लेकिन कोविड के दौरान हालात बदल गए। हमें छोटी परमाणु शक्तियों को भी राजी करना था। उन्होंने कहा कि परमाणु संघर्ष को रोकना जरूरी है, क्योंकि यह हिरोशिमा और नागासाकी से '500 गुना' अधिक विनाशकारी होगा। यह बयान उस समय आया है, जब दुनिया भर में परमाणु हथियारों के बढ़ते खतरे के बीच कई देशों के लिए निरस्त्रीकरण का मुद्दा एक अहम चर्चा का विषय बन चुका है।

## हादसे से दहला पूर्वांचल: 13 लोगों की मौत, 58 लोग हुए घायल

**वाराणसी।** वाराणसी-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग 731 के सरोखनपुर अंडर पास पर भीषण हादसा हुआ। दो वाहनों की भिड़ंत में टाटा सूमो में सवार पांच लोगों की मौत हो गई। जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उसी घटना के समय एक बस ट्रेलर से भिड़ गई। इस हादसे में बस में सवार तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 27 लोग घायल हो गए है। सभी घायलों को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

हादसे के बाद एक और श्रद्धालु की मौत अस्पताल में इलाज के दौरान हुई। ऐसे में मरने वालों की संख्या नौ हो गई है। बस में सवार सभी लोग दिल्ली के बताए जा रहे हैं, जो चित्रकूट से प्रयागराज होकर वाराणसी दर्शन के बाद अयोध्या जा रहे थे। वहीं सूमो सवार सभी झारखंड के हैं, जो वाराणसी से अयोध्या दर्शन करने जा रहे थे। बस में सवार घायलों में बबली (46), सुभाष (50), दिनेश (39), रंजीत (40), दिनेश (55), कविता (45), हरिश्चंद्र (61), भगवान सिंह (58), मायावती (55), हेमचंद्र (55), गीता (55), किशोरीलाल (60), लक्ष्मी (32), सुरेश (55), सुशीला (60), सरस्वती (55), आशीष (30), शकुंतला (54), सुशीला (65), रामवती (60), राधा (70), गीतांजलि (31), तारा (65), कमलेश (50), मंशा (48), हरिश्चंद्र (61) व मीना (65) सभी निवासी मोहल्ला मादीपुर नई दिल्ली के हैं। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

एक-एक कर थम गईं सांस सभी लोग दिल्ली के निवासी

## हमास ने चार इजरायली बंधकों के शव लौटाए

**गाजा, वार्ता**

फिलिस्तीन के उग्रवादी संगठन हमास ने गुरुवार को 4 इजरायली बंधकों के शव रेड क्रॉस एजेंसी को सौंप दिए हैं। इनमें शिरी बिबास और उनके 2 बच्चे एरियल बिबास और केफिर बिबास शामिल हैं।

7 अक्टूबर 2023 को जब हमास ने इन्हें बंधक बनाया था, तब एरियल की उम्र 4 साल और केफिर की उम्र 9 महीने थे। इन बच्चों के पिता यार्डेन बिबास को इस महीने की शुरुआत में रिहा किया गया था। चौथा शव 83 साल के ओडेड लिफिशट्ज का है। उन्हें उनकी पत्नी योचेवेड के साथ किबुत्ज नीर ओज से अगवा कर लिया गया था। योचेवेड को हमास ने 24 अक्टूबर 2023 को रिहा कर दिया था। हमास शनिवार को 6 बंधकों को रिहा करेगा। यह पहले से तय संख्या से दोगुनी है। इन बंधकों के बदले इजरायल अक्टूबर 2023 से गिरफ्तार सभी महिलाओं और 19 साल से कम उम्र के फिलिस्तीनी लोगों को रिहा कर देगा। इसके साथ ही इजरायल मिस्र बॉर्डर के जरिए गाजा में मलबा हटाने वाली मशीनें ले जाने की परमिशन देगा।

इसमें नौ महीने की उम्र में किडनैप बच्चे की भी है बॉडी

## अमेरिकी फंडिंग पर श्वेत पत्र लाए सरकार

**नई दिल्ली, वार्ता**



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय चुनाव में अमेरिकी फंडिंग को लेकर सवाल उठाए हैं। अब इसे लेकर भारत की राजनीति गरमा गई है। अब कांग्रेस ने मांग की है कि भारत सरकार को अमेरिकी अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंसी की ओर से सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं को दिए गए समर्थन पश्वेत पत्र लाना चाहिए।

साथ ही कांग्रेस ने ट्रंप के दावों को बेतुका करार दिया है। ट्रंप के बयान के बाद कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा कि यूएसएआईडी इन दिनों काफी चर्चा में है। इसकी स्थापना 3 नवंबर 1961 को हुई थी। अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा किए जा रहे दावे कम से कम कहने के लिए तो बेतुके हैं। फिर भी भारत सरकार को जल्द से जल्द एकश्वेत पत्र जारी करना चाहिए, जिसमें दशकों से भारत में सरकारी और गैर-सरकारी दोनों संस्थानों को यूएसएआईडी द्वारा दिए गए समर्थन का विवरण हो। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि हमें भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 2.1 करोड़ डॉलर देने की क्या जरूरत है? मुझे लगता है कि वे (बाइडन सरकार) चाहते थे कि चुनाव में किसी और को चुना जाए। हमें इस बारे में भारत सरकार को बताना चाहिए, यह चौंकाने वाला है। भारत के पास पहले से ही काफी पैसा है। वे सबसे ज्यादा टैक्स लगाने वाले देश हैं। हम मुश्किल से उनके बाजार में अपना सामान भेज पा रहे हैं, क्योंकि उनके टैरिफ बहुत ज्यादा हैं।

कांग्रेस ने ट्रंप के दावों को बेतुका करार दिया


## अर्थ व्यापार

## एचडीएफसी बैंक और मारुति समेत 17 कंपनियों में बिकवाली से गिरा बाजार

**मुंबई, वार्ता**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ योजना से वैश्विक स्तर पर व्यापार युद्ध छिड़ने की आंशका में एशियाई बाजारों की भारी गिरावट के असर से स्थानीय स्तर पर एचडीएफसी बैंक, मारुति, एचसीएल टेक, आईसीआईसीआई बैंक और टीसीएस समेत 17 दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से गुरुवार को शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन गिरकर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 203-22 अंक लुढ़ककर 75,735- 96 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 19-75 अंक उतरकर 22,913-15 अंक पर रहा। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में जमकर लिवाली हुई, जिससे बाजार को बल मिला। इस दौरान मिडकैप 1.18 प्रतिशत की तेजी के साथ 40,854.88 अंक और स्मॉलकैप 1.32 प्रतिशत की छलांग लगाकर 46,054.94 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4054 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2669 में लिवाली जबकि 1273 में बिकवाली हुई, वहीं 112 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 28 कंपनियां हरे जबकि अन्य 22 लाल निशान पर बंद हुईं। बीएसई के चार समूहों में गिरावट जबकि अन्य 17 में तेजी का रुख रहा। इससे एफएमसीजी 0.04, वित्तीय सेवाएं 0.25, बैंकिंग 0.50 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.10 प्रतिशत उतर गए। वहीं कमोडिटीज 1.07, सीडी 1.01, ऊर्जा 1.33, इंडस्ट्रियल्स 1.55, यूटिलिटीज 2.17, ऑटो 1.30, कैपिटल गुड्स 1.13, धातु 2.02, तेल एवं गैस 1.66, पावर 2.19, रियल्टी 1.14 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.86 प्रतिशत उछल गए।



### अडानी समूह का टीटीएम ईबीआईटीडीए बढ़कर 86,789 करोड़

**नई दिल्ली।** बंदरगाहों से लेकर ऊर्जा तक के विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली देश की प्रमुख कंपनी अडानी समूह ने गुरुवार को घोषणा की कि दिसंबर 2024 तक उसके पोर्टफोलियो की ईबीआईटी डीए से पहले की आय सालाना आधार पर 10.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 86,789 करोड़ रुपए के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। समूह ने गुरुवार को अपनी आधिकारिक विज्ञप्ति में बताया कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में समूह की कंपनियों का ईबीआईटीडीए 17.2 प्रतिशत बढ़कर 22,823 करोड़ रुपए हो गया।उसकी पोर्टफोलियो कंपनियां उच्च पूंजीगत व्यय पथ पर हैं, जिससे परियोजनाओं के निष्पादन और नकदी प्रवाह सृजन में वृद्धि हो रही है।

## खाद्य तेलों में टिकाव, मूंग और उड़द दाल में तेजी

**नई दिल्ली, वार्ता**

विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से गुरुवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के भाव स्थिर रहे, जबकि मूंग दाल और उड़द दाल में तेजी रही वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 35 लरगिट उतरकर 4813 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.36 सेंट की तेजी के साथ 46.66 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।



**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में मूंग दाल में 100 रुपए और उड़द दाल में 100 रुपए प्रति लक्वटल की तेजी को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : चना 6000-6100, दाल चना 7000-7100, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9400-9500, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 7750-7850 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल : 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4280-4380, चीनी एम. 4300-4400, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति लक्वटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18462 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 15457 रुपए, पाम ऑयल 13187 रुपए और वनस्पति तेल 16044 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**धामी सरकार ने....**

गया था। बजट के अन्तर्गत विभागीय योजनाओं में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण से दो वर्गों में विभक्त किया गया है। महिलाओं के लिए 100 प्रतिशत बजट निर्धारण करने वाली योजनाओं को श्रेणी-1 में तथा महिलाओं के लिए 100 प्रतिशत से कम बजट वाली योजनाओं को श्रेणी-दो में रखा गया है। जेंडर बजट के माध्यम से महिलाओं की घटक योजना एवं समन्वय को स्थापित किया जाएगा। जेंडर बजट प्रदेश में मातृशक्ति को सम्मानित करते हुए समानता के अवसर स्थापित करने की दिशा में एक सकारात्मक पहल है। जेंडर बजट प्रक्रिया में जेंडर दृष्टिकोण को समाहित करते हुए महिला सशक्तिकरण एवं विकास को आवश्यक गति प्रदान करता है। यह बजट को लैंगिक वचनबद्धता में परिवर्तित करने की प्रक्रिया है। जेंडर बजटिंग का उद्देश्य पृथक बजट का निर्माण न होकर सामान्य बजट के अन्तर्गत महिलाओं की विशिष्ट आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सकारात्मक गतिविधियों का संचालन करना है। इस पूरी प्रक्रिया में महिलाओं को सम्मानित करते हुए उन्हें सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। महिलाओं को उनके अधिकारों के सापेक्ष समुचित हिस्सा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पारम्परिक विभागों जैसे कि पुलिस, शिक्षा, स्वास्थ्य महिला सशक्तिकरण, खाद्य, पर्यटन, उद्यान आदि में सीमित न करते हुए अन्य विभागों एवं क्षेत्रों में भी महिलाओं के प्रति संवेदनशील बजट बनाने का प्रयास किया गया है।

**दिल्ली मुख्यमंत्री रेखा...**

केजरीवाल को हराकर विधायक बने प्रवेश साहिब सिंह ने मंत्री पद की शपथ ली। इसके बाद सर्वश्री आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंद्र इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह ने मंत्री पद की शपथ ली। रामलीला मैदान में तीन मंच सजे थे। बांए मंच पर विभिन्न धर्मों के धर्म गुरु और कई प्रमुख संत विराजमान थे।

**शपथ के...**

परिवहन और पीडब्ल्यूडी की जिम्मेदारी दी गई है। प्रवेश सीएम की रेस में सबसे आगे चल रहे थे। सूत्रों के मुताबिक, नई सरकार में रोहिणी से चौथी बात जीते वरिष्ठ भाजपा नेता विजेंद्र गुप्ता को विधानसभा स्पीकर और मुस्तफाबाद से विधायक मोहन सिंह बिष्ट को डिप्टी स्पीकर बनाया जा सकता है। विभागों के बंटवारे की आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है, केवल सूत्रों से ही मिली है। संभवत: नई सरकार इस पर एक-दो दिन में फैसला ले सकती है।

## राहुल, प्रियंका ने अरुणाचल व मिजोरम के लोगों को स्थापना दिवस पर दी बधाई



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता तथा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने अरुणाचल प्रदेश तथा मिजोरम के लोगों को राज्य स्थापना दिवस पर बधाई देते हुए आज कहा कि उनकी पहचान को सुरक्षित रखना हम सबकी जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि भारत की विविधता और एकता के प्रतीक देश के सभी राज्यों के लोगों की समृद्ध विरासत और प्रगतिशीलता हमारी पहचान है और यही विशेषताएं हमारे राष्ट्र के ताने बाने को और समृद्धि प्रदान करती है। गांधी ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम की हमारी बहनों और भाइयों को उनके राज्य दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं। पूर्वोत्तर भारत के ए रत्न अपनी समृद्ध विरासत और प्रगतिशील भावना के माध्यम से हमारे देश की विविधता में एकता को प्रदर्शित करते हैं। हमें मिलकर उनकी विशिष्ट पहचान की रक्षा करनी चाहिए और उसका जश्न मनाना चाहिए, जो हमारे राष्ट्र के ताने-बाने को समृद्ध करती है। वाड्रा ने अपने संदेश में कहा कि अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम के स्थापना दिवस पर दोनों प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। इन राज्यों का भरपूर प्राकृतिक सौंदर्य, अनोखी संस्कृतियां और परंपराएं हमारे देश की विविधता को समृद्ध करती हैं। इनकी रक्षा करना और इन्हें समृद्ध करना हम सबका कर्तव्य है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा। महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं। 21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# प्रस्तावित एडवोकेट अमेंडमेंट बिल का करेंगे विरोध

## वकीलों ने बनाई आंदोलन की रणनीति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** प्रस्तावित एडवोकेट अमेंडमेंट बिल 2025 को लेकर जिले के अधिवक्ताओं आक्रोश व्याप्त है। जिले के अधिवक्ता प्रस्तावित बिल के विरोध में आंदोलन करेंगे। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में डीएम को ज्ञापन दिया जाएगा।

बार एसोसिएशन जनपद अमरोहा के अध्यक्ष सलीम खान एडवोकेट ने बताया कि अधिवक्ता अधिनियम 1961 में कुछ संशोधन प्रस्तावित किया गया है। सन्दर्भित संशोधन अधिवक्ता समाज के स्वतंत्रता का हनन है। प्रस्तावित संशोधन के माध्यम से अधिवक्ताओं के आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है एवं तमाम अधिवक्ताओं के सम्मान विरोध कार्य बिल में प्रस्तावित है, जिससे अधिवक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने बताया कि इस बिल को लेकर 21 फरवरी को काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शित करते हुए अधिवक्ता कलेक्ट्रेट में डीएम को ज्ञापन सौंपेगे। 25 फरवरी को अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहते हुए सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक ट्रेजरी व रजिस्ट्री कार्यालय का घेराव करेंगे तथा किसी भी डीड राइटर को बैनामा करने की अनुमति नहीं देंगे। कहा कि बिल में जो संशोधन लाए जा रहे हैं, वे वकील समुदाय के हित में नहीं हैं।



हसनपुर। खाटू श्याम बाबा संकीर्तन में जय जयकार करते श्रद्धालु।

# खाटू श्याम के भजन कीर्तन में झूमे श्रद्धालु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** श्याम भक्तों द्वारा बुधवार की रात तहसील क्षेत्र के गांव करनपुर माफी निवासी मोहित गहलोत के आवास पर खाटू श्याम बाबा के संकीर्तन का आयोजन किया गया। इसमें बाहर से आये भजन गायकों ने भजनों की ऐसी रसधार बहाई की श्रद्धालु पूरी रात झूमते रहे। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। संकीर्तन के दौरान भक्त खाटू श्याम की जय, तीन बाणधारी की जय, हारे के सहारे की जय के जयकारे लगाते रहे। संकीर्तन में सर्वप्रथम श्री खाटू श्याम बाबा की प्रतिमा के सम्मुख मोहित गहलोत एवं उनकी धर्मपत्नी ने अखंड ज्योति प्रज्वलित की गई। पंडित देवेंद्र शर्मा के द्वारा पूजन कराया गया।संकीर्तन में बाहर से आये नेहा कश्यप एवं दीपक यशिका शर्मा सहित अन्य कलाकारों ने अपनी मधुरवाणी से भजन गायकों ने लेने आजा खाटू वाले रींगस के उस मोड़ पर, तू किरपा कर बाबा कीर्तन करवाउंगा, एक के बाद एक बाबा खाटू श्याम के भजनों से गुणगान कर श्रद्धालुओं को मंत्र मुग्ध किया। पूरी रात श्रद्धालु बाबा खाटू श्याम के भजनों पर झूमते गाते रहे। वातावरण श्याम मय हो गया। संकीर्तन की समाप्ति पर सभी भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान मोहित गहलोत, काशवी गहलोत,आशु चौहान, संदीप अग्रवाल, अशोक रस्तोगी, शैंकी अग्रवाल, गौरव, पराग, सुनील चौहान सहित काफी संख्या में बाबा के भक्त मौजूद रहे।

# दरगाह पर चादरपोशी करके मांगी दुआएं



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव लिसड़ई बुजुर्ग स्थित हजरत सैयद मुस्तफा मियां की दरगाह शरीफ पर चादर पेशी की गई और दुआएं मांगी गई। यहां के खादिम कामिल खान ने बताया कि यह दरगाह बहुत पुरानी है। यहां पर दुआएं मांगने पर दुआएं पूरी होती हैं। यहां पर न केवल अमरोहा बल्कि दूर दराज के लोग भी आकर दुआएं मांगते हैं। बृहस्पतिवार को यहां पर अकीदतमंदो ने देश की एकता व अखंडता के लिये दुआएं मांगी गईं। चादरपोशी करने वालों में हजरत अशफाक खान, असलम खान, सलमान खान, हनीफ खान, सिराजुद्दीन, अलीमुद्दीन, अमर सिंह मिस्त्री, हनीफ, दीपक मिस्त्री, बबलू मिस्त्री आदि मौजूद रहे।

# एनएसएस से होता है छात्रों का व्यक्तिगत निर्माण

## भगीरथी देवी डिग्री कालेज में सात दिवसीय शिविर का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** छात्र जीवन में व्यक्तित्व के निर्माण के लिए विद्यार्थियों में रचनात्मक कौशल होना जरूरी है। राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविरों में सहभागिता करने से व्यक्तित्व में निखार आता है। ये बाते भागीरथी देवी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अभय कुमार ने एनएसएस शिविर के समापन के दौरान कही।



गुरुवार को भागीरथी देवी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय शिविर के समापन पर आनंद धाम आश्रम में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विजय अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का प्रारंभ गणेश वंदना से हुआ। कु दिष्ठा ने मां को सर्वश्रेष्ठ व प्रथम गुरु मानते हुए कविता सुनाई. कु0 सानिया ने पर्यावरण पर विचार रखें. नशा मुक्ति पर जोड़ देते हुए कुमारी रोशनी, पल्लवी व साक्षी रस्तोगी ने नशा सबसे बड़ी सजा पर लघु नाटिका का मंचन किया। रिया कटारिया ने शिव व रिया त्यागी ने मां पार्वती का रूप धारण नृत्य किया तो सभी मंत्र मुक्त हो गए। गोरा अग्रवाल ने आयो रे शुभ दिन आयो रे पर नृत्य करके अच्छी प्रस्तुति दी. हर्षिता ने भी सुंदर गीत प्रस्तुत किये। करुण्या, भूमिका व रिया ने मंच का संचालन किया। कार्यक्रम अधिकारी ममता अग्रवाल ने कहा कि एनएसएस के शिविर भविष्य निर्माण में सहायक होते हैं। स्वयंसेवियों को इस शिविर में मिलने वाला ज्ञान अपने साथियों के साथ साझा करना चाहिए। कहा नि:स्वार्थ भाव से की गई सेवा ही सच्ची मानव सेवा है। इस अवसर पर विजय अग्रवाल, जयभगवान मित्तल, रविंद्र अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल, अभय कुमार, ममता अग्रवाल, अनिल सिरोही, अवनीश कुमार, संजीव कुमार, देवांग शर्मा, सुधारानी, रश्मि चतुर्वेदी, प्रतिभा सारस्वत,चारु वशिष्ठ, जीशान, सुनील सैनी, ललित कुमार, रुद्र, मनोज, काकुल, पालक आदि मौजूद रहे।

# दिल्ली में रेखा गुप्ता के सीएम बनने पर खुशी जताई



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** दिल्ली में भाजपा सरकार द्वारा मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को बनाए जाने पर वैश्य समाज व व्यापारियों ने आतिशबाजी छोड़कर व मिष्ठान वितरण करके अपनी खुशी का इजहार किया। अग्रवाल सभा व सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेन्द्र बंसल ने केंद्र सरकार व भाजपा नेतृत्व का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने वैश्य समाज को सम्मान देकर दिल्ली का दायित्व वैश्य शिरोमणि रेखा गुप्ता को दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से युवा व्यापारी नवीन गर्ग, गजरौला भाजपा मंडलाध्यक्ष सुनील गुप्ता, विनीत बंसल, विपिन कुमार, अमित कुमार, दीपक कुमार, एड. मनमोहन सेन, पंडित दयानंद शर्मा, संदीप अग्रवाल, डॉ.शिवम गुप्ता इत्यादि मौजूद रहे।

# शिक्षक को सम्मानित किया



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज सेवा समिति हसनपुर द्वारा जयंती में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे एवं शिक्षा व सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने को लेकर अखिल भारतीय अम्बेडकर युवक संघ के अध्यक्ष रामवीर सिंह को शील्ड भेंटकर सम्मानित किया गया। समिति के अध्यक्ष फतेहचंद ने बताया कि इनके द्वारा सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया जाता है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी संत शिरोमणि रविदास जयंती में इनका योगदान सराहनीय रहा है। उन्होंने बताया कि सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने वालों को आगे भी सम्मानित किया जाता रहेगा। इस अवसर पर समिति के संस्थापक धर्मवीर पंडित जी,अध्यक्ष फतेहचंद, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार,उपाध्यक्ष ओमकार,परवीन सिंह आदि समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कालाबाजारी को बढ़ावा दे रहे पूर्ति निरीक्षक

## भाकियू की पंचायत में उठा मुद्दा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन असली की मासिक बैठक मंडी समिति परिसर में आयोजित की गई। बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग की गई।

गुरुवार को बैठक को संबोधित करते हुए मंडल महासचिव चौधरी परम सिंह ने कहा कि गन्ने का न्यूनतम मूल्य साढ़े चार सौ रुपए होना चाहिये। गांव बेगपुर मुंडा से हसनपुर मार्ग पर नहर विभाग द्वारा राजा नांगल में बनाई गई पुलिया अधूरी पड़ी है। जिससे कई मौतें भी हो चुकी हैं। इसे तत्काल ठीक कराया जाये। तहसील अध्यक्ष चौधरी समरपाल सिंह ने कड़े शब्दों में बताया कि सप्लाई इंस्पेक्टर हसनपुर अपने कर्तव्यों का सही इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं। अगर शीघ्र व्यवस्था में और कार्य करने में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन किया जायेगा। बैठक में शीघ्र छुट्टा पशुओं का समाधान करने की भी मांग की गई। बैठक की अध्यक्षता चेतराम सिंह तथा संचालन गोवर्धन द्वारा किया गया। इस दौरान बैठक में चौधरी समरपाल सिंह, मोहम्मद उमर, थान सिंह, चौधरी परम सिंह,शराफत अली,गंगासरन आदि किसान मौजूद रहें।

# भांजे के साथ फरार हुई महिला

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** एक महिला अपने भांजे के साथ फरार हो गई। घटना 03 फरवरी को हुई थी। पति की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। रिपोर्ट में यह भी आरोप है कि महिला घर में रखे 40 हजार की नकदी, सोने व चांदी के आभूषण भी चोरी करके ले गई है। थाना क्षेत्र के गांव पपसरा खादर निवासी एक ग्रामीण की पत्नी 03 फरवरी को घर से गायब हो गई। उसने घर आकर बच्चों से पूछा तो बताया कि वह घर से कूड़ा डालने के लिये कहकर गईं थीं मगर वापस नहीं आई। जिसके बाद उसने ग्रामीणों से पूछा तो पता चला कि उसे उसका भांजा अपने साथ लेकर गया है। ग्रामीण ने आरोपी भांजे सैद निवासी खागोई थाना सिम्भावली के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया है।

### आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

### ई-रिक्शा चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** पुलिस ने ई-रिक्शा चोरी की रिपोर्ट दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार हसनपुर निवासी रहीश पुत्र अजीज अहमद 17 फरवरी को गजरौला में यात्री को छोड़ने आया था। यात्री को छोड़कर रिक्शा सड़क किनारे खड़ा करके वह लघुशंका करने चला गया, इसी बीच उसकी ई-रिक्शा को चोरों ने चोरी कर लिया। ई-रिक्शा चालक की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# दिल्ली में भाजपा सरकार बनने पर बांटी मिठाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** दिल्ली में रेखा गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा सरकार का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न होने पर नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया गया।

गुरुवार को नगर के बाईपास मार्ग स्थित ग्रीन सिटी कॉलोनी में पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष कालू उर्फ राकेश बंसल के आवास पर कार्यकर्ताओं की एक बैठक का आयोजन किया गया। दिल्ली में भाजपा सरकार का गठन होने पर मिठाई का वितरण करना था। पूर्व चेयरमैन कालू उर्फ राकेश बंसल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली की जनता ने विकास की राह को चुना है और पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बनाई है।लगभग 26 साल से दिल्ली की जनता का अन्य राजनीतिक दलों की सरकारों द्वारा उत्पीड़न किया जा रहा था। अब दिल्ली में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में विकास की गंगा बहेगी। दिल्ली में भाजपा की सरकार बनना इस बात को सिद्ध करता है कि अब देश की जनता विकास के नाम पर वोट देता है। इस मौके पर महेश चंद्र मोर्य, धर्मेन्द्र रस्तौगी, भारत शर्मा, प्रशान्त शर्मा, भरतलाल प्रजापति, टेकचन्द चौहान, पूर्व चेयरमैन हरिसिंह सैनी, मुन्ना लाल प्रजापति; शादाब, गुड्डू सिंह जाटव, समरपाल जाटव, चरनसिंह खड्गवंशी, बब्लू,सुरेन्द्र सैनी, इमरान आदि मौजूद रहे।

# कब्रिस्तान की भूमि पर रास्ता बनाने का आरोप

## जिलाधिकारी से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** तहसील क्षेत्र के गांव फतेह एमन के ग्रामीण जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर ग्राम प्रधान पर कब्रिस्तान की भूमि में नियम विरुद्ध तरीके से रास्ता बनाने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने डीएमसी निर्माण कार्य को रोके जाने की मांग की। डीएम को दी शिकायत में शिकायतकर्ता बाबू राहत अली इंद्राज इस्माइल यूनुस जमील ने कहा कि ग्राम प्रधान नियम विरुद्ध तरीके से कब्रिस्तान के बीच से रास्ता निर्माण कार्य कर रहा है जबकि कब्रिस्तान की भूमि में राजस्व अभिलेखों में कोई रास्ता दर्ज नहीं है। शिकायतकर्ता जब इसका विरोध करते हैं तो ग्राम प्रधान गालियां देते हुए धमकी देता है। शिकायतकर्ताओं ने डीएम को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की। ग्रामीणों की शिकायत पर डीएम ने एसडीएम को निर्देश दिए है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए निस्तारण कराए।

# सफाई के प्रति जागरूक किया



**जोया।** चेयरमैन जुबैर अहमद ने कहा कि स्वास्थ्य के लिए बेहतर सफाई जरूरी है। नगर पंचायत कार्यालय सभागार में स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारी के संबंध में कर्मचारियों की जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गयी। जिसमें चेयरमैन जुबैर अहमद ने कहा कि अगर हम अपने घर व आसपास सफाई रखेंगे तो बीमारियां हमारे पास नहीं फटकेंगी। डीपीएम नदीम अख्तर ने कहा कि सरकार का फोकस सफाई पर सबसे अधिक है। इसलिए कर्मचारी मन लगाकर कार्य करें। नगर की सड़कों, नालियों की प्रतिदिन सफाई करें। इस मौके पर ईओ विपिन कुमार सेंगर, मोहम्मद रफी, विजय प्रसाद शर्मा, नोमान, मोबीन हसन व कर्मचारी मौजूद रहे।

# शादी के बीस दिन बाद प्रेमी के साथ फरार

## 25 जनवरी को हुई थी शादी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली।** विवाहिता प्रेमी के साथ लापता हो गयी। पिता ने दो लोगों के खिलाफ बहला फुसलाकर बेटी को भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज करायी है।

विवाहिता की शादी 25 जनवरी को सामूहिक विवाह कार्यक्रम में थाना मैनाठेर के एक गांव निवासी से हुई थी। जबकि विवाहिता का गांव के ही एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। विवाहिता 15 फरवरी को अपवने प्रेमी के साथ फरार हो गयी। पीड़िता के पिता ने बेटी की काफी तलाश की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। जब पिता ने आरोपी युवक के ताऊ से इस बारे में शिकायत की, तो उन्होंने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा के अनुसार, आरोपी भोले सिंह पुत्र जगत सिंह और चंद्रभान पुत्र मुरारी निवासी पण्डकी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कालेज की तीन छात्राएं सम्मानित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल पुरस्कार से सम्मानित तीन छात्राओं को कालेज पहुंचने पर स्वागत किया गया। बताते चलें कि चौधरी बिहारी सिंह त्यागी कन्या इंटर कालेज रहरा की तीन छात्राओं निधि कुमारी, अनामिका व पूजा को राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। आज कालेज पहुंचने पर इन तीनों छात्राओं को प्रधानाचार्य श्रीमति अनीता शर्मा, थानाध्यक्ष अल्का चौधरी व प्रबंधक ब्रहमदत्त त्यागी ने शील्ड देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर श्रीमति रेखा ठाकुर, शबाना सैफी व स्टाफ मौजूद रहा।

# हिंद एग्रीकल्चर एपीएल-7 के फाइनल में पहुंचा

## सेमीफाइनल में मसूद क्लब को 18 रनों से हराया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** एपीएल-7 के पहले सेमीफाइनल में हिंद एग्रीकल्चर ने शानदार जीत दर्ज की।




अब्बासी क्रिकेट एकेडमी में पहला सेमीफाइल मैच हिंद एग्रीकल्चर और मोनू मसूद के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए हिंद एग्रीकल्चर की टीम ने बीस ओवर में 168 रन बनाये। टीम की ओर से अमन नवाब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 65 रनों की अहम पारी खेली। शाकिर ने 25 रन का योगदान दिया। हर्ष ने अन्तिम क्षणों में दस गेंदों पर तीन छक्कों व एक चौके की मद्द से 26 रन बनाये। विशाल, नवाज, अनुज रेडी ने तीन-तीन विकेट हासिल किये। मोनू मसूद क्लब की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 150 रन पर ही आलआउट हो गयी। वाजिद अली ने तीन व अमन नवाब ने दो विकेट हासिल किये। हिंद क्रिकेट क्लब टीम ने 18 रन से सेमीफाइनल मुकाबला जीत लिया। हिंद एग्रीकल्चर के अमन नवाब के शानदार प्रदर्शन करने पर उन्हें मैन आफ दि मैच चुना गया। इस अवसर पर असलम सिद्दीकी, निष्चल चौधरी, प्रशांत सिंह, अंजना अरोड़ा, तैयब सुल्तान, कसीम अशरफ, फैज उद्दीन, अदनान मसूर, फराज जैदी आदि मौजूद रहे।

# श्मशान की भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप

**मंडी धनौरा।** तहसील क्षेत्र के गांव नांदनौर माफी में शमशान की भूमि पर अवैध कब्जा कर उसे पर समरसेबल लगाने व खेती करने का आरोप लगा हैं। शिकायतकर्ता ने उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीण कमल किशोर का आरोप है कि गांव में गाटा संख्या 202 शमशान भूमि है जिस पर एक युवक ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है उसमें समरसेबल लगाकर खेती की जा रही है जिससे ग्राम समाज व सरकार को हानि हो रही है। शिकायतकर्ता ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। एसडीएम ने तहसीलदार व थानाध्यक्ष को जांच के निर्देश दिए है।

# बिना लाइसेंस के वाहनों में ढोया जा रहा मीट

## खाद्य विभाग ने नौ कुंतल मीट जब्त किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** मीट सप्लाई का खाद्य लाइसेंस नहीं मिलने पर सहायक आयुक्त खाद्य ने नौ कुंतल मीट को जब्त कर गड्ढे में दबवाया।

मुखबिर की सूचना पर गुरूवार की तड़के सहायक आयुक्त खादय विनय कुमार ने बम्बूगढ़ मार्ग पर पतखोई चौराहे पर एक वाहन को रोककर चैकिंग की। जिसमें नौ कुंतल मीट लदा था। चालक के पास मीट सप्लाई का लाइसेंस नहीं मिला। जबकि वाहन के भण्डारण भाग में अवशीतन प्रणाली चालू नहीं मिली। जिस पर खादय सुरक्षा विभाग की टीम ने मीट का नमूना लेकर प्रयोगशाला को भेज दिया तथा उन्होंने बताया कि अवशीतन प्रणाली चालू न होने के कारण मीट खराब होने की संभावना बनी रहती है। इस दौरान जेसीबी की मदद से एक गहरा गड्ढा खुदवाकर मीट को उसमें दबवा दिया गया।

# उद्योगों की समस्याओं का करें निस्तारण

**अमरोहा।** एडीएम न्यायिक मायाशंकर ने उद्योग बंधु समिति की बैठक में सभी समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता से करने के निर्देश दिये।

कलेकट्रेट सभागार में एडीएम न्यायिक ने आज उद्योग बंधु समिति की बैठक ली। जिसमें उन्होंने बिन्दुवार समीक्षा लेते निर्देश दिये कि उनकी जो भी समस्याएं हैं उनका प्राथमिकता से निस्तारण कराया जाये। बिजली की समस्या का जल्द निराकरण करायें। जिले में प्लेज पार्क योजना के अन्तर्गत एक प्रतिशत ब्याज दर पर पार्क के विकास हेतु धन उपलब्ध कराया जायेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रेमी युगल की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

**अंबेडकरनगर।** हंसवर थाना क्षेत्र के मूसेपुर गांव में एक ही गांव के प्रेमी युगल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, जिससे पूरे क्षेत्र में चर्चा का माहौल गर्म हो गया है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, मूसेपुर कला निवासी 24 वर्षीय राजन तिवारी (पुत्र आदित्य तिवारी) और 21 वर्षीय पूनम (पुत्री मिश्रीलाल) के बीच पिछले कई वर्षों से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। हालांकि, परिजनों को उनका यह रिश्ता मंजूर नहीं था। कई बार दोनों को परिजनों ने पकड़ कर समझाया और अलग रहने की चेतावनी दी। लेकिन प्रेमी युगल ने किसी की बात नहीं मानी।बताया जा रहा है कि गत दिनों दोनों ने परिजनों की मर्जी के खिलाफ मंदिर में विवाह कर लिया, जिससे उनके परिवार वाले बेहद नाराज हो गए।स्थानीय पुलिस और ग्रामीणों के अनुसार, बुधवार-गुरुवार की रात अचानक दोनों की तबीयत खराब हो गई। जब घरवालों को इसकी सूचना मिली, तो उन्हें पहले बसखारी अस्पताल और फिर जिला अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। परिजनों का दावा है कि दोनों ने ज़हरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली।घटना की सूचना मिलते ही हंसवर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।इस घटना के बाद से गांव में शोक और दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों में यह चर्चा जोरों पर है कि क्या यह आत्महत्या है या फिर कोई और साजिश? पुलिस इस पहलू पर भी जांच कर रही है कि परिवार के दबाव के चलते यह कदम उठाया गया या फिर यह कोई और मामला है।गांव में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश और गम का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि परिवार वाले इस रिश्ते को स्वीकार कर लेते, तो शायद यह दुखद घटना टल सकती थी। वहीं, पुलिस ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है और भरोसा दिलाया है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी।

# महिला अपराध में आई काफी कमी: सुरेश खन्ना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार के कार्यकाल में प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और महिला संबंधी अपराधों में गिरावट दर्ज की गई है।

श्री खन्ना ने गुरुवार को अपने बजट भाषण में कानून व्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश की ध्वस्त कानून व्यवस्था को योगी सरकार द्वारा जीरो टॉलरेंस नीति को अपनाते हुए अपराध और अपराधियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई कर कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने की कार्रवाई का उल्लेख किया, जिसे आज देश ही नहीं विदेशों में सराहना मिल रही है। उन्होने कहा कि वर्ष 2017 से दिसम्बर 2024 तक प्रदेश के चिन्हित 68 माफिया अपराधियों के विचाराधीन अभियोगों में प्रभावी पैरवी कर 73 अभियोगों में 31 माफिया अपराधियों को आजीवन कारावास/कारावास व अर्थदण्ड की सजा से दण्डित कराया गया है, जिसमें दो को फांसी की सजा हुई है। इसी तरह महिलाओं एवं नाबालिगों के खिलाफ हुए अपराधों में 27,425



अभियोगों, पॉस्को अधिनियम के 11,254 अभियोगों एवं दहेज हत्या की 3,775 अभियोगों में अभियुक्तों को सजा दिलायी गई। वहीं साइबर अपराध में प्रयुक्त 13,83,232 मोबाइल नम्बर ब्लॉक कराए गए। इस कार्यवाही में उत्तर प्रदेश ने पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा वर्ष 2017 से 2024 के अंत तक कुल पंजीकृत 77,210 अभियोगों के सापेक्ष में 66,475 अभियोगों का निस्तारण कर 43,202 अभियुक्त गणों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए 320.89 करोड़ की धनराशि बरामद की गई। अपराधों पर अंकुश लगाए जाने की प्रभावी कार्यवाही के तहत 20 मार्च 2017 से 23 जनवरी 2025 तक प्रदेश के विभिन्न जनपदों के दुर्दान्त अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही के दौरान कुल 221 अपराधी मुठभेड़ में मारे गए एवं 8022 घायल हुए।

वर्ष 2017 से पूर्व उत्तर प्रदेश में मात्र 4 विधि विज्ञान प्रयोगशालाएं स्थापित थीं। वहीं वर्ष 2017 के पश्चात 8 नये जनपद मण्डल में विधि विज्ञान प्रयोगशालाओं की स्थापना की गई। इसके अलावा अयोध्या, बस्ती, बांदा, आजमगढ़, मीरजापुर एवं सहारनपुर में 6 नई विधि विज्ञान प्रयोगशालाओं की स्थापना का कार्य प्रचलित है। प्रदेश की 74 कारागारों एवं जनपद न्यायालयों में संचालित वीडियो कान्फेलन्सग इकाईयों से बन्दियों की रिमाण्ड की कार्यवाही हो रही है। कारागारों की सुरक्षा व्यवस्था हेतु लगभग 4800 सीसीटीवी कैमरे स्थापित है, जिनकी फीड प्राप्त किये जाने हेतु मुख्यालय में वीडियो वॉल स्थापित है। इतना ही नहीं 24 कारागारों में 3 जी क्षमता के 271 मोबाइल फोन जैमर स्थापित किये गए हैं।

# चंद पूंजीपतियों की चौखट तक रह गया बजट : जयसिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** प्रदेश सरकार द्वारा विधान सभा में पेश किए गए बजट के विरोध में प्रदर्शन करते हुए सपा नेता जयसिंह प्रताप यादव के नेतृत्व में झुनझुना बजाकर विरोध दर्ज कराया। यह बजट छात्र नवजवान किसान विरोधी है, साथ ही आम आदमी के हांथो में झुनझुना ही मिला है।

किसानों की समस्याओं पर सरकार का कोई ध्यान नही गया है।सरकार की गलत व जनविरोधी नीतियों के कारण प्रदेश की जनता महंगाई व भ्रष्ट्राचार से त्रस्त है।सपा नेता ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा विधान सभा में लाया गया बजट पूंजीपतियों व चंद उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने वाला बजट है। खासकर युवा व शिक्षित बेरोजगारों को लेकर कोई उपाय न होने से युवा निराश हैं। शिक्षा चिकित्सा व रोजगार के मामले प्रदेश लगातार पिछड़ता जा रहा है।सपा नेता जयसिंह प्रताप यादव ने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश होने के बाद भी किसानों की समस्या खाद बीज पानी व बिजली के साथ ही



आवारा पशुओं की समस्या के निदान के लिए भी कोई निर्णय नहीं लिया गया है। जिससे किसान हताश हो गए हैं यह बजट देश के चंद पूंजी पतियों के चौखट तक सिमित रह गया। इस मौके पर हिमांशु प्रजापति, कन्हैया लाल, राजाराम, सूरज सिंह, प्रांजल अभिषेक,सुमित कुमार, राहुल प्रजापति, डीके, मौजूद रहे।

# आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए डीएम व एसपी ने की बैठक

- त्योहारों को आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की
- परम्परागत तरीके से मनाएं त्योहार, न डालें कोई नई परम्परा: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी त्यौहारों महाशिवरात्रि, रमजान, होली व अन्य त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जनपद के अधिकारियों, विभिन्न संप्रदायों के धर्मगुरुओं, व्यापार मंडल के पदाधिकारियों व संभ्रांत नागरिकों के साथ पीस कमेटी की बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी आगामी



त्यौहारों को आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील किया। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व जनपद अमेठी में सभी त्योहारों को आप लोगों ने मिलजुल कर मनाया है कहीं पर भी किसी को कोई परेशानी नहीं हुई है आप सभी ने अमेठी में गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल को कायम रखा है इसी प्रकार अब आने वाले सभी त्योहारों को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं, सोशल मीडिया पर अफवाहों को फैलने/फैलाने से रोकें तथा कोई भी चीज को बगैर समझे शेयर ना करें, कोई भी ऐसा ख्रत ना करें जिससे किसी भी समुदाय की आस्था को ठेस पहुंचे, सभी त्योहारों को परंपरागत तरीके से ही मनाएं, कोई नई परंपरा ना डालें। त्योहारों के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ जनपद के लोगों की भी जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि वह अपने आसपास के लोगों को आपसी भाईचारे के साथ-साथ सौहार्दपूर्ण माहौल में त्यौहार मनाने के लिए प्रेरणा दें। उन्होंने कहा कि होली में रंग लगाने के दौरान व्यक्तियों की धार्मिक मान्यता और इच्छाओं का भी ध्यान रखें, त्योहारों में मूलभूत सुविधाओं के ख्रष्टिगत बिजली की व्यवस्था हेतु अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देश दिए कि त्योहारों के दौरान कहीं पर भी बिजली की कटौती न की जाए, तथा जुलूस व होलिका दहन वाले स्थानों पर ढीले तार आदि ना हो इसका निरीक्षण कर कार्यवाही करें, अधिशासी अभियंता लोनिवि को जूलुस व मंदिरों तक जाने वाली सड़कों को ठीक कराने के निर्देश दिए। ग्रामीण क्षेत्रों में शिवालयों, मंदिरों एवं अन्य स्थानों की साफ सफाई के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी को तथा शहरी क्षेत्रों में अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को महाशिवरात्रि पर्व के ख्रष्टिगत सभी मंदिरों के आसपास एम्बुलेंस, डॉक्टरों की टीम तथा सीएचसी, पीएससी में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता, डॉक्टरों की उपस्थिति आदि सुनिश्चित करने को कहा। इसके अतिरिक्त खाद्य सुरक्षा विभाग को त्योहारों के ख्रष्टिगत मिलावटी खाद्य पदार्थ को लेकर दुकानों व प्रतिष्ठानों पर अभियान चलाकर छापेमारी करने के निर्देश दिए। आबकारी अधिकारी को जनपद में कहीं पर भी अवैध शराब का निर्माण, संचयन व बिक्री के विरुद्ध कार्यवाही करने को कहा। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित लोगों से आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील किया। उन्होंने कहा कि कोई भी सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरों का दुष्प्रचार नहीं करेगा और ना ही कोई अफवाह फैलाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व की भांति आप सभी लोग आपस में मिलजुल कर त्योहारों को मनाएं। उन्होंने कहा कि त्योहारों में माहौल बिगाड़ने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# कांग्रेस सांसद के खिलाफ एक और केस दर्ज

- दुष्कर्म मामले में जेल में बंद , पीड़िता को धमकाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** यूपी के सीतापुर में दुष्कर्म के मामले में जिला जेल में बंद सांसद राकेश राठौर की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। शहर कोतवाली पुलिस ने पीड़िता के पति की तहरीर पर सांसद एवं उनकी एक सहयोगी पर धमकाने का एक और मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक को दी तहरीर में पीड़िता के पति ने बताया कि उनकी पत्नी ने 17 जनवरी को कांग्रेस सांसद राकेश राठौर पर दुष्कर्म का केस दर्ज कराया है। इसकी विवेचना प्रचलित है। विपक्षी राकेश राठौर जेल में निरुद्ध है। विपक्षी राकेश दबंग किस्म का प्रभावशाली व्यक्ति है, जो कि लगातार प्रार्थी व उसकी पत्नी पीड़िता पर उक्त मुकदमे में सुलह करने के लिए धमकियां दिला रहा है। बताया कि पांच फरवरी को समय



करीब 2.30 बजे विपक्षी ने एक महिला रेशमा खातून को प्रार्थी के घर भेजकर प्रार्थी व उसकी पत्नी पीड़िता को जान से मारने की धमकी दिलाई है। विपक्षी द्वारा यह संदेश भी भेजा गया कि सुलह नहीं करने पर तुम लोगों का हाल भी उन्नाव रेप पीड़िता जैसा ही होगा। प्रार्थी व उसका परिवार अत्यंत डरा व सहमा है। पुलिस केस दर्ज करके जांच कर रही है। वहीं हाईकोर्ट में बृहस्पतिवार को नियमित जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। इसमें सुनवाई की अगली तारीख 24 फरवरी दी गई है।

# सैनिक स्कूल अमेठी में प्रतिष्ठित अंतर-हाउस ड्रिल प्रतियोगिता आयोजित की गई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** सैनिक स्कूल अमेठी में 19 फरवरी, 2025 को अंतर-हाउस ड्रिल प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, जिसमें उसके कैडेटों के अनुशासन, समन्वय और सटीकता का प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में चार हाउसों- कोहिमा, नौशेरा, जोजिला और हाजीपीर ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और 17 कठोर निर्णायक मापदंडों पर प्रतिस्पर्धा की। इस कार्यक्रम में विंग कमांडर अखिलेश पांडे (सेवानिवृत्त) ने भी भाग लिया, जिन्होंने कैडेटों की समर्पण और टीम वर्क की सराहना की।

प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों ने समन्वयपूर्ण चाल, त्रुटिहीन अनुशासन और उच्च स्तरीय प्रदर्शन किया। एक गहन और करीबी मुकाबले के बाद, ज़ोजिला सदन चौंपियन बनकर उभरा, जिसने प्रथम स्थान प्राप्त किया, उसके बाद नौशेरा दूसरे स्थान पर रहा।

प्रतिस्पर्धात्मक भावना को जोड़ते हुए, प्रत्येक सदन से दो कैडेटों ने सर्वश्रेष्ठ ड्रिलर के खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा की। उनमें से कैडेट निर्मल यादव ने ड्रिल की सटीकता के असाधारण प्रदर्शन के साथ सबसे अलग खड़े हुए और उन्हें सर्वश्रेष्ठ ड्रिल परफॉर्मर (लड़कों) का खिताब दिया गया,



लड़कियों में कैडेट श्रेया यादव सर्वश्रेष्ठ ड्रिल परफॉर्मर रहीं। कैडेट पर्व सिद्धू को सर्वश्रेष्ठ ड्रिल कमांडर के रूप में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए विंग कमांडर अखिलेश पांडे (सेवानिवृत्त) ने कैडेटों के प्रयासों की प्रशंसा की और अनुशासन और नेतृत्व को बढ़ावा देने में ड्रिल प्रशिक्षण के महत्व पर जोर दिया। स्कूल प्रशासन ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और कैडेट प्रशिक्षण में उत्दृष्टता को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। सैनिक स्कूल अमेठी ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन करके उत्दृष्टता की अपनी विरासत को कायम रखता है तथा अपने कैडेटों में अनुशासन, टीम वर्क और दृढ़ता के मूल्यों को सुदृढ़ करता है।

### सम्मनपुर थाना क्षेत्र में युवक पर रात में चाकू से हमला

**अम्बेडकर नगर।** जिले के सम्मनपुर थाना क्षेत्र के खानूपुर हजपुरा में एक युवक पर चाकू व राड से जानलेवा हमला होने की घटना पूरे क्षेत्र मे सनसनी फैल गई है। पीड़ित मंसाराम निवासी ग्राम ताजूपुर हजपुरा अम्बेडकर नगर ने थाना सम्मनपुर में शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। मंसाराम ने बताया की उनके घर से कुछ दूरी पर दूसरा मकान है जहां पर उनका पुत्र शिवम यादव सोया हुआ था रात्रि लगभग ढाई बजे दीपचंद यादव पुत्र जगदीश यादव निवासी ग्राम खानूपुर अपने साथ तीन अज्ञात व्यक्ति के साथ पुत्र शिवम के ऊपर रांड व चाकू से हमला कर शिवम को बुरी तरह से घायल कर दिया। घायल अवस्था में हल्ला गुहार से आसपास के लोग उठकर आए तो हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया।प्रार्थी का पुत्र घायल हो गया आनन-फानन में 112 नम्बर को सूचना दी गई। थाना अध्यक्ष सम्मनपुर जय प्रकाश सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है

# व्यापारियों ने उत्पीड़न का लगाया आरोप उपजिलाधिकारी को सौंपी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अम्बेडकर नगर।** उपजिलाधिकारी के नाम संबोधित तहरीर में व्यापारियों ने व्यापारी उत्पीड़न का आरोप लगाया। जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने तहरीर के माध्यम से बताया कि कुछ दिन पहले तहसील दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी को व्यापारियों की प्रमुख समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया था।

जिसमें मुख्य रूप से जीएसटी को लेकर बात हुई थी और जिलाधिकारी ने अश्वासन दिया था कि कैम्प लगाकर व्यापारियों की समस्याओं का निदान कराया जाएगा। उस समय विभाग के सभी प्रमुख अधिकारी मौजूद थे लेकिन आज गुरुवार की दोपहर में बसखारी रोड पर आर सी के नाम पर व्यापारियों को वसूली को लेकर परेशान किया जा रहा था। व्यापारी गण के दूरभाष की सूचना पर हम सब व्यापारी ने मठिया मंदिर रोड की तरफ से आ रही गाड़ी जिस पर राजेश सिंह नाम का व्यक्ति जो अपने को आमीन बता रहा था। वो प्रमुख फ़ाइलें हाथ में लिए थे। उनसे बात करने के लिए रोक तो बताया कि अपने उच्चाधिकारियों के बात का पालन कर रहे हैं।उसने बोला और गोल मटोल जवाब देने लगा। इस प्रकार से व्यापारियों को परेशान करना। हम सब के हित के खिलाफ और सरकार के मंशा के खिलाफ है। राजेश सिंह ने आरोप आप पर भी लगाया है कि अपने भेजा है। जिलाध्यक्ष आनंद जायसवाल,जिला उपाध्यक्ष देवेश मिश्र, जिला कोषाध्यक्ष सीताराम अग्रहरि, जिला महामंत्री आदित्य गोयल, व्यापार मंडल अध्यक्ष हरिओम सोनी, जिला मंत्री शंभु गुप्ता, सोनू गुप्ता, संतोष गुप्ता, सप्रिय गोयल, विनोद गुप्ता, सर्वेश जायसवाल, आत्माराम गुप्ता समेत मौजूद रहे। इससे पूर्व व्यापारियों से अधिकारियों से वार्ता के दौरान व्यापारियों ने व्यापारी एकता जिंदाबाद समेत की जमकर नारे बाजी किया। एसडीएम पवन जायसवाल ने आश्वासन दिया कि बैठक कर समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

### दर्जनों बाइक चोरियों का खुलासा करने में पुलिस नाकाम

**गौरीगंज अमेठी।** क्षेत्र में ताबडतोड हुई दर्जनो बाइक चोरियों का खुलासा करने मे पुलिस नाकाम साबित हो रही है जिसके चलते बाइक चोरो के हौंसले बुलंदी पर हैं पुलिस एफआईआर दर्ज करने के बाद मामले को ठंडे बस्ते मे डालकर मौन धारण किए हुए है । जगदीशपुर थानाक्षेत्र के अंतर्गत निवास करने वाले लोगो की नींद बाइक चोरो ने हराम कर रखा है रात दिन बाइक चोरो का गिरोह सक्रिय है और पुलिस महज एफआईआर दर्ज कर अपना पल्ला झाड लेती है वर्तमान कोतवाल की तैनाती के बाद हुई।

# विकास अभियान की प्रगति को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में मा.मुख्यमंत्री जी की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के प्रगति की संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं बैंकर्स के साथ गहन समीक्षा की।

बैठक में उपायुक्त उद्योग ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को गति प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान प्रारंभ किया गया है।योजना के अंतर्गत बेरोजगार युवाओं को 5 लाख तक की परियोजनाओं के लिए 4 वर्षों तक शत प्रतिशत ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाता है।इसके साथ ही परियोजना लागत का 10 प्रतिशत अनुदान भी दिया जाता है। जिले में योजना के तहत 700 लोगों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया था। जिसमें अब तक कुल 1930 युवाओं ने आवेदन किया। उपायुक्त उद्योग ने बताया बैंकों द्वारा अब तक 443 आवेदनों को स्वीख्रति प्रदान की गई है।आवेदन स्वीख्रति में जनपद प्रदेश में द्वितीय रैंक पर है।

स्वीख्रति पाने वाली फाइलों में से महज 132 लोगों को ही अब तक बैंक द्वारा ऋण दिया गया है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि जिन ब्रांचों पर आवेदन के सापेक्ष स्वीकृत/लंबित आवेदनों की प्रगति खराब है उन ब्रांचों पर विशेष ध्यान देने और उनकी नियमित समीक्षा करने हेतु एलडीएम को निर्देशित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने आवेदनों के स्वीख्रति के सापेक्ष ऋण वितरण के प्रगति की स्थिति खराब होने पर संबंधित विभागों एवं बैंकर्स को स्थिति में सुधार लाने के निर्देश दिए।

इसी के साथ ही उन्होंने जनपद के एक एक गांव तक योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करने,पंपलेट बंटवाने, लोगों को योजना की जानकारी देने तथा गांवों में कैंप लगाकर युवाओं को योजना के तहत सुगमता से ऋण उपलब्ध करने के निर्देश दिए।डीएम अविनाश सिंह ने कहा कि युवाओं के पास रोजगार खोलने का यह बहुत बड़ा अवसर है। उन्हें योजना का लाभ लेना चाहिए।

### किशोरी और युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर समाप्त की जीवनलीला

**अंबेडकर नगर।** यूपी के अंबेडकर नगर में किशोरी और युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना गांव में चर्चा का विषय बनी हुई है। गांववालों ने बताया कि दोनों के बीच तीन वर्ष से करीबी रिश्ते थे। किशोरी इंटर की छात्रा थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना हंसवर थाना क्षेत्र की है। बताया गया कि बुधवार देर शाम 17 वर्षीय किशोरी और राजन तिवारी उर्फ जनरायन तिवारी (24) ने अपने-अपने घर में रहकर जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन दोनों को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां किशोरी को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं राजन की हालत नाजुक देखते हुए लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। कोतवाल बीरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर नहीं मिली है। सूचना के आधार पर जांच की जा रही है।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस पर सपा प्रदेश अध्यक्ष का सपाइयों ने किया भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जगदीशपुर अमेठी।** विधान सभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के एक पदाधिकारी के घर वैवाहिक समारोह में लखनऊ से थौरी जाते समय रास्ते में सपाइयों ने समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल का फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया समाजवादी पार्टी अमेठी के युवजन सभा जिलाध्यक्ष जावेद खान ने सपा प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात करते हुए उनका फूलमालाओं से लाद कर संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा भेंट किया इनके साथ सपा जगदीशपुर विधानसभा अध्यक्ष सोनू अंसारी अनिल, राम उदित आदि ने बारी-बारी से प्रदेश अध्यक्ष का माल्यार्पण करते हुए उनका फूलमालाओं से स्वागत किया। इसके बाद सपा प्रदेश अध्यक्ष का काफिला सपा के पदाधिकारियों सहित वैवाहिक समारोह के लिए



रवाना हुआ बताया जाता है कि प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल समाजवादी पार्टी बृहस्पतिवार को अमेठी के विधानसभा क्षेत्र जगदीशपुर में सुनील शर्मा जिला सचिव समाजवादी पार्टी की बहन के शादी समारोह में (शुभारंभ मैरिज लॉन) अलीनगर निकट थौरी जनपद अमेठी में सम्मिलित हुए।

जहां उन्होंने वैवाहिक समारोह में शामिल होकर बर बधू को आशीर्वाद दिया इस मौके पर युवजन सभा जिलाध्यक्ष जावेद खान, जगदीशपुर विधानसभा अध्यक्ष सोनू अंसारी, सपा जिलाध्यक्ष राम उदित यादव, अनिल कुमार, ब्लाक अध्यक्ष लाल बहादुर यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सपा प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात किया। सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल वैवाहिक समारोह बर बधू को आशीर्वाद देने के बाद लखनऊ के लिए पुन: वापस हो गए। उनके साथ लखनऊ तक जावेद खान युवाजनसभा अध्यक्ष सपा और राम उदित यादव लखनऊ तक उन्हें भेजने गए।

# झोलाछाप डॉक्टर बिना किसी योग्यता के कर रहे इलाज, छापेमारी अभियान फेल

## नवादा क्षेत्र में अवैध अस्पतालों की भरमार, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी नहीं कर रहे हैं, कार्रवाई




**स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी नहीं कर रहे हैं कार्रवाई**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** डीएम के आदेश पर स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ अभियान चलाया था वह अब फेल होता नजर आ रहा है।

जिसमें टीम ने अभी तक झोलाछाप डॉक्टरों, निजी अस्पताल संचालकों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। शहरी, ग्रामीण क्षेत्र में हजारों की संख्या में निजी अस्पताल झोलाछाप डॉक्टर अपने-अपने अस्पताल धड़ल्ले से संचालन कर रहे है। स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों की मानें तो झोलाछाप के नोडल अधिकारी ने रिपोर्ट अब तक तीन निजी अस्पताल संचालकों पर विधिक कार्रवाई के आदेश किया है।

**ग्रामीण इलाके** के अलावा शहरी क्षेत्र में अवैध नर्सिंग होम और क्लीनिक की भरमार है। झोलाछाप नोडल अधिकारी डॉ.पवन कुमार ने बताया कि शिकायत के आधार पर दातागंज में दो इस्लामनगर में एक निजी अस्पताल संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। उसमें मेडिकल एक्ट के अलावा धोखाधड़ी का भी आरोपी बनाया गया है। सवाल उठता है कि जिलाधिकारी के आदेश के बावजूद भी झोलाछाप डॉक्टरों कार्रवाई नहीं हो रही है।

नवादा क्षेत्र में के अवैध अस्पताल कर रहे मरीजों की जान से खिलवाड़ सूत्रों के मुताबिक लगभग आधा दर्जन निजी अस्पतालों द्वारा मरीजों का उपचार किए जाने के मामले बढ़ते जा रहे हैं, जिससे मरीजों की जान को भी खतरा रहता है। यह डॉक्टर बिना किसी मेडिकल डिग्री या प्रमाण पत्र के गंभीर बीमारियों का इलाज कर रहे हैं।ढ

सबसे ज्यादा इनकी संख्या खेड़ा नवादा , मीरा सराय में है। कई मरीजों की बीमारी इनके इलाज के बाद गंभीर हो जाती है। ऐसे में कई बार उनकी जान पर भी बन आती है। तो उसे आनन फानन में रेफर कर दिया जाता है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि प्राइवेट बस के कंडक्टर निजी अस्पताल संचालक बने हुए है और मरीजों का इलाज कर रहे है जिन पर अभी तक स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

जबकि नियमानुसार मेडिकल एक्ट के अलावा झोलाछाप और निजी अस्पताल संचालक के खिलाफ धोखाधड़ी की भी कार्रवाई होनी चाहिए। पूर्व में बड़े स्तर पर अभियान तो चला मगर आर्थिक समझौते के चलते कार्रवाई औपचारिक मात्र रही है। सदर विधायक से मिलकर बीएएमएस डाक्टरों ने झोलाछाप टीम पर अवैध उगाई का आरोप लगाया था। जिसकी वजह से सीएमओ ने झोलाछाप टीम को तत्काल प्रभाव हटा दिया ।

झोलाछाप की नई टीम गठित होने के बाद भी झोलाछाप डॉक्टरों पर अभियान नहीं चला। जबकि जिलेभर में लगभग एक हजार से ज्यादा अवैध नर्सिंग होम और झोलाछाप क्लीनिक

# घर में घुसकर महिला के साथ रेप का किया प्रयास



महिला के विरोध करने पर मारपीट कर किया घायल ,आरोपियों को पुलिस ने मात्र शांति भंग की धारा मे की कार्रवाई ,पीडिता एक माह से अधिकारियों के दरवाजों के काट रही चक्कर न्याय न मिलने पर दबंग आरोपियों के डर से घर के दरवाजे में ताला डालकर बच्चों सहित कर गई गांव से पलायन।

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** सिलहरी थाना बिनावर क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक महिला ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि वीती 21 जनवरी को वह घर पर अकेली थी।

गांव के दबंग पुष्पेंद्र, फतेह खान, राकेश, नन्हे असलहो के बल पर घर की छत के सहारे घर में घुस आए और सामूहिक बलात्कार की नियत से उसे जमीन पर गिरा लिया जब उसने विरोध किया तो मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया शोर शराबा सुनकर मोहल्लेवासी मौके पर आ गए लेकिन आरोपी मौके पर घायल अवस्था में छोड़कर फरार हो गए मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस महिला को समझा बूझकर कार्रवाई का आश्वासन देखकर चली गई घटना की शिकायत उसने फोन द्वारा दिल्ली में मेहनत मजदूरी कर रहे हैं अपने पति को सूचना दी पति दिल्ली से घर पहुंचा जब वह पति के साथ थाने गई तो पुलिस ने उसका मेडिकल परीक्षण ना कर कर उसके पति का ही शांति भंग की धारा में चालान कर दिया मेडिकल परीक्षण के लिए उसने मजरूम चिट्ठी मांगी तो थाने से भाग दिया महिला ने किसी जनप्रतिनिधि से फोन कराया तो उसका मेडिकल परीक्षण कराया लेकिन दबंग आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने कोई करवाई महिला जब घर वापस गई तो दबंगो उसेघरस्ते में घेर जान से मारने की धमकी दी और आइंदा थाने पर शिकायत ना करने की हिदायत दी महिला ने बताया कि 8 दिन तक वह थाने के चक्कर काटती रही लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की फिर उसने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक समेत अन्य अधिकारियों के दरवाजो के चक्कर काटे लेकिन उसे न्याय नहीं मिला थक हार कर वह दबंगो के डर के कारण घर के दरवाजे में ताला डालकर बच्चों सहित गांव से पलायन कर गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार ने घटना के संबन्ध में महिला का मेडिकल परीक्षण कराया गया है आरोपियों के शांति शांति भंग की कार्रवाई की गई है महिला गांव छोडकर पहले से ही चली आई है।

# सहसवान में मार्ग की हालत इतनी खराब है की आम जनता का हाल बेहाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसवान।** हुमूपुर चमरपुरा, भवानीपुर खैरु, खल्ली नदायल होते हुए दहगवां को जो मार्ग जाता उसकी मरम्मत कराये जाने हेतु लोक निर्माण मंत्री को प्रार्थना पत्र भेजकर रोड बनवाए जाने की मांग प्रार्थना पत्र में मांग गई है कि सहसवान क्षेत्र के बैश्य बाड़ा को जाने वाले महत्वपूर्ण मार्ग की हालत इतनी खराब है कि आम जनता का हाल बेहाल है। सहसवान चार नंबर चौकी से हुमूपुरा चमरपुरा, भवानीपुर खैरु, भवानीपुर खल्ली, धोबई,नदायल से होकर जो मार्ग दहगवां को जाता है। उसकी इतनी जर्जर हालत है कि वाहनों का निकलना मुश्किल हो रहा है हुमूपुर चमरपुरा आबादी में रोड पर गहरे गड्ढे होकर उसमें पानी भर गया है, वाहनों के साथ साथ पैदल निकलने वाले लोगों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, आये दिन गड्ढों में वाहन फंसने की वजह से अक्सर हुमूपुर चमर पुरा गांव में जाम लग जाता है, जिससे आम जनता को बहुत सी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस मार्ग से बैश्यबाड़ा क्षेत्र की एक बड़ी आवादी का आवागमन के साथ अन्य क्षेत्र लोगों का भी आवागमन होता है। पूर्व प्रधान जरेठा लताफत हुसैन ने लोक निर्माण विभाग से निवेदन किया गया है कि उपरोक्त मार्ग को जल्द से जल्द सही कराने का कष्ट करने की कृपा करें।

# कांग्रेसियों ने किया सहसवान में संविधान बचाओ की पदयात्रा




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** प्रांतीय आवाह्न पर आज दिनांक 20 फरवरी 2025 को ब्लॉक सहसवान के ग्राम अहमदनगर असौली में संविधान बचाओ गोष्टी का कार्यक्रम युवा कांग्रेस के सहसवान के विधानसभा अध्यक्ष श्री हरवीर सिंह जी की चौपाल पर संपन्न हुआ गोष्टी के बाद गांव में एक संविधान बचाओ पदयात्रा निकाली गई। जिसमें कि ग्रामीणों ने बताया की पी डब्ल्यू डी की सड़क से और बृजपाल के घर तक ढाई सौ मीटर रास्ता ऐसी है कि जिसमें पैदल भी निकलना दुश्वार हो जाता है इस समस्या को सुनकर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओमकार सिंह ने ग्रामीणों का आश्वासन दिया कि कांग्रेस आपकी यह समस्या उठायेगी और एक दिन उप जिलाधिकारी बिल्सी को इस रास्ते को निर्माण करने के लिए धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया जाएगा ,गोष्ठी में उपस्थित कार्यकर्ताओं ग्रामीण जनों को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओमकार सिंह ने कहा कि आज इस सरकार में संविधान को लेकर हमें जागरूक रहना है क्योंकि इस संविधान के अंतर्गत ही हम अपने कर्तव्यों का पालन करते हैं और अपने अधिकारों का हक लेने के लिए सत्ता पक्ष से मांग करते हैं जैसे कि आपकी यह रास्ता शुलभ हो इसका निर्माण हो यह हक आपका है और सत्ता पक्ष को इसका निर्माण करना चाहिए ,आप अगर एक माचिस भी खरीदते हो उसे पर भी सरकार का टैक्स देकर अपने कर्तव्यों का पालन करते हो तो अपने जनजीवन की सामान्य सुविधाओं लेने का अधिकार भी बनता है। गोष्ठी में उपस्थित जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष राजवीर सिंह ने कहा कि हम युवाओं को आगे आना पड़ेगा जिससे कि हम संविधान की बातों को समझ सकें और आम जनता तक इसको पहुंचाएं ।गोष्ठी कार्यक्रम में ब्लॉक सहसवान के अध्यक्ष रामपाल सिंह यादव, अंबियापुर के ब्लॉक अध्यक्ष सोमवीर सिंह जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव अनुग्रह सिंह जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव अवधेश श्रीवास्तव ने भी गोष्टी को संबोधित करते हुए कहा कि हम संविधान को मानने वाले लोग हैं और कांग्रेस का जो सिद्धांत है वह भी भारत के संविधान से मिलता है हमे यह दायित्व लेना पड़ेगा कि हमारे संविधान की रक्षा होती रहे ।गोष्ठी कार्यक्रम में अरविंद ,मदन सिंह चरण सिंह ,हवलदार सिंह ,भीकम सिंह ,रक्षपाल सिंह ,प्रमोद यादव ,आवेश यादव, नितेश यादव, बंटू यादव, नन्हे यादव ,बादाम सिंह यादव, खलील अहमद, नसीम अहमद, जुबेर खान, फिरोज अहमद, प्रेमपाल सिंह रईस अहमद आदि कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# गौतम बुद्ध ने हमेशा समाज को मानवता का संदेश दिया: शाक्य



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** तहसील क्षेत्र के गांव रायपुर बुजुर्ग में चल रही बुध्द कथा में पंहुचे मौर्य-शाक्य महासभा के जिलाध्यक्ष रामेश्वर शाक्य ने कहा कि गौतम बुद्ध ने विश्व में शांति, प्रेम, दया, करुणा व मानवता का संदेश दिया। बुद्ध ने प्रकृति प्रेम और मानवता को सबसे ऊंचा स्थान दिया। आज की स्थिति देख बुद्ध का मार्ग ही एक ऐसा मार्ग है जो मानव में भाई चारा को स्थापित कर सकता है। बुद्ध के दिखाए अहिसा, शांति, करुणा, प्रेम के रास्ते पर चल कर ही मानव धर्म का पालन किया जा सकता है। उन्होनें कहा कि गौतम बुद्ध ने हमेशा करुणा और दया के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमें सभी जीवों के प्रति दया और करुणा रखनी चाहिए। हमें किसी भी जीव को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहिए। हमें अपने जीवन को समझने और ज्ञान प्राप्त करने के लिए प्रयास करना चाहिए। इससे पहले कथावाचक रीना शाक्य ने कहा कि गौतम बुद्ध के संदेश ने मानवता को एक नई दिशा दिखाई और लोगों को अपने जीवन को सुधारने के लिए प्रेरित किया। उनके संदेश का महत्व आज भी बना हुआ है ।


लोग उनके उपदेशों को अपने जीवन में लागू करने का प्रयास करते हैं। इस मौके पर हरिओम सैनी, गजेंद्र पाल चौहान, देवेंद्र गौतम, धर्मेंद्र शाक्य, सुनील पासी, मनोज कश्यप, केशव शाक्य, डा.बीपी मौर्य, प्रहलाद शाक्य, महेश पाल, मुकेश चंद्र मौर्य आदि मौजूद रहे।

# बिल्सी महाविद्यालय में संपन्न हुआ रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर

**टेंट पिचिंग में लक्ष्मीबाई, कमल तथा एपीजे अब्दुल कलाम टोली ने मारी बाजी।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चल रहे तीन दिवसीय रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का बृहस्पतिवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन हो गया। रोवर्स रेंजर्स ने परिसर में सुंदर तंबू बनाकर गुब्बारे, झालर से सजाया। तंबुओं निर्माण के साथ सभी गैजेट भी बनाए। बिना बर्तन के स्वादिष्ट भोजन भी तैयार किया। निर्णायक अतिथियों ने जिसका स्वाद लेकर प्रशंसा की।



प्राचार्य डा.पंकज कुमार सिंह ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि इस प्रशिक्षण से रोवर रेंजर्स में अवश्य ही बदलाव आएगा और वह विषम परिस्थितियों में सीमित संसाधनों में अच्छे से अच्छे कार्य कर सकेंगे। रोवर प्रभारी शाहबुद्दीन अली खान ने कहा कि रोवर रेंजर्स के सामने कोई भी कार्य असंभव नहीं है वे प्रत्येक स्थिति में अपने दायित्वों के प्रति जागरूक रहते हैं। रोवर्स रेंजर प्रशिक्षक मोहम्मद असरार ने प्रशिक्षण में ध्वज शिष्टाचार के बारे में विस्तार से समझाया तथा अभ्यास कराया। इसके अतिरिक्त रोवर रेंजर्स के इतिहास, टोली निर्माण, बाया हाथ मिलाना, सिटी के संकेत गांठ बंधन, भलाई का कार्य करने के साथ संगठन के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण दिया। टेंट पिचिंग में रानी लक्ष्मीबाई, कमल, तथा एपीजे अब्दुल कलाम टोली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इंदिरा गांधी, तथा भारत की बेटी टोली ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# मां काली मंदिर परिसर में हुआ भंडारे का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** सिलहरी मां काली मंदिर स्थापना दिवस के अवसर पर हवन यज्ञ के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया । गांव सिरसा रोड पानी टंकी मीरा जी के निकट मां काली मंदिर पर स्थापना दिवस के दौरान आयोजित कार्यक्रम हवन यज्ञ के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया भंडारे में श्रद्धालुओं ने भोजन रूपी प्रसाद ग्रहण कर मां काली दरवारी में माथा टेक कर मनौतियां मांगी इस मौके पर संयोजक पप्पू माथुर, डॉ अजय, अशोक कुमार ,दाताराम, सुरेश राजेश मौजूद रहे।

## एक नजर

# सीडीओ की अध्यक्षता में हुआ किसान दिवस का आयोजन

**बदायूं।** मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। उप कृषि निदेशक ने फार्मर रजिस्ट्री के बारे में बताया कि 31 मार्च 2025 तक कृषक फार्मर रजिस्ट्री अपने नजदीकी जनसेवा केन्द्र से करा सकते है, जो कृषक फार्मर रजिस्ट्री नहीं करायेगें उन्हें पी0एम0 किसान सम्मान निधि योजना एवं अन्य योजनाओं का लाभ नही मिलेगा। अमरीश पटेल निवासी ग्राम आमगॉव, द्वारा गन्ना के भुगतान की जानकारी चाही जिस सम्बन्ध में सहायक गन्ना समिति सचिव द्वारा बताया गया कि यदु शुगर मिल बिसौली द्वारा 4 दिसम्बर एवं शेखूपुर चीनी मिल द्वारा 28 दिसम्बर 2025 तक का भुगतान कर दिया गया है आगे का गन्ना भुगतान नियामानुसार किया जा रहा है। भारतीय किसान यूनियन मण्डल सचिव बदन सिंह ग्राम उतरना द्वारा उर्वरक के सम्बन्ध में यह जानकारी चाही गई यदि कोई कृषक। भाई एक बैग खाद खरीदता है तो केन्द्र प्रभारी द्वारा खतौनी मॉगी जाती है जिसपर जिला कृषि अधिकारी द्वारा बताया कि एक बैग पर कृषक भाई अपनी कृषि भूमि खतौनी का गाटा संख्या बताकर खाद खरीद सकते है जनपद के सभी खाद विक्रेताओं को इस सम्बन्ध में सूचित कर दिया गया है जिला कृषि अधिकारी द्वारा कृषकों को यह भी बताया गया कि जनपद के समस्त राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर मक्का का बीज उपलब्ध है जो किसान भाई मक्का का बीज लेना चहाते है वह पूरे मूल्य पर खरीद सकते है मक्का संकर प्रजाति मूल्य का 50 प्रतिशत अनुदान कृषकों के बैक खाते में हस्तांतरित कर दिया जायेगा, अन्य अधिकारियों द्वारा भी कृषकों को जानकारी उपलब्ध करायी गई। मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा किसान दिवस में उपस्थित समस्त अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु आदेशित किया। इस अवसर पर बैक, कृषि, ऊर्जा, सिंचाई, मत्स्य, नलकूप, गन्ना एवं उद्यान सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# शादी से वापस आ रही बस अनियंत्रित होकर के खाई में पलटी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उसहैत ।** अटैना पुल के पास अटैना मोड़ पर एक बस पलट गई है उक्त सूचना पर मौके पर मैं थाना अध्यक्ष मय पुलिस फोर्स के आया हूं जहां पर हेम प्रकाश मौर्य पुत्र प्रेमदास मौर्य निवासी ग्राम बांसबोझ थाना बहेड़ी जनपद बरेली मौके पर मौजूद मिले हैं जिनसे वार्ता की गई तो बताया कि 19फरवरी 2025 को अपने पुत्र आशीष कुमार की शादी हेतु ।

बस द्वारा बारात लेकर के ग्राम इजौर थाना कायमगंज जिला फर्रुखाबाद में सुरेंद्र सिंह मौर्य की पुत्री मानसी मौर्य के साथ शादी करने गया था 20फरवरी 2025 को शादी से वापस आ रहा था तभी अटैना मोड़ पर बस अनियंत्रित होकर के खाई में पलट गई थी बस का ड्राइवर मौके से भाग गया है उक्त घटना में लगभग छह लोगों को हल्की चोटें आई हैं जिनको एंबुलेंस के द्वारा दवा इलाज हेतु जिला अस्पताल बदायूं भेजा गया है बस स्वामी को सूचना कर दी गई है और बस को खाई से निकलवाने का इंतजाम किया जा रहा है रोड पर वाहनों का आवागमन सुचारू रूप से चल रहे हैं मौके पर शांति व्यवस्था कायम है मौके पर थाना फोर्स मौजूद हैं थाना अध्यक्ष उसहैत जनपद बदायूं।

# अधिवक्ता विपेंद्र कुमार सक्सेना का निधन, नहीं हुआ न्यायिक कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** सिविल बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता विपेंद्र कुमार सक्सेना का लगभग 65 वर्ष की आयु में निधन हो गया। जिस कारण सिविल वार के अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से विरत रहे, और मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। तहसील क्षेत्र के गांव निजामुद्दीनपुर शाह निवासी अधिवक्ता विपेंद्र सक्सेना पिछले कुछ वर्षों से बदायू में निवास कर वकालत करने आते थे। उनके दो अधिवक्ता पुत्र एड. कौशल सक्सेना, एड. चमन सक्सेना एवं पुत्रवधू शालिनी सक्सेना भी अधिवक्ता है। बीती रात अचानक उनका बीपी लो हो गया और मौत हो गई। जबकि कल कचहरी आकर अपना कार्य भी किया था। बुधवार को उनके निधन की खबर मिलते हीं अधिवक्ताओं ने दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर न्यायिक कार्य से विरत रहे।

# राधा कृष्ण मंदिर परिसर में चल रही श्री मद्‌भागवत कथा



**संवाददाता शाह टाइम्स**

**उघैती।** गांव लोथर में स्थित राधा कृष्ण मंदिर परिसर में चल रही श्री मद्‌भागवत कथा में 9 वें दिन कथावाचक पं. मुनीश नारायण शास्त्री जी ने राधा रानी जी के जन्म का वर्णन किया।

कथावाचक जी ने बताया भाद्र महीने के शुक्लपक्ष की अष्टमी तिथि है। इस तिथि को राधा आष्टमी के नाम से भी जाना जाता है क्योंकि द्वापर युग में इसी पावन तिथि पर देवी राधा का प्राकट्य पृथ्वी पर हुआ था। पौराणिक कथाओं के अनुसार, भगवान श्रीकृष्ण की प्रिया राधा रानी का जन्म माता के गर्भ से नहीं हुआ बल्कि वह वृषभानु जी की तपोभूमि से प्रकट हुई थी। ब्रह्मवैवर्त पुराण में देवी राधा के जन्म से संबंधित एक कथा का वर्णन मिलता है, यह कथा इस प्रकार है भगवान श्रीकृष्ण का निवास गोलोक में है। जहां कान्हा रहते हैं, वहीं उनके सभी अनुयायी और प्रियजन भी रहते हैं। स्वयं राधा श्रीकृष्ण के साथ गोलोक में निवास करती हैं। एक बार देवी राधा गोलोक में नहीं थीं, उस समय श्रीकृष्ण अपनी एक सखी विराजा के साथ गोलोक में विहार कर रहे थे। राधाजी को जब इस बात की सूचना मिली तब वह क्रोधित हो गईं और तुरंत श्रीकृष्ण के पास जा पहुंची। वहां उन्होंने कान्हा के प्रति अपना क्रोध प्रकट किया और उन्हें भला-बुरा कहने लगीं। श्रीकृष्ण के प्रति राधा का क्रोध देखकर कान्हा के मित्र श्रीदामा को बुरा लगा और उन्होंने राधा को पृथ्वी पर जन्म लेने का शाप दे दिया। राधा को इस तरह क्रोधित देखकर विराजा वहां से नदी रूप में चली गईं।इस शाप के बाद देवी राधा ने श्रीदामा को राक्षस कुल में जन्म लेने का शाप दे दिया। देवी राधा के शाप के कारण ही श्रीदामा ने शंखचूड़ राक्षस के रूप में जन्म लिया। वही राक्षस, जो भगवान विष्णु का अनन्य भक्त बना और देवी राधा ने वृषभानुजी की पुत्री के रूप में पृथ्वी पर जन्म लिया। लेकिन राधा वृषभानु जी की पत्नी देवी कीर्ति के गर्भ से नहीं जन्मीं। जब श्रीदामा और राधा ने एक-दूसरे को शाप दे दिया तब श्रीकृष्ण ने आकर राधा से कहा कि आपको पृथ्वी पर देवी कीर्ति और वृषभानु जी की पुत्री के रूप में रहना है। वहां आपका विवाह रायाण नामक एक वैश्य से होगा। रायाण मेरा ही अंशावतार होगा और पृथ्वी पर भी आप मेरी प्रिया बनकर रहेंगी। उस रूप में हमें विछोह का दर्द सहना होगा। अब आप पृथ्वी पर जन्म लेने की तैयारी करें।देवी राधा को अयोनिजा भी कहा जाता है। सांसारिक दृष्टि में देवी कीर्ति गर्भवती हुईं और उन्हें प्रसव भी हुआ। लेकिन देवी कीर्ति के गर्भ में योगमाया की प्रेरणा से वायु का प्रवेश हुआ और उन्होंने वायु को ही जन्मदिया, जब वह प्रसव पीड़ा से गुजर रहीं थी, उसी समय वहां देवी राधा कन्या के रूप में प्रकट हुईं। इस अवसर पर अनंत श्रद्धालु मौजूद रहे।

# अपहरण कर फिरौती मांगने वाले 11 अभि०गण को मिली आजीवन कारावास की सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली ।** थाना बिसौली पर पंजीकृत मु0अ0सं0 588/ 2001 धारा 395/ 397/ 364ए/ 368/ 412/ 120बी भादवि बनाम 1- पप्पू उर्फ जाहिद पुत्र मकसूद खा निवासी वस्तरा थाना सिविल लाइन बदायूँ 2- अमरपाल पुत्र तुलसी निवासी दबिहारी थाना-बिल्ली बदायूँ 3- पप्पू पुत्र रमेश निवासी दबिहारी थाना-बिल्ली बदायूँ 4- नन्हे उर्फ रविकान्त पुत्र रघुनन्दन प्रसाद पाठक निवासी बेहटा पाठक थाना इस्लामनगर बदायूँ 5 आनन्द शर्मा पुत्र रामभरोसे लाल शर्मा निवासी मुसिहा नगलां थाना बिसौली बदायूँ 6- सुभाष शर्मा पुत्र रामभरोसे लाल शर्मा निवासी मुसिहा नगलां थाना बिसौली 7- पूरन पुत्र रामेश्वर निवासी मीरासराय सिविल लाइन बदायूँ 8- कुवर सिंह उर्फ कुंवरपाल पुत्र लेखराज निवासी मानपुर नगरिया थाना सौरों जनपद कासगंज 9- महेश पुत्र मोहनलाल निवासी कबूलपुरा थाना कोतवाली बदायूँ 10-परमानन्द पुत्र नत्थू लाल निवासी हेदलपुर थाना बिल्सी बदायूँ तथा 11-बाहर मियाँ पुत्र रियाज मुहम्मद निवासी सैवनपुर थाना सहावर जनपद कासगंज की विवेचना क्षेत्राधिकारी श्री विजय सिंह त्यागी द्वारा की गई । विवेचना की कार्यवाही पूर्ण करते हुए मा0 न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (दस्यु प्रभावित क्षेत्र) ,बदायूँ में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। इस अभियोग को श्रीमान पुलिस महानिदेशक महोदय,उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन के अन्तर्गत चिन्हित करते हुए अभियोजन विभाग से समन्वय स्थापित करके समयबद्ध रुप से मॉनीटरिंग सेल जनपद बदायूं व पैरोकार का0 हे0का0 902 जयप्रकाश थाना बिसौली द्वारा मा0 न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (दस्यु प्रभावित क्षेत्र), बदायूँ में सशक्त पैरवी कर अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न कराई गयी। जिसके परिणामस्वरुप 20 फरवरी 2025 को



मा0 न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश (दस्यु प्रभावित क्षेत्र), बदायूँ द्वारा दोषसिद्ध अभियुक्तगण पप्पू उर्फ जाहिद व आनन्द उपरोक्त को धारा 395 भादवि में 10 वर्ष का सश्रम कारावास तथा प्रत्येक को 15000/- रु0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया । अर्थदण्ड अदा न करने पर 03 माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा ।

## संक्षिप्त समाचार

### बाइक से पटाखा छोड़ने वाले युवक की धुनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** बाइक द्वारा पटाखे छोड़कर हुड़दंग मचाने वाले युवक को मोहल्ले के लोगों ने पकड़कर धुनाई की। किसी युवक ने घटना का वीडियो बनाकर सुबह सोशल मीडिया पर भी वायरल किया है। जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला सुल्ताननगर निवासी एक युवक आए दिन बाइक से पटाखे छोड़कर लोगों को परेशान करता था। बुधवार की रात को भी वह यही हरकत कर रहा था कि उसे लोगों ने पकड़ लिया और उसकी खूब धुनाई की। काफी देर तक मोहल्ले में शोर शराबे की स्थिति बनी रही। वहीं किसी युवक ने घटना की वीडियो बनाकर भी बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया पर भी वायरल कर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार्रवाई की बात कही है।


### सात खम्भों के बीच का बिजली तार चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** अभी तक बिजली चोरी के जरिए ही विभाग को चपत लगती थी, लेकिन अब चोरों ने विभाग के सामान पर भी डाका डालना शुरू कर दिया है. सात खम्भो से बिजलीं लाइन के तार चोरी हो गए हैं। इससे विभाग में हड़कंप मच गया।

चोरों ने बिजली के तारों को भी नहीं छोड़ा। बेखौफ चोरों ने गांव मलहूपुरा के पास नलकूप की लाइन के सात बिजली खंभों से तार चोरी कर लिया। गौरतलब है कि क्षेत्र में बिजली तार चोरी करने वाला गिरोह सक्रिय है। बीते दिनों गांव वासीपुर में बिजली तार चोरी किया गया था। वहीं बुधवार देर रात चोरों ने गांव मलेशिया उपकेंद्र से जुड़े गांव मल्हूपुरा के पास नलकूप की लाइन के सात खंभों से तार चोरी कर लिया। सुबह में जाग होने पर जब ग्रामीण खेत पर पहुंचे तो घटना का पता चला। सूचना विभागीय अफसरों को दी गई। मौके पर पहुंची विभाग की टीम ने मुआयना किया। एसडीओ राजन कुमार ने मामले में मलेशिया उपकेंद्र के जेई को निर्देशित कर कानूनी कार्रवाई कराए जाने की बात कही

# डेयरी संचालक ने की मासूम से अश्लील हरकतें

## आरोपी व पीड़िता के अलग-अलग सम्प्रदाय से होने के कारण कोतवाली में भीड़ का हंगामा





**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** डेयरी संचालक ने बालिका से अश्लील हरकतें की। पीड़िता व आरोपी के अलग अलग सम्प्रदाय से होने के कारण मामला तूल पकड़ गया। थाने में भीड़ जमा होने पर पुलिस ने आनन फानन में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी डेयरी संचालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

यह मामला नगर कोतवाली क्षेत्र के एक मुहल्ला का है। यहां पर रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव खालकपुर निवासी शिवांशु चौधरी डेयरी चलाता है। जहां वह दूध, दही व घी बेचने का काम करता है। आरोप है कि बुधवार रात लगभग नौ बजे मुहल्ले में रहने वाले मजदूर की 12 वर्षीय बेटी दही लेने के लिए डेयरी पर गई थी। बच्ची दही लेकर दुकान से लौटी तो वहां रास्ते में खड़े दूसरे संप्रदाय के युवकों ने शोर मचाते हुए दुकानदार पर बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगा दिया। हंगामा होने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। चूंकि मामला दो संप्रदाय के बीच का था तो पीड़िता के संप्रदाय के लोगों में रोष पनप गया। देखते ही देखते मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। पूछताछ के दौरान बच्ची ने भी डेयरी संचालक पर अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया। बच्ची के बयान के बाद भीड़ उग्र हो गई तथा तथा दुकान पर धावा बोल दिया। परंतु आरोपित शिवांशु ने खुद को कमरे में बंद कर लिया। हंगामा का सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस व डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को भी भीड़ के आक्रोश का सामना करना पड़ा। भीड़ आरोपित को बाहर निकालने की जिद पर अड़ी थी। हंगामा बढ़ता देख अतिरिक्त पुलिस बल मंगाया गया। उसके बाद आरोपित को दुकान से निकाल कर कोतवाली लाया गया। भीड़ कोतवाली भी पहुंच गई। हालांकि इसी बीच किसी ने पुलिस की गाड़ी पर पत्थर फेंकने की अफवाह फैला दी। परंतु ऐसी कोई घटना नहीं हुई थी। देर रात बच्ची के स्वजन शहर के लोगों के साथ कोतवाली में मौजूद रहे। दुष्कर्म के आरोप में प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर पुलिस कर्मियों से भी नोकझोक हुई। परंतु पीड़ित बच्ची के बयान के आधार पर ही पुलिस प्राथमिकी दर्ज करने की बात करती रही। देर रात इस मामले में बच्ची की मां की तहरीर पर शिवांशु के विरुद्ध छेड़छाड़ के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि गुरुवार को आरोपित को जेल भेज दिया गया है।

**पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा**

# किसी दूसरे से शादी की तो करदूंगा जिंदगी बर्बाद

## प्रेमी ने प्रेमिका को धमकाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** नगर पालिका अमरोहा की ओर से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह योजना में शादी के लिए आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं। 22 फरवरी को जोया में नारंगपुर के पास एक मैदान में होने वाले भव्य समारोह के लिए तैयारियां युद्धस्तर पर की जा रही हैं। 300 के सापेक्ष पालिका प्रशासन को अब तक सिर्फ करीब 100 ही आवेदन मिल पाए हैं। ऑनलाइन मिलने वाले आवेदनों की जांच पालिका अफसरों द्वारा हाथोंहाथ कराई जा रही है।

बुधवार को नगर पालिका अमरोहा को सीमा विस्तार के बाद शहर में शामिल एक गांव की युवती की शादी का आवेदन प्राप्त हुआ था। जिसके मिलते ही पालिकाकर्मी उसी वक्त जांच के लिए गांव पहुंच गए। युवती से बातचीत की तो उसने शादी करने से साफ मना कर दिया। ये बात सुनकर परिजन उसका मुंह ताकते रह गए। वजह पूछने पर उसने बताया कि अगर शादी कर ली तो प्रेमी उसकी जिंदगी दूभर कर देगा लिहाजा उसे फिलहाल शादी नहीं करनी है। काफी समझाने के बाद भी जिद पर अड़ी रही बेटी का बदला रूख देख परिजनों ने भी आवेदन वापस लेने की सहमति दे दी। दरअसल, बताया जा रहा है कि युवती का किसी युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा है। परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है लिहाजा परिजनों ने वर ढूंढकर योजना के तहत शादी के लिए आवेदन कर दिया था। ऐसा करने से पहले युवती की रजामंदी भी ली थी लेकिन तब उसने कुछ नहीं बताया था लेकिन जब कहीं और शादी की भनक प्रेमी को लगी तो उसने युवती को धमकी दे डाली। बोला, अगर किसी ओर से शादी की तो तेरी के साथ ही खुद अपनी जिंदगी भी बर्बाद कर लूंगा।

**मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह के अन्तर्गत होनी थी शादी**

# ट्रैक्टर से गिरकर कांवड़िये की दर्दनाक मौत

## ट्रैक्टर चालक को लड्डू देते समय फिसला पैर

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** परिजनों व गांव के लोगों के साथ कांवड़ लेने जा रहे युवक की ट्रैक्टर से गिरकर मौत हो गई। बगैर कार्रवाई मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव लंबिया में किसान अशोक शर्मा का परिवार रहता है। वह गांव में आटा चक्की चलाते हैं। बुधवार दोपहर बाद गांव से शिव कांवड़ बेड़ा के नाम से एक जत्था हरिद्वार के लिए निकला था। जत्थे में गांव के 15 लोग शामिल थे। सभी लोग ट्रैक्टर-ट्राली में सवार थे। ट्रैक्टर अशोक शर्मा का भतीजा सोनू चला रहा था जबकि उनका बेटा लकी शर्मा पीछे ट्राली में बैठा हुआ था। बुधवार शाम जब जत्था बिजनौर जिले में नूरपुर से गुजर रहा था तो ट्राली में बैठा लकी शर्मा ट्रैक्टर चला रहे अपने तहेरे भाई सोनू को लड्डू देने के लिए उठा। ट्रैक्टर के हिच पर खड़े होकर लड्डू देते समय अचानक उसका पैर फिसल गया। जिससे लकी नीचे गिर गया, ट्राली का पहिया उतरने से वह गंभीर घायल हो गया था। परिजन उसे लेकर मुरादाबाद जा रहे थे रास्ते में लकी की मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने शव घर लाकर मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया

# यूपीआई से युवक के खाते से निकाले 42 हजार

## साइबर थाना पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** साइबर ठग तरह-तरह के हथकंडे अपना कर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। अब यूपीआई के माध्यम से युवक के खाते से 42 हजार रुपये निकाल लिए। मामले में साइबर थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव पायती खुर्द में किसान कल्लू खां का परिवार रहता है। उनके बेटे मोहम्मद अरमान का खाता जोया स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा में है। आरोप है कि 23 दिसंबर 2024 को साइबर ठगों ने यूपीआई के माध्यम से उनके खाते से 42700 रुपये निकाल लिए। पीड़ित मोहम्मद अरमान ने मामले की शिकायत ऑनलाइन दर्ज कराई। बाद में थाने में भी शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की तो कोई सुनवाई नहीं हुई। लिहाजा, उसने एसपी अमित कुमार आनंद को शिकायती पत्र मामले से अवगत कराया। उनके निर्देश पर साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। सीओ पंकज त्यागी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पीड़ित के रुपये वापस कराने का प्रयास किया जाएगा।

### महबूब ने बजट को बताया निराशाजनक



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** सदर विधायक महबूब अली ने बजट को निराशाजनक बताते कहा कि प्रदेश सरकार ने किसानों के साथ छल कपट किया है। उनकी आमदनी दोगुनी करने का वादा तो किया परन्तु आज किसान की हालत किसी से छिपी नहीं है। बिजली महंगी है, रोजगार व महंगाई पर कोई नियंत्रण नहीं है। योगी सरकार जुमलों व बाजीगरों की सरकार है। यह बजट प्रदेश को आगे ले जाने के बजाए पीछे ले जायेगा। बजट जनता की आकांक्षाओं और विश्वास पर खरा नहीं उतरने वाला। प्रदेश सरकार जनता को भ्रमित करने में लगी है। यह बजट मात्र लॉलीपाप है।

### बजट किसान विरोधी: नरेश



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** भाकियू संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने प्रदेश सरकार द्वारा पेश किये गये बजट को किसान विरोधी बताते चले कि बजट में किसानों के हिस्से में कुल 11 प्रतिशत धन आवंटित किया गया है। जिसमें अन्य क्षेत्र भी शामिल हैं। सरकार द्वारा कृषि योजनाओं को बढ़ा चढ़ाकर पेश किया जाता है। उन्होंने खेती में काम आने वाली वस्तुओं बीज व यंत्र जीएसटी से मुक्त करने की मांग की। किसानों का बिना शर्त ऋण माफ किया जाये।

### बजट पूरी तरह जनविरोधी: ओमकार



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया ने कहा कि बजट में उत्तर प्रदेश के बजट में महंगाई कम करने युवाओं को रोजगार देने की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। व्यापारियों को कोई राहत नहीं है, किसानों को बजट में कोई राहत नहीं, किसानों की कर्ज माफी योजना की कोई व्यवस्था नहीं। किसानो के गन्ने के रेट में कोई बढ़ोतरी नही। इसलिए बजट पूरी तरह जन विरोधी है किसान विरोधी है। बजट में प्रदेश की जनता को कोई राहत नहीं दी गई है बजट में सिर्फ घोषणाएं दिखाई दे रही हैं इसलिए बजट पूरी तरह झूठ का पुलंदा है।

# त्यौहारों पर बरतें विशेष सतर्कता: डीआईजी

## डायवर्जन प्लान पर सख्ती से करें अमल, पुलिस अधिकारियों को दिए निर्देश



अमरोहा। एसपी कार्यालय में त्यौहारों को लेकर अफसरों की बैठक लेते डीआईजी मुनिराज।

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** डीआईजी मुरादाबाद मुनिराज जी ने महाशिवरात्रि व रमजान के अलावा आगामी अन्य त्योहारों को लेकर सुरक्षा चक्र एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा की। कांवड़ यात्रा के मद्देनजर तैयार डायवर्जन प्लान पर सख्ती से अमल कराने की बात कही। लापरवाही के चलते हादसा होने पर संबंधित की जवाबदेही तय करने की चेतावनी दी।

गुरुवार को अमरोहा पहुंचे डीआईजी ने गार्द की सलामी लेने के बाद पुलिस कार्यालय सभागार में अधीनस्थों के साथ आगामी त्योहारों की चुनौती को लेकर चर्चा की। महाशिवरात्रि, होली, रमजान व कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। कहा कि सभी थानों पर त्योहार रजिस्टर का अवलोकन कर लें, किसी भी नई परंपरा की शुरूआत नहीं हो। क्षेत्र में लगने वाले मेलों और जूलूसों पर बाक्स फार्मेशन में पर्याप्त पुलिस प्रबंध करें। होलिका दहन स्थल का भौतिक सत्यापन करते हुए सुनिश्चित कर लें कि पूर्व में उस जगह विवाद की स्थिति तो नहीं थी। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में खास सतर्कता बरतते हुए असामाजिक तत्वों को 107/116 में पाबंद करने तथा थानों में पीस कमेटी की बैठक करने की बात कही। जिले को जोन व सेक्टर में बांटकर सुरक्षा मोर्चा संभालने का निर्देश देते हुए डीआईजी ने यातायात पुलिस की डयूटी भीड़भाड़ से जुड़े स्थानों को चिन्हित करते हुए लगाने की हिदायत दी। वहीं, यूपी-112 के वाहनों की संवेदनशीलता के हिसाब से तैनाती करने का निर्देश दिया। अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाने का निर्देश देते हुए कहा कि विवादित स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी करें। सोशल मीडिया पर भ्रामक व आपत्तिजनक पोस्ट का तत्काल खंडन करें, सोशल मीडिया सेल से लगातार मॉनिटरिंग कराएं। त्योहारों पर निकलने वाले जूलूसों के अलावा कांवड़ यात्रा मार्ग की ड्रोन कैमरों से निगरानी कराने का निर्देश दिया। कांवड़ यात्रा मार्ग पर मीट व मदिरा की दुकानों को बंद कराने तथा चिकित्सा विभाग से सम्नवय स्थापित कर मेडिकल व एंबुलेंस की व्यवस्था के लिए चिन्हित किए गए स्थानों का पहले से निरीक्षण करने का निर्देश दिया। कहा कि किसी कांवड़ श्रद्धालु की तबियत खराब होती है तो तत्काल इसका संज्ञान लेते हुए अतिशीघ्र चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई जाए। अधीनस्थों को अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहते हुए शिविर संचालकों से वार्ता कर उनकी परेशानियों को दूर करने और मानक एवं शर्तें पूर्ण कराने का निर्देश दिया। गोष्ठी में एसपी अमित कुमार आनंद, एएसपी राजीव कुमार सिंह के अलावा सभी सीओ, थाना प्रभारी, प्रभारी यातायात, एलआईयू इंस्पेक्टर, प्रभारी डायल 112 आदि मौजूद रहे।

### एसटीपी प्लांट के लिए भूमि की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता बछरायूं।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स व एडीएम के निर्देश पर एसटीपी प्लांट को स्थापना के लिए नगर पालिका ने प्रयास तेज कर दिए हैं। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स के निर्देश पर एडीएम की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में एडीएम ने एसटीपी प्लांट लगाने के लिए जमीन अधिग्रहण करने के लिए नगरपालिका को आदेश दिए। जिसपर अधिशासी अधिकारी दीपालिका यादव ने उप जिलाधिकारी को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि बछरायूं नगर पालिका में एसटीपी प्लांट लगाया जाना प्रस्तावित है जिसके लिए एक एकड़ भूमि की आवश्यकता है। उन्होंने पत्र के माध्यम से एसडीएम से मांग की है कि एसटीपी प्लांट की स्थापना के लिए नगर पालिका क्षेत्र या आसपास के क्षेत्र में निशुल्क एक एकड़ भूमि उपलब्ध कराई जाए।

# सोशल मीडिया से रहें दूर, पढ़ाई पर ध्यान दें विद्यार्थी

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** शिव इंटर कालेज में इंटरमीडिएट की छात्र-छात्राओं के विदाई समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की धूम रही। अतिथियों ने जीवन में आगे बढ़ने के लिए अपने-अपने अनुभव साझा किए और सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव को देखते हुए मोबाइल और रील से दूरी बनाए रखने की सलाह दी। बृहस्पतिवार को शिव इंटर कालेज में आयोजित विदाई समारोह में प्रधानाचार्य डॉ.शलभ भारद्वाज ने जीवन में आगे बढ़ने के लिए पढाई पर ध्यान फोकस करने के साथ ही फेसबुक, व्हाट्सएप एवं रील बनाने से परहेज करने की सीख दी। जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित ने विभिन्न कोर्सों के संबंध में जानकारी दी। साथ ही आह्वान किया कि सीमित संसाधनों में ही पढ़ाई करने और जीवन में आगे बढ़ने पर ध्यान दें। जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन के मेडिकल हेड डा. सुजिंदर फोगाट ने कहा कि डिग्री से कहीं अधिक जरूरी ज्ञान होता है। इस दौरान कालेज की चार उत्कृष्ट छात्राओं तुलसी, स्नेहलता, अलशिफा एवं खुश्बू को मेडल पहनाकर अन्य छात्र-छात्राओं को भी इस मुकाम तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर डॉ.साकेत शर्मा, गगन अग्रवाल, डा. शरद शर्मा, एनडी शर्मा, चंचल रानी, मोनिका सिंह, नरेंद्र कुमार, शेलेंद्र कुमार आदि भी मौजूद रहे।

**शिव इण्टर कॉलेज में विदाई समारोह आयोजित**



# हत्या में दो सगे भाईयों समेत तीन को उम्रकैद

## अदालत ने 60 हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** सात साल पहले ट्यूबवेल चलाकर खेत से घर लौटते समय किसान को रास्ते में घेरने के बाद चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर हत्या करने के मामले में जिला जज की कोर्ट ने दो सगे भाईयों समेत तीन लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई। दोषियों पर 60 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। तीनों जमानत पर थे, कोर्ट से सजा सुनाए जाने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

18 फरवरी 2018 का हत्याकांड नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव बांसखेड़ी का था। गांव निवासी किसान फहमीद पास के ही गांव पृथीपुर के रहने वाले होरी सिंह के ट्यूबवेल से अपनी फसल की सिंचाई करते थे। हत्याकांड वाली रात में करीब साढ़े आठ बजे बिजली आने पर फहमीद खेत में पानी भरने के लिए ट्यूबवेल चलाकर घर वापस लौट रहे थे। रास्ते में हमलावरों ने घेरने के बाद शरीर पर चाकू से गोदकर हत्या कर दी थी। वारदात अंजाम देने के बाद हत्यारे मौके से भाग गए थे। मामले में मृतक फहमीद के भाई मोहम्मद हनीफ ने गांव के ही रहने वाले नसरुद्दीन, उसके भाई शबाब और सलीमुद्दीन के खिलाफ हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। बाद में पुलिस ने तीनों हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया था। फिलहाल, तीनों जमानत पर थे। हत्याकांड की सुनवाई जिला जज जफीर अहमद की कोर्ट में चल रही थी। अभियोजन पक्ष की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता महावीर सिंह ने मजबूत पैरवी की। गुरुवार को कोर्ट में केस की अंतिम सुनवाई हुई, पत्रावली का अवलोकन करने के बाद साक्ष्य के आधार पर नसरुद्दीन, शबाब और सलीम उर्फ सलीमुद्दीन को दोषी माना गया। जिला जज ने तीनों को उम्रकैद की सजा सुनाई तथा 20-20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया




अमरोहा। आरके पब्लिक स्कूल में परीक्षा देकर आते छात्र-छात्राएं।

# 17 परीक्षार्थियों ने किया परीक्षा से किनारा

## सीबीएसई बोर्ड में साइंस का प्रश्न पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** सीबीएसई बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा से 17 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सभी दस परीक्षा केन्द्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा सम्पन्न करायी गयी।

गुरूवार को हाईस्कूल सीबीएसई बोर्ड की सांइस की परीक्षा सम्पन्न हुई। इस परीक्षा में पंजीकृत 3297 परीक्षार्थियों में से 17 छात्र छात्राओं ने किनारा कर लिया। सबसे अधिक लिटिल स्कालर्स एकेडमी पर चार परीक्षार्थी जबकि आरके पब्लिक स्कूल में तीन परीक्षाईयों ने परीक्षा नहीं दी। सैंटमेरी कान्वेंट स्कूल गजरौला में सभी परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे। परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच सम्पन्न करायी जा रही है। परीक्षा में नकल रोकने के लिए कई सचल दल गठित की किये गये हैं। जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रधानाचार्य के नेतृत्व में कई परीक्षा केन्द्रों का दौरा कर परीक्षा का निरीक्षण किया।

# राजस्व वसूली में शिथिलता न बरतें: डीएम

## लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत वसूली कार्य करने के निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के अंतर्गत राजस्व प्राप्ति के कार्यों में प्राप्त रैंकिंग के अनुसार प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों से कहा कि राजस्व वसूली के कार्यों में शिथिलता न बरतें तथा लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत राजस्व वसूली का कार्य करना सुनिश्चित करे।

डीएम श्रीमती कौर कल शाम साढ़े चार बजे कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में मासिक राजस्व स्टाफ की बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दे रहीं थी। उन्होंने निर्देश दिए कि अनावश्यक रूप से कोई भी वाद लंबित न रहने पाए। उन्होंने सभी पीठासीन अधिकारियों को वादों के निस्तारण में विशेष ध्यान देकर दायरे के सापेक्ष वादों के निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने धारा 34 एवं 24 के लंबित प्रकरणों पर निर्देश दिए कि निर्धारित समयावधि में सभी प्रकरणों को निस्तारित करें ताकि न्यायालयों में अनावश्यक बोझ से मुक्ति प्राप्त हो सके।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि पट्टों के निस्तारण के कार्य में भी तेजी लाएं और पात्र लोगों को इनका आवंटन करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदारों को निर्देश दिए कि अधिक वर्ष पुराने वादों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि उक्त के संबंध में समय-समय पर समीक्षा बैठक का आयोजन करना भी सुनिश्चित करें। जिससे वादों के निस्तारण में तेजी लाई जा सके।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार सिंह, न्यायिक श्रीमती वान्या सिंह, डिप्टी कलेक्टर हर्ष चावला, डिप्टी कलेक्टर/जिला सूचना अधिकारी आशुतोष जैसवाल , सभी उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं अन्य राजस्व अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# बमनौली में बंद मकान में चोरी

**धामपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम बमनौली में बंद पड़े मकान को ताला तोड़कर चोर 20 हजार की नगदी, सोने-चांदी के जेवर चोरी कर फरार हो गए। चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

पीड़ित अजय कुमार ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ अकबराबाद में कांवड़ सेवा के लिए शिविर लगाने गये थे। इसी दौरान चोरों ने उनके बंद पड़े मकान का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने घर में रखे 20 हजार रुपये नकद और कीमती आभूषण चुरा लिए। इसके अलावा चोरों ने गांव के पंचायत घर के ताले भी तोड़े लेकिन वहां से कुछ भी हाथ नहीं लगा। चोरी की खबर मिलने पर गांव में सनसनी है। लोग अपने घरों की सुरक्षा को लेकर चिंतित नजर आए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी जुटाई।

गांववासियों ने पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

# सड़क सुरक्षा विषय पर निबंध प्रतियोगिता

## यातायात के नियमों का पालन करने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** ग्राम फीना स्थित श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की दो इकाई का सात दिवसीय विशेष ग्राम फीना और ग्राम अजुपुरा में चल रहा है। शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेवियों ने ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा का पाठ पढ़ाया।




इस अवसर पर सड़क सुरक्षा विषय पर एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें स्वयंसेवियों ने निबंध के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किये। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को कॉलेज द्वारा पुरस्कृत किया गया। शिविर के द्वितीय सत्र में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें सबसे पहले स्वयंसेवियों ने राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत गाकर कार्यक्रम का प्रारंभ किया। छात्रों को संबोधित करते हुए कॉलेज प्रबंधक ठाकुर आकाश शास्त्री ने छात्रों से दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कुछ युवा बिना हेलमेट और तीव्र गति से वाहन चलाते हैं जो अपने साथ-साथ रहागीरों के भी प्राण संकट में डालते हैं। उन्होंने कहा कि भारत में प्रतिदिन असंख्य लोग सड़क पर असावधानी के कारण ही दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सदैव अपनी दिशा में चलें। वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करें। कभी भी नशे की हालत में वाहन नही चलाएं। शिविर के अंत में एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी दलीप कुमार ने संपूर्ण दिन की कार्यक्रम आख्या प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवी ग्रामीणों में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करें। वहीं द्वितीय इकाई के कार्यक्रम अधिकारी पीयूष वर्मा के नेतृत्व में स्वयंसेवियों ने ग्राम अजुपुरा में डोर टू डोर जाकर ग्रामीणों से सड़क सुरक्षा पर बात की और ग्रामीणों से यातायात के नियमों का पालन करने की अपील की।

इस अवसर पर प्रथम इकाई की सहायक कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शिवाली राजपूत, द्वितीय इकाई की सहायक कार्यक्रम अधिकारी पिंकी यादव, नीशु देवल, रुक्मिणी देवी, कॉलेज के चीफ प्रॉक्टर डॉ. आरपी सिंह आदि उपस्थित रहे।

# दिशा के छात्रों ने किया स्टेट बैंक का शैक्षिक भ्रमण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** दिशा इन्स्टीट्यूट ऑफ सांइस एण्ड टैक्नोलाजी से मैनेजमेंट विभाग के एक शैक्षिक भ्रमण को संस्थान के महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल, संयुक्त सचिव अनिरूद्ध अग्रवाल, रजिस्ट्रार राजीव कुमार एवं अकेडमिक इंचार्ज अमित विश्नोई के द्वारा आज स्टेट बैंक ऑफ इंडिया धामपुर के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

छात्र-छात्राओं ने बैंक में किये जा रहे सभी प्रकार के कार्यो को देखा और समझा। मैनेजर अंबिका पांडे ने विद्यार्थियों का नेतृत्व किया और सुरक्षित एवं प्रभावी रूप से लेन-देन करने की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बताया। इस दौरे से छात्रों की समझ में वृद्धि हुई। भ्रमण से प्राप्त जानकारी छात्र-छात्राओं के लिए विशेष ज्ञानवर्धक रही और लेन-देन के बारे में क्रेडिट मैनेजर आशुतोष मिश्रा द्वारा सभी प्रकार के ऋण सम्बंधी जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण को अपने कैरियर विकास के लिए बहुत उपयोगी बताया। शैक्षणिक भ्रमण में संस्थान के मैनेजमेंट संकाय के विभागाध्यक्ष बृजनेश सिसौदिया एवं ट्रेनिंग एंड प्लेसमेन्ट प्रमुख डा. समीर अहमद एवं संस्थान के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

# वीरा कालेज का सात दिवसीय शिविर शुरू

## छात्र जीवन में एनएसएस का महत्व बताया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिले की शिक्षा क्षेत्र में अग्रणी वीरा चैरिटेबल सोसायटी द्वारा संचालित कुँवर सत्यवीरा डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम एवं दिवतीय इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन ग्राम धर्मनगरी एवं तिमरपुर में हुआ।




शिविर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि स्वाति वीरा सचिव रेडियो सन्देश बिजनौर, मैनेजर के.पी.एस. बिजनौर एवं जी.के.आई.सी. जानसठ एवं कॉलेज प्राचार्य प्रो. (डॉ.) महेंद्र सिंह कौरव ने संयुक्त रूप से माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। कॉलेज प्राचार्य ने मुख्य अथिति को बुके देकर सम्मानित किया एवं उनका आभार व्यक्त किया।

शिविर की सात दिवसीय कार्यक्रम की जानकारी दी। कॉलेज के प्राचार्य ने अपने स्वागत भाषण में एन.एस.एस. का छात्र जीवन में महत्व एवं इसकी उपयोगिता के बारे बताया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्वाति वीरा ने छात्र / छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को स्वच्छता, स्वास्थ्य, पर्यावरण, कौशल विकास, प्रौढ़ शिक्षा, नैतिक मूल्यों, आचार -विचार एवं अध्यात्म, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं संसाधनों का सद्उपयोग आदि एवं समाजसेवा के प्रति जागरूक करना है।

उन्होंने बताया कि छात्रों को पढ़ाई के साथ -साथ अन्य सामाजिक एवं राष्ट्रीय हित संबधी गतिविधियों में भाग लेना चाहिए एवं समाजसेवा में तत्पर रहना चाहिए। सभी छात्र/छात्राओं ने भी विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखे।

कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक भारद्वाज ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सारिका चौधरी ने किया।

इस अवसर पर संस्था सचिव एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कुँवर उदयन वीरा एवं कुँवरानी रूचिवीरा सांसद मुरादाबाद ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्राचार्य प्रो. (डॉ.) महेंद्र सिंह कौरव, एन.एस.एस. अधिकारी अभिषेक भारद्धाज एवं शिक्षकगण राजकुमार, प्रीतम सैनी, एकता त्यागी, रवि कुमार रहतोलिया, संदीप कुमार, आदिल खान, हर्ष राजपूत, काजल, मनीषा आदि को बधाई दी।

# ग्राम चौपाल लगा कर होगा चकबंदी वादों का निस्तारण

## चकबंदी कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने एसओसी चकबंदी को निर्देश दिए कि कस्बा हल्दौर एवं झालू दोनों कस्बों के अन्तर्गत चकबंदी के कार्यों एवं वादों को सही से सम्पादित कराएं। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि उक्त के अन्तर्गत ग्राम वार ग्राम चौपाल आयोजित कर चकबंदी वादों का निस्तारण सही प्रकार से करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर कलेक्ट्रेट सभागार में चकबंदी कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दे रहीं थी। उन्होंने एसओसी चकबंदी को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन स्तर से चकबंदी कार्यों की मॉनिटरिंग की जाती है। इसलिए उक्त कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उन्होंने निर्देश दिए की अधिक समय से लंबित वादों को निगाह में रखते हुए उनका निस्तारण जल्द से जल्द करना सुनिश्चित करें। उन्होंने चकबंदी धाराओं के अन्तर्गत निर्देश दिए की वादों के गुणवत्तापरक निस्तारण में तेजी लाएं और जिस स्तर पर शिथिलता बरती जाए, उस स्तर पर संबंधित की जबावदेही तय करते हुए मामलों के निस्तारण में तेजी लायें। उन्होंने सभी चंकबंदी अधिकारी को निर्देश दिए कि चकबंदी से संबंधित किसी भी स्तर पर लापरवाही न करें अन्यथा संबंधित के प्रति कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यों में स्पष्टता लाएं एवं कार्य को गंभीरता के साथ करें। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वादों के निस्तारण को प्राथमिकता दें और निश्चित दायरे के अंतर्गत वादों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, न्यायिक श्रीमती वान्या सिंह, डिप्टी कलेक्टर/जिला सूचना अधिकारी आशुतोष जैसवाल, एसओसी चकबंदी सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# स्वयंसेवकों ने किया आर्थिक व सामाजिक सर्वेक्षण

## सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आरएसएम कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (छात्र इकाई) के सात दिवसीय विशेष शिविर का तृतीय दिन ग्राम सैदपुर वीरु उर्फ पीपला में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रवि धनकड़ के नेतृत्व में आयोजित किया गया। तृतीय दिवस 'ग्राम सर्वेक्षण एवं प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण' थीम पर आधारित रहा।



सर्व प्रथम सभी स्वयंसेवकों ने सुबह उठकर नित्य क्रिया करने के बाद योगाभ्यास किया। इसके बाद विद्यालय परिसर में लगे पौधों की सिंचाई की। सुबह का नाश्ता करने के बाद प्रथम बेला में डॉ. कौशिक प्रसाद ने स्वयंसेवकों को सर्वेक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं समूह वार्ता करना, सैंपलिंग करना आदि विषयों को भी समझाया। तत्पश्चात स्वयंसेवकों के द्वारा ग्राम में आर्थिक एवं सामाजिक सर्वेक्षण किया गया जिसमें ग्राम में जनसंख्या, लिंगानुपात, साक्षरता दर, कृषि भूमि, पशुओं की संख्या आदि की जानकारी ली। साथ ही ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

स्वयंसेवकों द्वारा किए गए सर्वे में ग्रामीणों द्वारा स्ट्रीट लाइट, चकबंदी, जंगली पशुओं की समस्या को मुख्य रूप से बताया गया एवं ग्राम में सरकारी योजनाओं के भी बहुत कम लाभार्थी देखने को मिले। दोपहर में भोजन के पश्चात 'प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण' विषय पर गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें प्रो. शोराज सिंह ने बताया कि हमें जल संचयन और वर्षा जल संचयन पर ध्यान देना चाहिए। इससे हम जल संकट को कम कर सकते हैं और भविष्य के लिए जल संसाधनों को सुरक्षित रख सकते हैं। डॉ. देवेश पाठक ने प्राकृतिक संसाधनों के सदुपयोग हेतु स्वयंसेवकों को जागरूक किया और बताया कि हमें प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना चाहिए क्योंकि न केवल मनुष्य जीवन के लिए अपितु अन्य जीव जंतुओं के लिए भी प्राकृतिक संसाधन की अत्यन्त आवश्यकता है। डॉ. रवि धनकड़ ने भूमि क्षरण, मृदा कटाव, मृदा स्वास्थ्य, नदियों का प्रदूषण आदि प्रमुख समस्याओं से स्वयंसेवकों को अवगत कराया तथा उनके निदान हेतु वृक्षारोपण करने, कचरा प्रबंधन, मृदा रसायन पदार्थों को कम करने जैसे आवश्यक सुझाव दिए। जिससे प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण हो सके।

शिविर के मध्य में भ्रमण करने आए पूर्व स्वयंसेवक राहुल शर्मा ने भी अपने पूर्व के अनुभवों को शिविर के स्वयंसेवकों के साथ साझा किया। तत्पश्चात संध्याकाल में भोजन उपरांत स्वयंसेवकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया गया।

# 51 छींके व 51 झंडे लगी कांवड़ बनी आकर्षण का केंद्र

## भोले शंकर का गुणगान करते चल रहे कांवड़ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** महाशिवरात्रि पर्व के मौके पर हरिद्वार मार्ग पर कांवड़ियों का आवागमन शुरू हो गया है। शिव भक्त भोले का गुणगान करते हुए अपनी मंजिल की ओर तेजी के साथ बढ़ रहे हैं। भगवान शिव के प्रति लोगों में बड़ी आस्था है। दूर दराज से शिव भक्त कांवड़ ला रहे हैं।

बुधवार को उत्तराखंड के जनपद काशीपुर के मौहल्ला कटरा मालियां के महाकाल कांवड़ सेवादल के सदस्य अभिषेक कश्यप, अनुराग कश्यप, नैतिक कश्यप, अनेक कश्यप, अनुराग सक्सेना, डोली चन्द्रा आदि हरिद्वार से पवित्र कांवड़ गंगाजल लेकर अपने गंतव्य की ओर भोले शंकर का गुणगान करते हुए चल रहे हैं। अभिषेक कश्यप ने बताया कि उनके कांवड़ दल में नौ सदस्य शामिल हैं। उनके दल की यह दूसरी कांवड़ यात्रा है। उनकी कांवड़ में 51 छींके में पवित्र गंगाजल व 51 झंडे लगे हुए हैं। इनकी कांवड़ बहुत ही सुशोभित लग रही थी, जो की आकर्षण का केंद्र बनी। यह सभी पैदल कांवड़ यात्रा करते हुए मोटा महादेव मंदिर पहुंचे। रात्रि विश्राम कर सुबह मंदिर के पूजारी शशिनाथ की देखरेख में पूजा-अर्चना कर जलाभिषेक के बाद बाबा भैरों का आशीर्वाद रूपी सोठा लगवाकर अपनी मंजिल की ओर बढ़ गए। थाना प्रभारी रामप्रताप सिंह पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था बनाने में लगे हुए हैं।

## एक नजर

### सड़क सुरक्षा की जानकारी दी



**धामपुर।** एसबीडी महिला महाविद्यालय के विशेष शिविर के द्वितीय दिवस पर 'सड़क सुरक्षा अभियान' को समर्पित रहा। महाविद्यालय की अंग्रेजी विभाग की असि.प्रो. व रोड सेफ्टी क्लब की समन्वयक कु. रितु देवी ने एनएसएस की स्वयंसेविकाओं को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी। साथ ही इस सन्दर्भ में शासन द्वारा चलायी जा रही नीतियों से परिचित कराया। कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती नीलम पाल ने छात्राओं को स्वयं जाग्रत होने व अपने आस-पास व परिवार को भी सड़क सुरक्षा नियमों को पालन करने हेतु प्रेरित करने का संदेश दिया। द्वितीय सत्र में छात्राओं ने गांव में रैली निकाली व सड़कों पर आने-जाने वालों को सड़क सुरक्षा नियमों से परिचित कराया। स्वयंसेवी छात्राओं में कु. मन्तशा, उजमा, तन्वी, कणिका, महरीन, इकरा, शकीना आदि छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। सम्पूर्ण कार्यक्रम में श्रीमती नीलम पाल व डा. अर्चना कुन्तल के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

### इलेक्ट्रिक स्कूटी शोरूम का उद्घाटन

**नजीबाबाद।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिला सदस्य प्रभारी रणवीर सिंह निराला ने कोतवाली रोड तायल पेट्रोल पंप के सामने यूनियन बैंक के पास नंदी ऑटोमोबाइल्स के नाम से इलेक्ट्रिक स्कूटी का शोरूम का फीता काटकर शुभारंभ किया। यह शोरूम विथुन भारती व लाल बहादुर द्वारा खोला गया। इस शुभ अवसर पर कविता भारती, कंचन सिंह, बबली सिंह, विपिन कुमार, राम भरोसे आदि उपस्थित रहे। सभी ने शोरूम मालिक को शुभकामनाएं दीं।

# बारात में चले लाठी-डंडे, एक गंभीर घायल

**कासमपुर गढ़ी।** ग्राम गोवर्धनपुर उर्फ नाबका में आयी बारात में हुए विवाद में लाठी डंडे चलने से एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया है। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अफजलगढ़ में भर्ती कराया गया है तथा परिजनों ने पुलिस को सूचना दे दी है।

ग्राम गोवर्धनपुर उर्फ नाबका में सिपाहियो वाले से बारात आई हुई थी। मामूली सी बात को लेकर बारातियों एवं घरातियों में लाठी डंडे निकल आये। दूल्हे के भाई और उसके साथियों ने मिलकर गांव के ही मास्टर साबिर के पीछे से वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया । जिम्मेदार लोगों ने बारातियों और घरातियों में बीच बचाव कराया। तब मामला शांत हुआ। वहीं गम्भीर रूप से घायल मास्टर शाबिर के परिजनों ने थाना अफजलगढ़ को सूचना दे कर घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अफजलगढ़ मे भर्ती कराया दिया है। उधर पुलिस का कहना है कि अभी कोई तहरीर नहीं आयी है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जायेगी।

# रासेयो के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

## विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चादपुर।** गुलाब सिंह हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का आरम्भ मुख्य अतिथि कमल वीर सिंह शाखा प्रबंधक स्टेट बैंक चांदपुर, विशिष्ट अतिथि एकता चौधरी, सभासद मोहल्ला विवेक नगर एवं प्राचार्या प्रो. साधना द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर द्वीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण द्वारा किया गया। इसके उपरांत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। शिवानी एवं किरण द्वारा सरस्वती वंदना करने के उपरांत कुमारी मनु वर्मा ने अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कुमारी भावना, अनुष्का, प्रिया, निकेता एवं दीक्षा के सामूहिक नृत्य की सभी ने भूरी-भूरी प्रशंसा की। कुमारी मनु वर्मा, भावना, प्रिया, निकिता, रंजीत कुमार और सोनू कुमार के नृत्यों को भी दर्शकों ने बहुत सराहा। अंग्रेजी विभाग के असिस्टेंट प्रो. डॉ. मोहम्मद साजिद अंसारी ने एक बेहतरीन नृत्य प्रस्तुत किया, जिसने सभी का मन मोह लिया। कुमारी मनु वर्मा, अंशुल कुमार एवं मोहम्मद कैफ के गीतों व शायरी ने भी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वंश गोस्वामी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में अपना प्रभावपूर्ण भाषण दिया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. साधना ने मिष्ठी एवं कनुप्रिया को नृत्य के लिए पांच-पांच सौ रुपए का नगद इनाम दिया। भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. महिपाल सिंह ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से खुश होकर अंग्रेजी विभाग के असिस्टेंट प्रो. डॉ. मोहम्मद साजिद अंसारी, कुमारी मनु वर्मा, रंजीत कुमार एवं सोनू कुमार को 500-500 रुपए का नगद पुरस्कार प्रदान किया। मुख्य अतिथि कमल वीर सिंह ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि उनको सफलता प्राप्त करने के लिए पूर्ण मनोयोग से अपने लक्ष्यों के प्रति समर्पित रहना होगा। उन्होंने छात्र-छात्राओं को प्रेरित करने के लिए सैनिकों से संबंधित एक कविता पाठ भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षा एवं प्राचार्या प्रोफेसर साधना ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। छात्र इकाई के परियोजना अधिकारी डॉ. ज्ञानेन्द्र सिंह एवं छात्रा इकाई की परियोजना अधिकारी डॉ. मीनाक्षी चौहान ने सात दिवसीय विशेष शिविर की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या एवं मुख्य अतिथि के द्वारा सात दिवसीय शिविर में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए छात्र इकाई के तरुण श्रीवास्तव, इनित कुमार, रितिक कुमार, शिवम कुमार, अंशुल कुमार एवं अमन कुमार तथा छात्रा इकाई की स्वयंसेविकाओं भावना राजपूत, पलक, अंजलि, प्रीति, मीनाक्षी एवं मनु वर्मा को पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर स्टेट बैंक चाँदपुर के सुनील कुमार शर्मा, मोहल्ला विवेक नगर की सभासद एकता चौधरी सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में छात्र इकाई के सहायक परियोजना अधिकारी सन्नी कुमार एवं छात्रा इकाई की सहायक परियोजना अधिकारी पूजा राजपूत, राजेश श्रीवास्तव, सौरभ चौहान, रवि कुमार, सौरभ, संजय, धर्मेंद्र, सोनू का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का कुशल संचालन प्रोफेसर अनिल कुमार वर्मा ने किया।

# गन्ना मूल्य न बढ़ाना प्रदेश के किसानों के साथ धोखा: सहरावत

## भाकियू लोकशक्ति ने की सरकार के फैसले की निंदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के जिलाध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी उत्तराखंड चौधरी वीर सिंह सहरावत ने उत्तर प्रदेश सरकार के इस बार भी गन्ने का मूल्य नहीं बढ़ाने के निर्णय को किसानों के लिए पूरी तरह से निराशाजनक बताया है।

उन्होंने कहा कि इसका मतलब है कि किसानों को पिछले वर्ष के बराबर ही गन्ना मूल्य मिलेगा, जो 370 रुपए प्रति क्विंटल है। यह निर्णय कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के जरिये लिया गया है। गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण ने बताया कि गन्ने के एसएपी में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के भोले-भाले किसानों के साथ हमेशा धोखा किया जाता है। उत्तर प्रदेश सरकार को अविलंब अपने फैसले को वापस लेकर गन्ने की खेती में लगने वाली लागत को ध्यान में रखते हुए गन्ने का भाव 500 रुपए क्विंटल घोषित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाकियू लोकशक्ति संगठन सरकार के इस फैसले पर पुरजोर विरोध व कड़ी निंदा करता है।

# युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी


मृतक का फाइल फोटो


ढकिया। घटना स्थल पर मौजूद भीड़ को समझातें एसपी रामपुर।


ढकिया। घटना स्थल पर विलाप करते मृतक के परिजन।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ढकिया/रामपुर।** गुरुवार को खून से लथपथ युवक का शव आलू खेत में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंचे परिजनो ने किया हंगामा। क्षेत्र में मची सनसनी। सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा शव को कब्जे में लेने पर पुलिस से भिड़े परिजन। आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार करने की जिद पर एसपी के आश्वासन पर परिजनों ने मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए पुलिस को सौंपा।

मृतक के भाई की तहरीर पर चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज। गुरुवार को कोतवाली क्षेत्र की ढकिया चौकी के गांव रवानी पट्टी ऊदा का रहने वाला 21 वर्षीय यशपाल का रक्त रंजित शव ढकिया चौकी से कुछ ही दूरी पर आलू के खेत में पड़ा मिला।

सूचना पर पहुंचे परिजनों ने मौके पर हंगामा किया और आरोपियों का नाम लेते हुए उन्हें गिरफ्तार करने की जिद अड़े रहे। सूचना पर कोतवाल शाहबाद पंकज पन्त, पुलिस क्षेत्राधिकार हर्षिता सिंह और कुछ देर में ही पुलिस अधीक्षक रामपुर विद्यासागर मिश्र भी फॉरेंसिक टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंच गए। परिजनों से बात की पुलिस ने शव को कब्जे लेने की कोशिश की तब परिजन पुलिस से यह कहते हुए भिड़ गए कि हत्या आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए तब वह शव को उठाने देंगे परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया और रोड को जाम कर दिया। एसपी रामपुर के आश्वासन पर परिजनों ने पोस्टमार्टम के लिए मृतक के शव को पुलिस को सौंपा। कोतवाल शाहबाद पंकज पन्त ढकिया चौकी इंचार्ज मनोज चौधरी व पुलिसकर्मी गांव में तैनात है।

### मृतक के भाई ने चार के खिलाफ दी तहरीर

मृतक यशपाल के भाई कुमरपाल पुत्र महेंद्र पाल ने कोतवाली शाहबाद में चार नामजद पर हत्या का आरोप लगाते हुए कोतवाली शाहबाद में तहरीर दी उसका आरोप है कि उसके भाई मृतक यशपाल का कतल ढकिया और नुसरत नगर के बीच पुरानी रंजिश के चलते लाखन सिंह, राजेश पुत्र लाखन व मनोज प्रधान व राजेश का भाई नामालूम ने रात में कर दिया है। मृतक यशपाल के बड़े भाई ने बताया कि उसकी गांव के बाहर वेल्डिंग की दुकान है उसे वेल्डिंग की दुकान पर वह उसका भाई मृतक यशपाल काम करते थे शाम को उसका भाई यशपाल खाना खाने के बाद रोज चोरी के डर से दुकान में ही सोता था सुबह जब वह दुकान पर गया तो उसका भाई नहीं था जिसके बाद वह दुकान पर झाड़ू लगा रहा था तभी कुछ लोगों ने उसे बताया कि उसका भाई रवानी पट्टी से ढकिया जाने वाले रास्ते पर मरा पड़ा है।

मृतक के भाई कुंमर पाल के द्वारा तहरीर दी गई है तीन नामजद एक अज्ञात के खिलाफ तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। मुकदमा पंजीकृत होने के बाद दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।
**विद्यासागर मिश्र एसपी रामपुर**

### मामला प्रेम प्रसंग का बताया जा रहा है

बताया जा रहा है कि लगभग 6 माह पहले प्रेम प्रसंग के मामले में मृतक पर युवती के भाई ने मुकदमा दर्ज कराया था जिसमें मृतक यशपाल जेल गया था। इसमें बाद में समझौते के प्रयास भी हुए थे।

### भीम आर्मी की टीम पहुंची मौके पर

21 वर्षीय मृतक यशपाल दलित समुदाय से था इस नाते भीम आर्मी और उसके समाज के लोग ने ढकिया चौकी में हगामा शुरू किया इस दौरान भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष सुनील सागर सहित अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता भी ढकिया पहुंचे।

# तेंदुए ने किया कुत्ते का शिकार गन्ने के खेत में मिले अवशेष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** चौकी मसवासी क्षेत्र करीमपुर गांव मे अवतार सिंह के फार्म हाउस में पिंजरा लगाकर वन कर्मी तेंदुए के फंसने के इंतजार में हैं, वहीं दूसरी ओर रहमतगंज में तेंदुए ने वन कर्मियों को चकमा देकर कुत्ते का शिकार कर लिया हैं ऐसे में आसपास के गांवों में लोगों के बीच दहशत और बढ़ गई है। किसान खेतों पर जाने से डर रहे हैं और बच्चों को घर से बाहर नहीं निकलने दे रहे हैं।

रहमतगंज में उदयराज मौर्य के गन्ने के खेत में कुत्ते के अवशेष मिलने की सूचना पर दिन गुरूवार को समय दो बजे वन रेंजर मुजाहिद हुसैन वन दरोगा शील कुमार, दरोगा गौरव चौधरी मौके पर पहुँचे और तेंदुए के पद चिन्ह तलाशे गए लेकिन जमीन सख्त होने की वजह से तेंदूऐ पद चिन्ह की पहचान नहीं हो पाई है, वही मामले की जानकारी वन रेंजर मुजाहिद हुसैन से ली गई तब उन्होंने बताया क्षेत्र में कई दिनों से तेंदुए को पकड़ने का प्रयास लगातार जारी है, और वन विभाग की टीम जंगल में कांबिंग भी कर रही है, जंगल में घूम रहे तेंदुए को जल्द पकड़ने के बाद पिंजरे में कैद किया जाएगा।



# प्रधान पर सरकारी धन का गबन करने का आरोप, डीएम से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद/रामपुर।** ग्राम ललवारा तहसील शाहबाद जिला रामपुर के रहने वाले अनादिल पाशा पुत्र शफी अहमद ने जिलाधिकारी रामपुर जोगिंदर सिंह से ग्राम प्रधान द्वारा सरकारी धन का गबन करने का आरोप लगाते हुए शिकायत की है। शिकायतकर्ता अनादिल पाशा का आरोप है कि ग्राम ललवारा के प्रधान अकीक अहमद ने स्वच्छ भारत अभियान, ग्रे वॉटर मेंटेनेंस के तहत जो ग्राम पंचायत ललवारा के विकास के लिए सरकारी धन आवंटित किया गया था। उसको ग्राम प्रधान द्वारा बैंक से निकाल लिया गया है और ग्राम पंचायत में उपरोक्त दोनों योजनाओं के तहत कोई भी कार्य नहीं कराया गया है और सरकारी धन को गबन कर लिया गया है। अनादिल पाशा ने डीएम गुहार लगाई है कि मामले की जांच करा कर ग्राम प्रधान अकील अहमद के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करें।

# जिले में अब तक 167793 लाभार्थियों ने कराई अपनी फार्मर रजिस्ट्री

## 55 प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री के साथ पूरे प्रदेश में जनपद रामपुर प्रथम स्थान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उप कृषि निदेशक शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि जिले में 3,07,005 किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थी हैं, जिनमें से अब तक 167793 लाभार्थियों ने अपनी फार्मर रजिस्ट्री करा ली है। इस प्रकार लगभग 55 प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री के साथ पूरे प्रदेश में जनपद रामपुर प्रथम स्थान पर है।

उप कृषि निदेशक ने बताया कि सभी किसानों को फार्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य है। इसके बिना किसान सम्मान निधि समेत अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाएगा। फार्मर रजिस्ट्री से किसानों को कई फायदे होंगे। किसान सम्मान निधि नियमित रूप से मिलती रहेगी। किसानों की भूमि का पूरा विवरण एक ही जगह उपलब्ध होगा। इससे भूमि संबंधी विवाद भी कम होंगे। उन्होंने बताया कि कृषकों की सुविधा के लिए जनपद के समस्त पंचायत सचिव/पंचायत सहायक सहित अन्य क्षेत्रीय कार्मिकों को फार्मर सहायक के रूप में भी नामित किया गया है। उन्होंने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री कराए जाने के लिए पोर्टल सुगमता से कार्य कर रहा है जिसमें कृषक फार्मर रजिस्ट्री के वेबसाइट पर जाकर स्वयं भी फार्मर रजिस्ट्री कर सकते हैं इसके साथ ही खतौनी और आधार में नाम को लेकर आ रही समस्या का निस्तारण हो गया है। अब आंशिक अंतर होने पर भी फार्मर रजिस्ट्री शुरू हो गई है। रजिस्ट्री कराने के लिए किसानों को अपने नजदीकी जनसेवा केंद्र पर सम्पर्क करना होगा। साथ में खतौनी और आधार कार्ड की छायाप्रति ले जानी होगी।

किसी समस्या के लिए लेखपाल या कृषि विभाग के कर्मचारियों से संपर्क कर सकते हैं। फार्मर रजिस्ट्री कराने से केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ मिलेगा।

इसमें खाद, बीज और कृषि यंत्रों पर सब्सिडी, डिजिटल केसीसी के जरिए लोन आदि शामिल हैं।




# गुणवत्ता के संदेह के आधार पर लगभग 90 किलोग्राम कचरी सीज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** खाद्य एवं पेय पदार्थों में मिलावट को रोकने और आम जन मानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराए जाने हेतु जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह के निर्देश पर सहायक आयुक्त (खाद्य)-I/अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा द्वारा जनपद में विशेष अभियान चलाया गया।

विशेष छापामार अभियान में डिग्री कॉलेज रोड स्थित शबरी ट्रेडर्स के फूल उर्फ शावेज से बेसन का 01 नमूना लिया गया।

बिलासपुर गेट स्थित इकबाल किराना के इकबाल पुत्र फजले अहमद से नमकीन का 01 नमूना लिया गया। शाहबाद गेट स्थित दूधिया इमरान अली पुत्र शौकत अली, रियाजुल पुत्र जमील अहमद और राजा खान पुत्र पुत्तन से दूध का 01-01 नमूना लिया गया। सहायक आयुक्त (खाद्य), मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद के नेतृत्व में रोशन बाग स्थित राजेश कुमार साई पापड़ के राजेश कुमार पुत्र रामगोपाल की कचरी फैक्ट्री से रंगीन कचरी के 02 नमूनें लिये गये तथा गुणवत्ता के संदेह के आधार पर लगभग 90 किलोग्राम (अनुमानित मूल्य 4050/-) कचरी नियमानुसार सीज की गयी।

इस प्रकार विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल 07 नमूनें संग्रहीत करके जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गये। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त मिलावट की प्रकृति के अनुरूप सुसंगत धाराओं में वाद योजित किये जायेगे। सचल दल में सहायक आयुक्त (खाद्य), मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद अशोक कुमार सिंह, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेन्द्र सिंह कुशवाहा, खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण रामचन्द्र यादव, राहुल शुक्ला, अजरा बी मोहम्मद उपस्थित रहे।


रामपुर। कचरी का सेम्पल भरकर सीज करती खाद्य विभाग की टीम

# एक का शांतिभंग में किया चालान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत सैफनी पुलिस द्वारा झगड़ा करने वाले एक अभियुक्त चंचल पुत्र कैदाल निवासी ग्राम रायपुर का मंझरा धीमरोवाला, थाना सैफनी जनपद रामपुर को गिरफ्तार कर अभियुक्त के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही कर न्यायालय उपजिलाधिकारी शाहाबाद कोर्ट में पेश किया।

# दुकानों के सामने से अस्थाई अतिक्रमण हटाने को लेकर नगर में चस्पा किए पोस्टर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** नगर पंचायत प्रशासन ने दुकानों के सामने अस्थाई अतिक्रमण करने पर दुकानदारों के खिलाफ जुर्माना करने की कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। और नगर में कई स्थानों पर इस मामले के पोस्टर चश्पा किए हैं। जिससे दुकानदारों में हड़कंप मचा हुआ है।

अस्थाई अतिक्रमण को लेकर नगर में कुछ राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था जिसको लेकर कुछ लोगों ने नगर पंचायत प्रशासन से इस मामले की शिकायत की थी नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार मिश्रा ने इस मामले में अपने अधीनस्थों को दुकानों के सामने सिलेवो से अस्थाई अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे।

अधिशासी अधिकारी के निर्देश पर नगर पंचायत के कर्मचारियों ने सार्वजनिक स्थानों पर पोस्टर चश्पा किए हैं जिसमें दुकानदारों पर अस्थाई अतिक्रमण न हटने पर जुर्माना कार्रवाई की चेतावनी जारी की गई है जिससे दुकानदारों में हड़कंप मचा हुआ है। उधर डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए वहां नगर में घुमाया जा रहा है नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक अमित चंद्रा ने कई वार्डो का भ्रमण किया और लापरवाही मिलने पर सफाई कर्मियों को कार्रवाई की चेतावनी दी है।




# रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा वितरण की गई किट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टांडा/रामपुर।** गुरुवार को टांडा पर 35 टीवी रोगियों को पोषण किट रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा वितरण की गई।गुरुवार को सी एच सी टांडा पर 35 टीवी मरीजों को पोषण किट रेड क्रॉस सोसाइटी रामपुर द्वारा वितरण की गई इसमें उपस्थित चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर सतवीर सिंह एवं सीनियर टीवी ऑफिसर नासिर अली और टीवी एच वी जितेंद्र पाराशर और अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# एआरटीओ पर खनन धंधेबाजो ने की हमले की कोशिश

## रेत के तीन डम्पर पकड़कर किए गये सीज, खनन धधेबाजों में मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** पट्टी कला कोसी नदी क्षेत्र पर रेत के ओवरलोड डंपर पकड़ने गए ए आरटीओ और खनन धंधेबाज में टकराव हो गया। खनन माफिया ने ए आरटीओ की गाड़ी पर डंपर चढ़ाने की कोशिश की जिससे हड़कंप मच गया।

सूचना पाकर आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और मौके से तीन डंपर को पकड़कर चीज कार्रवाई की गई है। पट्टी कला न 74 परिस्थित एक होटल के निकट बुधवार की देर रात ए आरटीओ राजेश कुमार श्रीवास्तव ने छापेमार कार्रवाई की।

इस दौरान हाइवे पर होटल के निकट खड़े कुछ रेत के डंपरों को उन्होंने कब्जे में लेने की कोशिश की। जिस पर खनन धंधेबाज से विवाद शुरू हो गया विवाद इतना बढ़ गया की खनन धंधेबाज ने आरटीओ की गाड़ी में टक्कर मारने की कोशिश की। जिससे हड़कंप मच गया।

एआरटीओ ने इस मामले की सूचना जिला मुख्यालय पर आला अधिकारियों को दी सूचना पाकर खनन अधिकारी अमित रंजन और कार्यवाहक स्वार पुलिस क्षेत्रधिकारी रविंद्र प्रताप सिंह, दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और मौके से तीन डंपर को कब्जे में ले लिया और तीनों डंपर के खिलाफ सीज कार्रवाई की। इस दौरान खनन धंधेबाज में हड़कंप मच गया तीनों डंपर को लाकर मानपुर चेक पोस्ट पर खड़ा कर दिया गया है अभी इस मामले में कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है।




# बस और कार की भिड़ंत में दो घायल, बस के यात्री हुए परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धमोरा/रामपुर।** नेशनल हाईवे धमोरा पर बस और का भिड़ंत हो गई जिसमें दो लोगों के चोटें आई है। बस यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा बहुत देर के इंतजार के बाद आई रोडवेज बस से यात्रियों ने अपना सफर पूरा किया। हादसे में क्षतिग्रस्त हुए कार और बस दिल्ली लखनऊ हाईवे पर वाहनों की लगी लंबी कतार क्षतिग्रस्त वाहनों को राहगीरों की मदद से साइड में कराया मौके पर पहुंची पुलिस ने लंबी कतार को सुचारू रूप से चालू कराया।

धमोरा थाना शहजाद नगर क्षेत्र के मेघा नगला गांव की साप्ताहिक बाजार के सामने गुरुवार की शाम 5:00 बजे हुई दुर्घटना में मिलक की ओर से आ रही तेज रफ्तार कर अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर दूसरी साइड आकर रामपुर की तरफ से आ रही रोडवेज में जा घुसी हादसे की जोरदार आवाज सुनकर मौके पर राहगीरों की भीड़ लग गई 18 वर्षीय सलमान और उनके साथी 25 वर्षीय मोइन रौरा कला कोतवाली मिलक निवासी शादी समारोह में शामिल होने के लिए कार में सवार होकर रामपुर जा रहे थे जैसे ही मेघा नगला की साप्ताहिक बाजार के सामने पहुंचे तो तेज रफ्तार अनियंत्रित कार डिवाइडर पर चढ़कर उलटी पलटी खाती हुई दूसरी साइड जाकर रोडवेज में घुस गई और कार सवार दोनों घायल हो गए।

मौके पर लगी भीड़ ने 108 एंबुलेंस को फोन कर बुलाया दोनों घायलों को ईएमटी शीशपाल तथा पायलट रजनीश की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया दिल्ली लखनऊ हाईवे पर बस और कार के क्षतिग्रस्त होने से वाहनों की लंबी कतार लग गई राहगीरों की मदद से बस और कर को साइड में करने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने वाहनों की लंबी लगी कतार को सुचारू रूप से चालू कराया हादसे में हुई क्षतिग्रस्त बस के यात्रियों को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ा कुछ देर बाद दूसरी रोडवेज में सवार होकर यात्रियों ने अपना सफर पूरा किया।



# युवक को घायल करने वाला हुआ गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** घर के बाहर बैठे युवक को हमला कर घायल करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान कर दिया पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर के निकट पर्यवेक्षण मे तथा सी.ओ.मिलक के कुशल नेतृत्व मे कोतवाली मिलक पुलिस द्वारा आज एक अभियुक्त का चालान मारपीट पर उतारू होने के कारण शान्ति भंग में किया गया है। नगर के मोहल्ला रौरा खुर्द निवासी भूरा पुत्र रमेश कश्यप अपने दरवाजे पर बैठा था मोहल्ले के ही लक्की पुत्र जगदीश ने अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट कर घायल कर दिया था आज पुलिस ने लक्की पुत्र जगदीश उम्र 25 वर्ष निवासी मौ.रोरा खुर्द थाना मिलक रामपुर को अन्तर्गत धारा 170/126/135 भा.ना.सु.सं. मे गिरफ्तार कर मा. न्यायालय एस.डी.एम. मिलक जनपद रामपुर भेजा।



# चैंपियंस ट्रॉफी: भारत का जीत से आगाज



## बांग्लादेश को 6 विकेट से हराया, गिल का शतक, रोहित शर्मा ने वनडे करियर में 11 हजार रन पूरे किए, शमी को 5 विकेट मिले

**दुबई, वार्ता।** चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत भारत ने जीत के साथ की है। दुबई में गुरुवार को टीम ने बांग्लादेश को 6 विकेट से हराया। बांग्लादेश ने पहले बैटिंग करते हुए 228 रन बनाए। भारत ने 46.3 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया।

भारत के लिए शुभमन गिल ने सेंचुरी लगाई। आईसीसी टूर्नामेंट में यह उनका पहला ही शतक है। रोहित शर्मा ने 41, केएल राहुल ने 38 और विराट कोहली ने 22 रन बनाए। मोहम्मद शमी ने 5, हर्षित राणा ने 3 और अक्षर पटेल ने 2 विकेट लिए। बांग्लादेश से तौहीद हृदोय ने शतक लगाया। 46वें ओवर की दूसरी गेंद पर शुभमन गिल ने सिंगल लिया। इसी के साथ उन्होंने 8वीं वनडे सेंचुरी भी पूरी कर ली।

शुभमन ने इंग्लैंड के खिलाफ पिछले वनडे में भी शतक लगाया था। वे पिछले 4 वनडे में 4 फिफ्टी प्लस स्कोर बना चुके हैं। शुभमन अपना दूसरा ही आईसीसी टूर्नामेंट खेल रहे हैं। उन्होंने इनमें पहला ही शतक लगाया। इससे पहले 2023 के वनडे वर्ल्ड कप में वे सेंचुरी नहीं लगा सके थे। 43वें ओवर में भारत ने अपनी डबल सेंचुरी पूरी कर ली। शुभमन गिल ने तंजिम हसन साकिब के खिलाफ सिंगल लिया। इसी के साथ उन्होंने टीम का स्कोर 200 रन तक पहुंचा दिया। शुभमन के साथ केएल राहुल भी पिच पर मौजूद रहे। दूसरे पावरप्ले में भारत ने महज 120 रन बनाए और 3 विकेट भी गंवा दिए। हालांकि, ये रन टीम को जीत के करीब पहुंचाने के लिए काफी रहे। मिडिल ओवर्स में विराट कोहली 22, अक्षर पटेल 8 और श्रेयस अय्यर 15 रन बनाकर आउट हुए। 37वें ओवर में केएल राहुल को जीवनदान मिला। तस्कीन अहमद के इस ओवर में जाकिर अली से राहुल का कैच ड्रॉप हो गया। राहुल लेंथ बाल पर बड़ा शॉट खेलना चाहते थे। बाल स्क्वेयर लेग पर खड़े जाकिर अली के पास गई, लेकिन जाकिर कैच नहीं कर सके। 32वें ओवर में भारतीय टीम ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया है।

तंजीम हसन साकिब की आखिरी बाल पर गिल ने एक रन लेकर टीम को 150 का आंकड़ा पार कराया। 31वें ओवर में भारत ने चौथा विकेट गंवाया। यहां अक्षर पटेल 8 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें रिशाद हुसैन ने काट एंड बोल्ड किया। 28वें ओवर में भारत ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां श्रेयस अय्यर 15 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मुस्तफिजुर रहमान ने नजमुल हसन शांतो के हाथों कैच कराया। शुभमन गिल ने फिफ्टी पूरी कर ली है। उन्होंने लगातार चौथे वनडे में अर्धशतक जमाया है। गिल ने 25वां ओवर डाल रहे रिशाद हुसैन के ओवर की आखिरी बाल पर एक रन लेकर हाफ सेंचुरी पूरी की। 23वें ओवर में भारत ने दूसरा विकेट गंवा दिया है।

# जीत की हैट्रिक लगाने के इरादे से उतरेगी आरसीबी

## ● हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस से होगा सामना





**बेंगलुरू।** स्मृति मंधाना की अगुआई वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम शुक्रवार को अपने घरेलू मैदान पर महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के मुकाबले में मुंबई इंडियंस से भिड़ेगी। गत चैंपियन आरसीबी ने अब तक इस सत्र में अच्छा प्रदर्शन किया है और अपने दोनों मुकाबले जीते हैं।

आरसीबी की नजरें अब मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत की हैट्रिक लगाने पर टिकी होगी। आरसीबी ने डब्ल्यूपीएल के मौजूदा सत्र के पहले मैच में गुजरात जॉएंट्स के खिलाफ 200 से अधिक रन का लक्ष्य हासिल किया था और इसके बाद दिल्ली कैपिटल्स को भी आसानी से हराया था। स्मृति मंधाना की अगुआई वाली टीम के चार अंक हैं और वह अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज है। टूर्नामेंट में किसी भी अन्य टीम ने अभी तक अपने सभी मैच नहीं

**■ गत चैंपियन आरसीबी ने अब तक इस सत्र में अच्छा प्रदर्शन कर दोनों मैच जीते है**

जीते हैं। आरसीबी की टीम को चिन्नास्वामी स्टेडियम में दर्शकों का अपार समर्थन मिलना तय है। इस मैच में सभी की निगाहें मंधाना पर टिकी रहेंगी जिन्होंने दिल्ली के खिलाफ पिछले मैच में 47 गेंद पर 81 रन की तूफानी पारी खेली थी। भारतीय टीम की उपकप्तान मंधाना इस समय बेहतरीन फॉर्म में चल रही हैं और मुंबई के गेंदबाजों को उन पर अंकुश लगाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। आरसीबी की तरफ से मंधाना के अलावा एलिसे पेरी, राघवी बिष्ट, ;चा घोष और युवा कनिका आहूजा ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। आरसीबी हालांकि अपने गेंदबाजी विभाग को लेकर थोड़ा चिंतित होगा क्योंकि उसके गेंदबाज अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। मुंबई की टीम बेहद मजबूत है और उसे हराना आसान नहीं होगा। पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ नैट साइवर-ब्रंट की बेजोड़

बल्लेबाजी (59 गेंदों में 80 रन) और हरमनप्रीत के साथ उनकी 73 रन की साझेदारी के बावजूद टीम को हार का सामना करना पड़ा था और अब हरमनप्रीत

कौर की अगुम्ई वाली टीम दमदार वापसी करने के लिए प्रतिब( होगी।

**-दोनों टीमें इस प्रकार हैं-**

**मुंबई इंडियंस:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), नादिन डी क्लार्क, संस्ख्रति गुप्ता, साइका इशाक, शबनीम इस्माइल, जिन्तिमनी कलिता, जी कमलिनी, अमनदीप कौर, अमनजोत कौर, सत्यमूर्ति कीर्तन, अमेलिया केर, अक्षिता माहेश्वरी, हेले मैथ्यूज, सजीवन सजना, नट साइवर-ब्रंट, पारुनिका सिसौदिया, क्लो ट्राइटन।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु:** स्मृति मंधाना (कप्तान), कनिका, एकता बिष्ट, चार्ली डीन, किम गार्थ, ऋचा घोष, हीदर ग्राहम, वीजे जोशिता, सब्बिनेनी मेघना, नुजहत परवीन, जाग्रवी पवार, एलिसे पेरी, राघवी बिस्ट, स्नेह राणा, प्रेमा रावत, रेणुका सिंह, जॉर्जिया वेयरहम, डैनी व्याट-हॉज।

खेल विशेष

## रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल 5वें दिन मुंबई को 323 रन चाहिए

**अहमदाबाद/नागपुर, वार्ता।** रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के चौथे दिन मुंबई के खिलाफ विदर्भ ने मजबूत पकड़ बना ली है। टीम ने 406 रन का टारगेट दिया। जिसके जवाब में मुंबई ने दूसरी पारी में 83 रन पर 3 विकेट गंवा दिए। टीम को आखिरी दिन 323 रन की जरूरत है। दूसरा सेमीफाइनल केरल और गुजरात के बीच खेला जा रहा है। पहली पारी में केरल ने 457 रन बनाए। गुजरात ने 7 विकेट खोकर 429 रन बना लिए। टीम 28 रन पीछे हैं। मुंबई अे विदर्भ नागपुर के वीसीए स्टेडियम में विदर्भ ने बैटिंग चुनी। पहली पारी में विदर्भ ने 383 और मुंबई ने 270 रन बनाए। दूसरी पारी में विदर्भ ने 292 रन बनाए, पहली पारी की बढ़त के आधार पर उन्होंने 406 रन का टारगेट दिया। विदर्भ से यश राठौड़ ने 151 और अक्षय वाडकर ने 52 रन बनाए। मुंबई से शम्स मुलानी ने 6 और तनुष कोटियान ने 3 विकेट लिए। 1 विकेट शार्दूल ठाकुर को भी मिला। रहाणे 12 रन बनाकर आउट मुंबई ने दूसरी पारी में 83 रन पर 3 विकेट गंवा दिए। आयुष म्हात्रे 18, सिद्धेश लाड 2 और कप्तान अजिंक्य रहाणे 12 रन बनाकर आउट हो गए। शिवम दुबे 12 और आकाश आनंद 27 रन बनाकर नॉटआउट रहे। विदर्भ से हर्ष दुबे ने 2 और पार्थ रेखडे ने 1 विकेट लिया। सेमीफाइनल-2प्रतिशत गुजरात अे केरल अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में केरल ने बैटिंग चुनी। टीम ने 187 ओवर बैलटग की और 457 रन बना दिए। मोहम्मद अजहरुद्दीन ने 177 रन बनाए। सलमान निजार ने 52 और कप्तान सचिन बेबी ने 69 रन बनाए। गुजरात से अर्जन नागवासवाला ने 3 और चिंतन गाजा ने 2 विकेट लिए। गुजरात ने स्टंप्स तक 7 विकेट खोकर 429 रन बना लिए हैं। टीम से प्रियांक पांचाल ने 148 और आर्या देसाई ने 73 रन बनाए। मिडिल ऑर्डर में 3 बैटर्स ने 30 प्लस रन बनाए।

# भारत के खिलाफ नहीं खेलेंगे फखर



● न्यूजीलैंड के साथ हुए पहले मैच में हुए थे चोटिल इमाम-उल-हक टीम में शामिल हुए

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तानी ओपनर फखर जमान चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह इमाम उल हक को टीम में शामिल किया गया है। जमान को न्यूजीलैंड के खिलाफ कराची में खेले गए पहले लीग मैच में फील्डिंग के दौरान चोट लगी थी।

न्यूजीलैंड की पारी के पहले ओवर में फखर जमान चोटिल हो गए थे। विल यंग ने शाहीन के ओवर की दूसरी बॉल को कवर्स की ओर खेला था। फखर चौका रोकने में कामयाब रहे, लेकिन डाइव लगाते समय अपने घुटने को चोटिल कर बैठे। उसके बाद वह लड़खड़ाते हुए खड़े हुए और मैदान से बाहर चले गए। उनकी जगह कामरान गुलाम ने फील्डिंग की। बैटिंग करने भी चौथे नंबर पर आए जमान फखर चोट की वजह से बैटिंग करने भी ओपनिंग की जगह 4 नंबर पर बल्लेबाजी करने आए। उन्हें विकेटों के बीच दौड़ने में भी परेशानी हो रही थी। उन्होंने 41 गेंदों पर 24 रन बनाए। इस पारी के दौरान उन्हें दो बार चिकित्सा की आवश्यकता पड़ी। 2017 चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में खेले थे 114 रन की पारी फखर 2023 वर्ल्ड कप के बाद से कोई वनडे मैच नहीं खेला है। वह 2017 चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में भारत के खिलाफ 114 रन की पारी खेल कर पाकिस्तान को विजेता बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। सैम अयूब पहले ही हो चुके हैं चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर पाकिस्तान को फखर के बाहर होने से काफी नुकसान हो सकता है। पाकिस्तान को अपना दूसरा लीग मैच 23 फरवरी को भारत के खिलाफ दुबई में खेलना है।

## चोटिल पेनफोल्ड श्रीलंका ऑस्ट्रेलिया सीरीज से हुई बाहर

**वेलिंग्टन, वार्ता।** न्यूजीलैंड की महिला टीम की तेज गेंदबाज मौली पेनफोल्ड घुटने की चोट के कारण श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज से बाहर हो गई हैं। 23 वर्षीय पेनफोल्ड को इस महीने की शुरुआत में हैलीबर्टन जॉनस्टोन शील्ड में खेलते समय बाएं घुटने में चोट लगने के बाद उनकी सर्जरी हुई थी। चिकित्सकों के अनुसार उनकी चोट को ठीक होने में 12 सप्ताह तक का समय लग सकता है।

# डिविलियर्स का आरसीबी ने सही तरीके से उपयोग नहीं किया : संजय मांजरेकर

**डिविलियर्स ने 2011 और 2016 में आरसीबी के साथ फाइनल खेला, पर दोनों हारे**

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर अपने विवादित बयानों के कारण चर्चाओं में बने रहते हैं। अब उन्होंने कहा है कि दक्षिण अफ्रीका के स्टार बल्लेबाज रहे एबी डिविलियर्स ने आईपीएल में गलत टीम से खेला था।

एबीडी ने शुरुआत में दिल्ली डेयरडेविल्स के लिए आईपीएल में तीन सत्र खेले थे। वहीं 2011 की आईपीएल मेगा ऑक्शन में वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु में शामिल हुए और 2021 में अपने करियर को अलविदा कहने तक उसकी ओर से ही खेलते रहे। एबीडी ने 184 आईपीएल मैचों में 5162 रन बनाए लेकिन कभी टीम को आईपीएल खिताब नहीं जिता पाये। उन्होंने 2011 और 2016 में आरसीबी के साथ आईपीएल फाइनल खेला पर दोनों बार टीम हार गयी। 14 साल के अपने आईपीएल करियर में खिताब न जीतने के बावजूद एबीडी आईपीएल में खेलने वाले सबसे बड़े क्रिकेटरों में से एक हैं। मांजरेकर के अनुसार डिविलियर्स का आरसीबी ने सही तरीके से उपयोग नहीं किया। मांजरकेर का कहना है कि डिविलियर्स को टॉप आर्डर में आना चाहिए था और उन्होंने यह भी कहा कि एबी ने गलत फेंचाइजी के लिए खेला। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु तीन बार ट्रॉफी के करीब पहुंची, 2009, 2011 और 2016 में, लेकिन वे फाइनल में हार गए। ट्रॉफी के सूखे के बावजूद,आरसीबी अतीत में कई महान बल्लेबाजों का घर रहा है जो मैच विनर से कम नहीं हैं। चाहे वह केएल राहुल हो, वॉटसन हो, क्रिस गेल हो, ब्रेंडन मैकुलम हो या एबीडी, आरसीबी ने हमेशा अपने रैंकों में आक्रामक बल्लेबाजों की विलासिता का आनंद लिया है।

# वनडे में लगातार 11वां टॉस हारा भारत

## ● नीदरलैंड के इस अनचाहे रिकॉर्ड की बराबरी की



**दुबई, वार्ता।** चैंपियंस ट्रॉफी में गुरुवार को बांग्लादेश के खिलाफ मैच से भारत के अभियान की शुरुआत हो गई। ग्रुप-ए का यह मुकाबला दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है।

इस मैच में बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हसन शांतो ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। यह लगातार चौथी बार रहा जब भारतीय कप्तान रोहित शर्मा टॉस हारे हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के तीनों मैचों में भी टॉस गंवाया था। चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में यह क्रम जारी रहा। हालांकि, इंग्लैंज के खिलाफ टीम इंडिया सीरीज जीतने में कामयाब रही थी। भारत ने 3-0 से इंग्लैंड का सूपड़ा साफ किया था। भारतीय टीम ने वनडे में लगातार 11वां टॉस गंवाया है।

टीम 2023 वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के मैच के बाद से कोई टॉस जीत नहीं सकी है। इस दौरान भारतीय टीम 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज, श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज और इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में टॉस गंवा चुकी है। इस दौरान भारत ने पिछले 10 वनडे मैचों में से पांच जीते हैं, जबकि चार में हार मिली है। एक मैच टाई रहा है। वनडे में लगातार सबसे ज्यादा टॉस हारने के मामले में भारत ने नीदरलैंड की बराबरी की। भारत और नीदरलैंड अब संयुक्त रूप से सबसे आगे है। नीदरलैंड की टीम मार्च 2011 से लेकर अगस्त 2013 तक लगातार 11 वनडे में टॉस हारी थी। वहीं, आईसीसी के नियमित सदस्य देशों में भारत के आंकड़े सबसे ज्यादा हैं। भारतीय कप्तान रोहित ने प्लेइंग-11 में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे वनडे से कुछ बदलाव किए। वरुण चक्रवर्ती और अर्शदीप सिंह को बाहर किया गया। मोहम्मद शमी और रवींद्र जडेजा की वापसी हुई है।

## ● मेरठ इन्वेडर्स को हराकर टूर्नामेंट से किया बाहर

**लखनऊ, वार्ता।** एलएलसी टेन 10 में आज से नॉकआउट राउंड की शुरुआत हो चुकी है। सुपर सिक्स के पहले मुकाबले में क्रिकेट का रोमांच चरम पर दिखा। सुपर स्ट्राइकर्स ने मेरठ इन्वेडर्स को डबल सुपर ओवर में हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में दोनों टीमों ने 10-10 ओवर के बाद 132 रन बनाए थे। इसके बाद पहले सुपर ओवर में भी दोनों टीमों ने एक जैसा स्कोर बनाया। फिर दूसरे सुपर में जाकर नतीजा निकला। सुपर सिक्स राउंड में तीन मैचों से टॉप-तीन टीमें तय होंगी और वे अगले राउंड में पहुंचेंगी। हारने वाली टीम का सफर यहीं समाप्त हो जाएगा।सुपर स्ट्राइकर्स की टीम ने सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ रन बनाए। जवाब में मेरठ की टीम भी आठ रन ही बना सकी और दो विकेट गंवा दिए। इस तरह स्कोर बराबर रहा और मैच दूसरे सुपर ओवर में गया। जिन खिलाड़ियों का पहले सुपर ओवर में इस्तेमाल किया जा चुका था, दूसरे सुपर ओवर में उनका इस्तेमाल नहीं हो सकता था।

## एलएसजी का रुख आईपीएल में आक्रामक रहेगा : जहीर

**नई दिल्ली, वार्ता।** लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) टीम के मेंटर जहीर खान ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में लखनऊ सुपरजायंटस के पास बाएं हाथ के कई बल्लेबाज हैं। पिछले साल की मेगा नीलामी के दौरान लखनऊ ने पांच बाएं हाथ के बल्लेबाजों को खरीदा है। इसमें से तीन को अंतिम ग्यारह में जगह मिल सकती है। ऋषभ पंत, निकोलस पूरन और डेविड मिलर शुरुआत में उतरेंगे। साथ ही कहा कि तीन बाएं हाथ के बल्लेबाजों के होने से टीम का रुख आक्रामक रहेगा। जहीर के अनुसार इतने बांए हाथ के खिलाड़ी रखना टीम की रणनीति भी हो सकती है। एलएसजी ने इस सत्र के लिए ऋषभ को कप्तान बनाया है। 2016 में दिल्ली डेयरडेविल्स की कप्तानी करने वाले जहीर ने ;षभ को देखा है और उनके साथ काम किया है। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज के अनुसार ऋषभ ऐसे व्यक्ति हैं जो पूरी टीम को प्रेरित कर सकते हैं और क्रिकेट का एक ऐसा ब्रांड स्थापित कर सकते हैं जिसे एलएसजी खेलना चाहता है।

# मोहम्मद शमी ने रचा इतिहास

## ● सबसे तेजी से 200 विकेट लेकर बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड ●



**दुबई, वार्ता।** वर्ल्ड कप 2023 में अपनी कहर बरपाती गेंदबाजी से विकेटों की झड़ी लगाकर रिकॉर्ड्स बनाने वाले दिग्गज तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है. वर्ल्ड कप के बाद पहला आईसीसी टूर्नामेंट खेल रहे शमी ने चैंपियंस ट्रॉफी में टीम इंडिया के पहले ही मैच में 3 विकेट लेकर वनडे क्रिकेट में अपने 200 शिकार पूरे कर लिए हैं।

इसके साथ ही वो सबसे तेजी से ये उपलब्धि हासिल करने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। दुबई में बांग्लादेश के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के इस मुकाबले से पहले शमी को 200 विकेट पूरे करने के लिए 3 शिकार करने की जरूरत थी. अपने 12 साल लंबे करियर में पहली बार चैंपियंस ट्रॉफी का मुकाबला खेल रहे शमी ने निराश नहीं किया और पहले ही ओवर में विकेट लेकर इस रिकॉर्ड की ओर कदम बढ़ाया। फिर अपने चौथे ओवर में भी शमी ने कमाल किया और बांग्लादेश का तीसरा, जबकि अपना दूसरा विकेट हासिल किया। फिर कुछ देर के इंतजार के बाद शमी ने जाकिर अली को आउट कर न सिर्फ 154 रन की बड़ी साझेदारी को तोड़ा, बल्कि अपने 200 विकेट भी पूरे कर लिए। 2013 में वनडे क्रिकेट में डेब्यू करने वाले शमी ने अपने 104वें मैच 200 विकेट पूरे कर लिए।

# रिजवान ने हार का जिम्मेदार बल्लेबाजों को बताया



**मुम्बई, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के पहले ही मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली 60 रनों की करारी हार के लिए अपने बल्लेबाजों और गेंदबाजों को दोष दिया है। इस मैच में न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 320 रन बनाये और मेजबानों को जीत के लिए 321 रनों का लक्ष्य दिया था जिसका पीछा करते हुए पाक टीम 47.2 ओवर में 260 रन ही बना पायी।

रिजवान के अनुसार मैच में उनकी टीम ने दो बार लय खोई जिस वजह से न्यूजीलैंड को उन पर हावी होने का अवसर दिया। रिजवान ने मैच के बाद कहा कि उन्होंने अच्छा लक्ष्य दिया, हमें इसकी उम्मीद नहीं थी।

हम 260 के आसपास के स्कोर की उम्मीद कर रहे थे। हमने अपना सबसे अच्छा प्रदर्शन किया पर विरोधी टीम ने अच्छा खेला। हम पिच की स्थिति देखते हैं, पहले पिच पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं था। वहीं जब विल यंग और लेथम ने साथ मिलकर बल्लेबाजी की तो यह आसान हो गया। अंत में हमने त्रिकोणीय सीरीज के फाइनल की तरह ही गलती की और उन्होंने अच्छा लक्ष्य बनाया। 321 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने धीमी शुरुआत दी, उन्होंने इस मैच में 90 गेंदों का सामना करते हुए 6 चौकों और 1 छक्के की सहायता से केवल 64 रन बनाए। बाबर की इस धीमी पारी की वजह से दूसरे बल्लेबाजों पर दबाव पड़ा जिस वजह से टीम तेजी से बन बनाने के प्रयास में विकेट गंवाती रही। पाक कप्तान ने कहा कि हमें बल्ले से अच्छी शुरुआत नहीं मिली। हमने दो बार लय खोई, एक बार डेथ ओवरों में गेंदबाजी करते समय और फिर पावरप्ले में बल्लेबाजी करते समय।

## ● विदर्भ ने मुंबई को दिया 407 रनों का लक्ष्य

**नागपुर, वार्ता।** यश राठौड़ (151) की जूझारू शतकीय पारी के दम पर रणजी ट्राफी के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले के चौथे दिन गुरुवार को विदर्भ ने मुम्बई को जीत के लिए 407 रनों का लक्ष्य दिया। विदर्भ ने कल के चार विकेट पर 147 रन से आगे खेला शुरु किया। आज सुबह शम्स मुलानी ने विदर्भ के कप्तान अक्षय वड़कर (51) को बोल्ड कर मुम्बई को पांचवी सफलता दिलाई। इसके बाद हर्ष दुबे (एक) को तनुष कोटियान ने पगबाधा आउट किया। दर्शन नालकंडे (चार), पार्थ रेखड़े (30), नचिकेत भूटे (एक) रन बनाकर आउट हुए। तनुष कोटियान ने यश राठौड़ (151) को आउटकर विदर्भ की दूसरी पारी का 292 के स्कोर पर सिमट गयी। इसी के साथ विदर्भ की कुल बढ़त 206 रन हो गई। मुम्बई को यह मुकाबला जीतने के लिए 32 ओवर में 407 रन बनाने होंगे। जो नामुमकिन लगता है। मुम्बई की ओर से शम्स मुलानी ने छह विकेट लिए। तनुष कोटियान को तीन विकेट मिले। शार्दुल ठाकुर ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले विदर्भ ने पहली पारी में 382 का स्कोर बनाया था।

# सम्पादकीय

शुक्रवार, 21 फरवरी 2025

## दिल्ली: चुनौतियों का ताज

दिल्ली करीब 27 साल के बाद एक निर्णायक जनादेश के साथ बीजेपी की वापसी हुई है। रेखा गुप्ता की अगुवाई में नई सरकार ने शपथ ले ली है। इस नई बीजेपी सरकार को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा जिनमें अपने प्रमुख चुनावी वादों को पूरा करना, पिछली सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जारी रखना, शहर के प्रदूषण और बुनियादी ढांचे की समस्याओं को ठीक करना और यमुना की सफाई शामिल है। भाजपा सरकार को राष्ट्रीय राजधानी की वित्तीय सेहत पर नजर रखते हुए ये सारे काम करने होंगे। अपने गठन के बाद से पहली बार सत्ता से बाहर हुई आम आदमी पार्टी अब विपक्ष में होगी, और भाजपा पर दबाव बनाएगी। भाजपा की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की शीर्ष प्राथमिकताओं में दिल्ली की महिलाओं को 2,500 रुपये मासिक मानदेय प्रदान करने के अपने वादे को पूरा करना होगा। यह पार्टी के घोषणापत्र में एक प्रमुख प्रतिबद्धता थी और इसे आप के 2100 रुपये के वादे से आगे निकलने के लिए तैयार किया गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक फरवरी को द्वारका में एक रैली को संबोधित करते हुए आश्वासन दिया था कि अगर भाजपा सत्ता में आती है तो पहली कैबिनेट बैठक में राशि हस्तांतरित करने का निर्णय लिया जाएगा। आप ने मानदेय का भुगतान करने की भाजपा की प्रतिबद्धता पर संदेह जताया है। पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने इस शुक्रवार को कहा कि वह नई सरकार को जवाबदेह ठहराएंगी। भाजपा के लिए एक और बड़ी चुनौती आप सरकार द्वारा शुरू की गई कल्याणकारी योजनाओं को जारी रखना होगा, जिसमें 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी का कनेक्शन और महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा आदि शामिल हैं। जबकि भाजपा ने मतदाताओं को आश्वासन दिया है कि ये लाभ बंद नहीं किए जाएंगे, आप नेताओं ने पार्टी की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता पर सवाल उठाए हैं। हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मतदाताओं को भरोसा दिलाया था कि मुफ्त योजनाएं जारी रहेंगी लेकिन ऐसे कार्यक्रमों में 'भ्रष्टाचार' को खत्म किया जाएगा। भाजपा को दिल्ली में अपने प्रमुख कार्यक्रमों को भी लागू करना है। भाजपा ने दिल्ली में आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना शुरू करने का वादा किया था और यह चुनावी मुद्दा बन गया था। भाजपा ने दिल्ली के सभी 'मोहल्ला क्लीनिक' में सुधार करने का भी संकल्प लिया है और इनके कामकाज में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। राजौरी गार्डन से भाजपा विधायक मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि 'मोहल्ला क्लीनिक' को 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर' के रूप में पुन: पेश किया जाएगा और इनमें बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान की जाएगी। भाजपा के अभियान के दौरान यमुना की सफाई एक बड़ा मुद्दा था। भाजपा ने एक दशक लंबे शासन में नदी की सफाई में विफल रहने के लिए आप को घेरा, जबकि केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली हरियाणा सरकार नदी को 'जहरीले अमोनिया' से प्रदूषित कर रही है। दिल्ली में पांच फरवरी को हुए चुनाव में जीत के बाद भाजपा के विजय उत्सव के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने नदी की सफाई के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। प्रशासन ने दिल्ली में यमुना के 57 किलोमीटर लंबे हिस्से में सफाई अभियान के लिए कचरा निकालने वाली मशीनें, खरपतवार निकालने वाली मशीनें और ड्रेजर तैनात करना शुरू कर दिया है। इसके अलावा, भाजपा सरकार पर दिल्ली की खराब होती सड़कों और सीवेज व्यवस्था को सुधारने का दबाव होगा। खराब बुनियादी ढांचा मतदाताओं की एक बड़ी चिंता थी और इन मुद्दों का समाधान करना सरकार की विश्वसनीयता के लिए महत्वपूर्ण होगा। प्रदूषण दिल्ली के लिए सबसे बड़ी चिंताओं में से एक है, क्योंकि यह वैश्विक स्तर पर सबसे प्रदूषित राजधानियों में से एक है। भाजपा सरकार पर इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीति को अद्यतन करने सहित एक प्रभावी प्रदूषण नियंत्रण रणनीति को लागू करने का दबाव होगा, जिसे आप 2020 में लागू होने के बाद

## देश का हर दलित आंबेडकर



कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बृहस्पतिवार को दो दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली पहुंचे जहां पर उन्होंने दलित छात्रों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि दलितों के साथ जो हजारों साल में अन्याय और भेदभाव हुआ है डॉ. आंबेडकर ने वो ध्यान में रखकर संविधान बनाया है। देश की हजारों साल की संस्कृति और महापुरुषों के विचार देश के संविधान में हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. आंबेडकर के विचार समाज से आए हैं। देश का हर दलित आंबेडकर है। डॉ. आंबेडकर ने संविधान के माध्यम से दलितों को शक्ति दी है। उन्होंने कहा कि आज देश में संविधान की आवाज को दबाया जा रहा है। देश में दलितों की आबादी 15 प्रतिशत है लेकिन इसके अनुपात में देश की टॉप कंपनियों के मालिक और सीईओ दलित समाज से नहीं हैं।

**राहुल गांधी**

# ओडिशा में नेपाली छात्रा की मौत

## भारत नेपाल संबंधों में खटास का एक और कारण न बन जाए...




यशोदा श्रीवास्तव

ओडिशा में मृत नेपाली छात्रा के शव के अंतिम संस्कार में उमड़े जनसैलाब और भारत के प्रति उसके गुस्से को देख ऐसी आशंका है कि नेपाल में भारत विरोधी बयार और तेज होगी। माना कि सभी नेपाली नागरिक और सभी राजनीतिक दल भारत से नफरत का भाव नहीं रखते लेकिन पहाड़ की बहुतायत जनसंख्या भारत के विरोध में रहती है। चूंकि नेपाल के मौजूदा पीएम केपी शर्मा ओली की छवि भारत विरोध की है, इसलिए उनके दल एमाले के समर्थकों को भारत विरोधी माना जाता है। भारत सीमा से सटे बुटवल और भैरहवा तक में ऐसी प्रतिक्रिया देखी गई। सत्तारूढ़ दल एमाले के युवा और छात्र संगठन इस मुद्दे को भारत विरोध का बड़ा मुद्दा बनाने के प्रयास में हैं। नेपाल की छात्रा के साथ ओडिशा में घटित घटना के आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है लेकिन शिक्षण संस्थान जिसमें वह छात्रा पढ़ रही थी, के प्रशासन द्वारा उसी संस्थान में पढ़ रहे करीब 500 नेपाली छात्रों के साथ किया गए बर्ताव से नेपाल सरकार भारत मे शिक्षा ले रहे अपने छात्रों के प्रति चिंतित है। भारत सरकार को भी इस बात की चिंता करनी चाहिए कि प्रतिक्रिया स्वरूप नेपाल के मेडिकल कालेजों में पढ़ रहे हजारों भारतीय छात्र-छात्राओं के साथ कुछ ऐसा न हो।

बता दें की ओडिशा में कलिंगा इंस्टीटयूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी (केआईआईटी) विश्वविद्यालय में पढ़ने वाली नेपाल के बुटवल की छात्रा प्रकृति लमसाल की बीते रविवार की हास्टल के उसके कमरे मे रहस्यमय मौत हो गई। इस संस्थान में नेपाल के तकरीबन 500 और छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। प्रकृति लमसाल बीटेक तीसरे वर्ष की छात्र थी। उसकी आकस्मिक मौत की खबर से वहां पढ़ रहे नेपाली छात्र आक्रोशित हो गए और शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर घटना की निष्पक्ष जांच की मांग करने लगे। विश्वविद्यालय प्रशासन सूझबूझ से काम लेने के बजाय नेपाली छात्रों से हास्टल खाली कराकर उन्हें नेपाल वापस जाने के लिए भूवनेश्वर व कटक रेलवे स्टेशन पर पंहुचा दिया। विश्वविद्यालय के गार्डों ने नेपाली छात्रों के साथ मार पिटाई भी की।

प्राकृतिक लमसाल की मौत के पीछे विश्वविद्यालय प्रशासन ने 'रोमांटिक' कनेक्शन बताया है। आक्रोशित नेपाली छात्रों का कहना है कि प्राकृति को एक भारतीय छात्र लगातार परेशान कर रहा था। इसकी शिकायत विश्वविद्यालय प्रशासन से कई बार की गई लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया। इस बीच प्राकृति और भारतीय छात्र के बीच वार्ता का एक वीडियो वायरल हुआ है जिसे नेपाल में घर-घर देखा सुना जा रहा है। यह वीडियो नेपाल में भारतियों के प्रति नफरत की आग में घी का काम कर रहा है। ओडिशा के केआईआईटी के डायरेक्टर एक राजनेता हैं अच्युताय नंद सामंत। अच्युतानंद सामंत वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष हैं। उनके हिस्से में ढेर सारी उपाधियां, उपलब्धियां दर्ज है। 2019 से 2024 तक वे ओडिशा के कंधमाल से बीजू जनता दल के संसद सदस्य (लोकसभा) थे। उत्कल विश्वविद्यालय से रसायन विज्ञान में एम.एस. सी. की डिग्रीधारी सामंत ने भुवनेश्वर के एक कॉलेज में रसायन विज्ञान के व्याख्याता के रूप में अपना करियर शुरू किया। सामंत को कई पुरस्कार मिले और उन्होंने सामाजिक उद्यमिता के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए। अमेरिकन एज फाउंडेशन ने उन्हें दुनिया के शीर्ष 15 सामाजिक उद्यमियों में शामिल किया। सामंत का नाम लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भारत के किसी भी विश्वविद्यालय के सबसे कम उम्र के चांसलर के रूप में दर्ज है। सामंत यूजीसी के दो बार सदस्य भी रहे। मात्र दो कमरे में केआईआईटी की शुरुआत करने वाले अच्युताय नंद सामंत का इतना बड़ा साम्राज्य रहस्यमयी संसार से कम नहीं। प्राकृति की मौत की घटना के बाद जब नेपाली छात्र आक्रोशित हुए तो इस विश्वविद्यालय प्रशासन का कोई चिंटू दावा कर रहा था कि जितना नेपाल सरकार का बजट है उससे ज्यादा इस विश्वविद्यालय का बजट है। दावा है कि वर्तमान में इस संस्थान में 40 हजार छात्र हैं और 65 देशों का प्रतिनिधित्व है। नेपाल के बुटवल की रहने वाली प्राकृति भी इसी 65 देशों में से एक नेपाल का हिस्सा थी जो इस संस्थान के क्रूर और निर्दयी प्रशासन का शिकार हो गई। बहर हाल इस घटना के विरोध में नेपाल के राजनीतिक दल और छात्र संगठन लगातार आंदोलनरत हैं, यह और उग्र न हो इसे रोकने की जिम्मेदारी दोनों देशों के राजनयिक और उच्च प्रशासन की है। ताकि ऐसा न हो कि यह घटना भारत नेपाल संबंधों में खटास का एक और कारण बन जाए।



## हार्ट अटैक के जोखिम को बढ़ा सकती हैं आपकी ये आदतें

### इन बातों का रखें खास ख्याल...

**दुनियाभर** में हृदय रोग मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक रहे हैं। आंकड़ों की मानें, तो हर साल हार्ट अटैक की वजह से लाखों लोगों की मौत हो जाती है। कुछ दशकों पहले तक हृदय की समस्याओं को उम्र बढ़ने के साथ होने वाली बीमारी के रूप में देखा जाता था। हालांकि अब तो कम उम्र के लोग भी हार्ट अटैक का शिकार हो रहे हैं। वहीं हृदय की समस्याएं किन वजहों से होती है, इस पर नजर डालें तो पता चलता है कि लोगों की अनहेल्दी लाइफस्टाइल जैसे व्यायाम की कमी, दिनभर बैठे रहना, धूम्रपान की आदत और डाइट पर ध्यान न देना हार्ट अटैक का कारण बन सकती है।

दरअसल, जिन लोगों को शुगर, ब्लड प्रेशर या कोलेस्ट्रॉल लेवल अक्सर बढ़ा रहता है। इनमें हार्ट अटैक का जोखिम भी अधिक रहता है। लेकिन इसको लेकर व्यक्ति को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत होती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए बताने जा रहे हैं कि वह क्या कारण हैं, जो हार्ट अटैक के जोखिम को बढ़ाते हैं और इसको लेकर सावधानी भी बरतनी चाहिए।

### हार्ट अटैक...

बता दें कि दिल का दौरा तब पड़ता है, जब हृदय में रक्त प्रवाह कम या फिर पूरी तरह से अवरुद्ध हो जाता है। आमतौर पर यह रुकावट हृदय की धमनियों में फैट, कोलेस्ट्रॉल और अन्य पदार्थों में जमाव के कारण होती है और इस जमाव को प्लाक भी कहा जाता है। अगर आपको सीने में दर्द, जकड़न या दबाव महसूस हो रहा हो। साथ ही यह दर्द पीठ, कंधे, हाथ, गर्दन और जबड़े तक फैल जाए, तो यह हार्ट अटैक के लक्षण हो सकते हैं।



### नींद तो नहीं है समस्या...

**हार्ट हेल्थ**

कई बार नींद न आने पर या नींद पूरी न होने की स्थिति शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों के लिए हानिकारक माना जाता है। लेकिन अगर यह समस्या लंबे समय तक बनी रहती है, तो हार्ट अटैक का कारण भी बन सकती है। आमतौर पर जो लोग रात मैं 6 घंटे से कम की नींद लेते हैं, उनमें दिल का दौरा पड़ने की आशंका अधिक रहती है, जोकि 6-8 घंटे की नींद लेते हैं। दरअसल, अनिद्रा या स्लीप एप्निया जैसी नींद संबंधी बीमारी शरीर में सूजन और रक्तचाप की समस्या बढ़ाने लगती हैं। वहीं इससे हार्मोन संतुलन बिगड़ने का भी खतरा रहता है। यह सभी बीमारियां दिल पर दबाव डालकर हार्ट अटैक को ट्रिगर करने वाली हो सकती है।

### ठंड के मौसम में बरतें सावधानी

ठंड का मौसम आपके हृदय स्वास्थ्य पर भी सीधा असर डालता है। इस मौसम में हृदय रोग के शिकार लोगों के लिए कई तरह की दिक्कतें बढ़ाने वाला हो सकता है। सर्दी की वजह से धमनियां संकरी हो सकती है। f

## समुद्री मकड़ियां खुद को रेत में क्यों दबाती है?

दक्षिणी अंटार्कटिक महासागर के ठंडे पानी में रहना कई जीवों के लिए प्रतिकूल परिस्थितियों से परिपूर्ण होगा, लेकिन एक प्रकार की समुद्री मकड़ी (छलउचीवद नेजतंसम) के लिए यह जगह बहुत ही आरामदायक है।

लंबी टांग वाली इन समुद्री मकड़ियों की साइज करीब 4 से.मी. होती है। वास्तव में ये मकड़ी होती ही नहीं हैं किंतु उनके जैसी ही दिखती हैं। ये तो पाइनोगोनिडा नामक आथ्रीपोड समूह से सम्बंधित हैं। ऐसी ही एक समुद्री मकड़ी है छलउचीवद नेजतंसम जिसके बारे में काफी बातें अनजानी हैं। इस अकेशरुकी जीव की जीवनशैली कैसी है, ये क्या खाती हैं और इन्हें कौन खाता है, इनका व्यवहार कैसा है वगैरह सवाल अभी भी अनुत्तरित हैं।


**स्रोत फीसर्च**

इनके बारे में जानकारी हासिल करने के उद्देश्य से सेंट्रल मिशिगन युनिवर्सिटी के समुद्र जीवविज्ञानी एंड्रयू महोन और उनके साथियों ने इन्हें समुद्र से पकड़ा और प्रयोगशाला के एक छोटे से मछलीघर में रखा।

शोधकर्ताओं ने देखा कि इनमें से एक मकड़ी बहुत धीमे-धीमे रेत खोद रही थी, फिर उसने अपना धड़ रेत में दबा लिया और अपने आठ पैर बाहर ही रहने दिए जो लहरा रहे थे। देखा गया कि ये मकड़ियां ऐसा बार-बार ऐसा कर रहीं थीं। खुद को रेत में दफनातीं, फिर बाहर निकलतीं और वहां से दूसरी जगह चली जातीं।

लेकिन वे ऐसा करती क्यों हैं। एक बैठक में अपने अवलोकन प्रस्तुत करते समय शोधकर्ताओं के सामने इनके इस व्यवहार के कारण को लेकर कुछ अनुमान सामने आए। एक अनुमान था कि संभवत: वे अपने इन उपांगों के माध्यम से 'सांस' लेती होंगी, जैसा कि कुछ अन्य प्रजातियां करती हैं। एक अन्य अनुमान था कि वे रेत के नीचे दबे शिकार तलाशती होंगी, लेकिन इस अनुमान पर तर्क था कि ऐसा होने की संभावना इसलिए नहीं लगती क्योंकि अधिकांश मकड़ियां मांसाहारी होती हैं और वे अपने शिकार को हिलते-डुलते हुए महसूस करना चाहती हैं।


अब बारी थी इन अनुमानों को परखने की और उनके इस व्यवहार के कारण को समझने की। इसके लिए महोन और उनकी टीम ने समुद्री मकड़ियों की आंतों में सूक्ष्मजीवी डीएनए के नमूने लिए और उसे समुद्र के पेंदे के नीचे से लिए गए सूक्ष्मजीवों के नमूने से मिला कर देखा। पाया गया कि आंत के नमूने पेंदे में दफन नमूनों से मेल खा रहे थे। इससे लगता है कि ये जीव पेंदे के नीचे बैक्टीरिया और संभवत: अन्य सड़ने वाले कार्बनिक पदार्थों को खाते होंग



### भाषाओं के संरक्षण के लिए हो गंभीर वैश्विक प्रयास...

# विश्व की सभी भाषाओं का हो सम्मान



योगेश कुमार गोयल

मातृभाषा की मदद से न केवल क्षेत्रीय भाषाओं के बारे में जानने-समझने में सहायता मिलती है बल्कि एक-दूसरे से बातचीत करना भी आसान हो जाता है। यही वजह है कि भाषा की विविधता को विस्तार से जानने के लिए कई देशों ने इस विषय पर मिलकर काम करने का निर्णय लिया है, जिसके तहत एक क्षेत्र का व्यक्ति किसी दूसरे क्षेत्र के व्यक्ति की मातृभाषा को न केवल जान पाएगा बल्कि उसे सीख भी सकेगा।

मानव जीवन में भाषा महत्व को देखते हुए विभिन्न क्षेत्रों की संस्कृति व बौद्धिक विरासत की रक्षा करने, भाषायी तथा सांस्कृतिक विविधता एवं बहुभाषावाद का प्रचार करने और दुनियाभर की विभिन्न मातृभाषाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा उनके संरक्षण के लिए यूनेस्को द्वारा हर साल 21 फरवरी को वैश्विक स्तर पर 'अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस' मनाता जाता है। यह दिवस भाषाओं का जश्न मनाने का समय है, साथ ही यह भाषाओं की विविधता और बहुभाषिता के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने का भी समय है। अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाने का एक महत्वपूर्ण कारण बहुभाषिता को बढ़ावा देना भी है। बहुभाषिता एक से अधिक भाषा बोलने की क्षमता है, जो कई मायनों में फायदेमंद हो सकती है। यह लोगों को विभिन्न संस्कृतियों को समझने में मदद कर सकती है और उन्हें बेहतर संचारक भी बना सकती है।

अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस प्रतिवर्ष एक महत्वपूर्ण थीम के साथ मनाया जाता है और इस अंतर्राष्ट्रीय दिवस के लिए इस वर्ष की थीम है 'भाषाएं मायने रखती हैं' अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का रजत जयंती समारोह'। 2024 में यह दिवस 'बहुभाषी शिक्षा अंतर पीढ़ीगत शिक्षा का एक स्तंभ है' विषय के साथ मनाया गया था। अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस 2023 की थीम 'बहुभाषी शिक्षा: शिक्षा को बदलने की आवश्यकता' थी। इससे पहले 2022 की थीम 'बहुभाषी शिक्षण के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग: चुनौतियां और अवसर' थी जबकि 2021 के मातृभाषा दिवस की थीम थी 'शिक्षा और समाज में समावेशन के लिए बहुभाषावाद को प्रोत्साहन'। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2019 को स्वदेशी भाषाओं के अंतर्राष्ट्रीय वर्ष के रूप में घोषित किया गया था।

यूनेस्को द्वारा मातृभाषा दिवस मनाने की घोषणा 17 नवम्बर 1999 को की गई थी और पहली बार वर्ष 2000 में इस दिन को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के रूप में मनाया गया था। सही मायनों में इस दिवस को मनाए जाने की शुरुआत अपनी मातृभाषा के लिए बांग्ला भाषा बोलने वालों के प्यार के कारण ही हुई थी। 21 फरवरी को ही यह दिवस मनाए जाने का सुझाव कनाडा में रहने वाले बांग्लादेशी रफीकुल इस्लाम द्वारा दिया गया था, जिन्होंने बांग्ला भाषा आन्दोलन के दौरान ढाका में 1952 में हुई नृशंस हत्याओं को स्मरण करने के लिए यह दिन प्रस्तावित किया था। भाषा के इस बड़े आन्दोलन में शहीद हुए युवाओं की स्मृति में ही यूनेस्को द्वारा वर्ष 1999 में निर्णय लिया गया कि प्रतिवर्ष 21 फरवरी को दुनियाभर में मातृभाषा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। विश्वभर में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर भाषा तथा संस्कृति से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं और शिक्षा तथा साहित्य से जुड़े लोग विभिन्न भाषाओं को लेकर चर्चा करने के साथ-साथ किसी भी भाषा को सरल व सुगम बनाने के लिए परामर्श भी देते हैं। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के मुताबिक दुनियाभर में बोली जाने वाली करीब सात हजार भाषाओं में से 90 फीसद भाषाएं बोलने वाले लोग एक लाख से भी कम हैं। चिंता की बात यह है कि दुनियाभर में बोली जाने वाली सभी भाषाओं में से अब 40 फीसद से अधिक भाषाएं लुप्तप्राय हैं। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक केवल कुछ सौ भाषाओं को ही शिक्षा प्रणालियों और सार्वजनिक क्षेत्र में जगह मिली है और वैश्विक आबादी के करीब चालीस फीसदी लोगों ने ऐसी भाषा में शिक्षा प्राप्त नहीं की, जिसे वे बोलते अथवा समझते हैं। डिजिटल दुनिया में तो वैश्विक स्तर पर सौ से भी कम भाषाओं का उपयोग किया जाता है। वैश्वीकरण के इस दौर में बेहतर रोजगार के अवसरों के लिए विदेशी भाषा सीखने की होड़ मातृभाषाओं के लुप्त होने के पीछे एक प्रमुख कारण माना जाता है।

लुप्त हो रही भाषाओं के संरक्षण के लिए भारत में 'लुप्तप्राय भाषाओं की सुरक्षा और संरक्षण' योजना भी चलाई जा रही है। यूजीसी देश में उच्च शिक्षा पाठयक्रमों में क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देने तथा 'लुप्तप्राय भाषाओं के लिए केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में केन्द्र की स्थापना' योजना के तहत कई केन्द्रीय विश्वविद्यालयों को सहयोग करता है। भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मातृभाषाओं के विकास पर काफी ध्यान दिया गया है, जिसमें सुझाव दिया गया है कि जहां तक संभव हो, कम से कम पांचवीं कक्षा तक तो शिक्षा का माधयम मातृभाषा अथवा क्षेत्रीय भाषा ही होना चाहिए। शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के अनुसार भी शिक्षा का माध्यम, जहां तक व्यावहारिक हो, बच्चे की मातृभाषा ही होनी चाहिए। दरअसल प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में शिक्षा दिए जाने से यह छात्रों को उनकी पसंद के विषय तथा भाषा को सशक्त बनाने में मददगार साबित होगा और यह भारत में बहुभाषी समाज के निर्माण, नई भाषाओं को सीखने की क्षमता इत्यादि में भी मदद करेगा। प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में शिक्षा की सुविधा के लिए संविधान के अनुच्छेद 350ए में स्पष्ट है कि देश के प्रत्येक राज्य और स्थानीय प्राधिकारी का प्रयास होगा कि वह भाषायी अल्पसंख्यक समूहों के बच्चों को शिक्षा के प्राथमिक चरण में मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करने के लिए पर्याप्त सुविधाएं प्रदान करें। बहरहाल, हालांकि आज भारत सहित कई बड़े देशों में भाषा को सरल एवं सुगम बनाने के लिए कई प्रकार की योजनाएं तैयार की जा रही हैं और छात्रों को विभिन्न भाषाओं की जानकारी मिल सके, इस उद्देश्य से कई विश्वविद्यालयों में भाषा को लेकर नए कोर्स भी तैयार किए जा रहे हैं लेकिन भाषाओं के संरक्षण के लिए गंभीर वैश्विक प्रयासों की सख्त दरकार है। **(लेखक साहित्य एवं पत्रकारिता में सक्रिय तथा कुछ चर्चित हिन्दी भाषी पुस्तकों के लेखक हैं)**

CMYK



# दिल्ली की शहंशाह

लखनऊ, शुक्रवार, 21 फरवरी 2025





# मैं रेखा गुप्ता शपथ लेती हूं...



## रेखा गुप्ता ने दिल्ली की चौथी महिला सीएम के तौर पर ली शपथ
## पीएम मोदी सहित एनडीए के बड़े नेता रहे मौजूद

**नई दिल्ली।** रेखा गुप्ता ने दिल्ली की मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ले ली है। वह दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री बन गई हैं। उन्होंने रामलीला मैदान में पद की शपथ ली। यह पार्टी के लिए ऐतिहासिक दिन है, क्योंकि बीजेपी 27 साल बाद राजधानी में सत्ता में वापस लौटी है। सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी के बाद रेखा गुप्ता दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री हैं।

### हरियाणा में जन्म

रेखा गुप्ता का जन्म 1974 में हरियाणा के जींद जिले के नंदगढ़ गांव में हुआ था। 1976 में उनका परिवार दिल्ली आ गया, जहां उनकी पूरी शिक्षा हुई। रेखा राजनीति में बचपन से ही रुचि रखने लगीं और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के छात्र संगठन ABVP से जुड़ गईं।

### छात्रसंघ की अध्यक्ष रहीं

दिल्ली विश्वविद्यालय में वे छात्रसंघ की अध्यक्ष बनीं। इसके बाद उन्होंने भाजपा में विभिन्न पदों पर काम किया। रेखा 2003-04 में भाजपा युवा मोर्चा की दिल्ली इकाई से जुड़ीं और यहां सचिव पद पर रहीं। इसके बाद 2004 से 2006 तक उन्होंने भारतीय जनता युवा मोर्चा की राष्ट्रीय सचिव के तौर पर जिम्मेदारी निभाई।

### 2007 में बनीं पार्षद

2007 में रेखा उत्तर पीतमपुरा से पार्षद बनीं। इसके बाद 2007-09 में एमसीडी में महिला कल्याण एवं बाल विकास समिति की 2 साल तक अध्यक्ष रहीं। वह 2009 में दिल्ली भाजपा महिला मोर्चा की महासचिव रहीं। रेखा गुप्ता को 2010 में भाजपा ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य की जिम्मेदारी दी।

### झटपट विधायक झटपट सीएम

रेखा गुप्ता भी केजरीवाल की तरह हरियाणा मूल की हैं और वह भजनलाल शर्मा की तरह पहली बार विधायक बनते ही सीएम बन गईं।

### मिली जेड कैटेगरी की सुरक्षा

दिल्ली की मनोनीत मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को Z कैटेगरी की सुरक्षा दी गई है। गृह मंत्रालय के आदेश पर दिल्ली पुलिस ने जेड श्रेणी की सुरक्षा मुहैया कराई है। इसके अलावा रेखा गुप्ता के घर की भी सुरक्षा बढ़ाई गई है। शपथ लेते ही दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को जैड कैटेगरी सुरक्षा मिल जाएगी। इसमें 2 PSO राउंड द क्लॉक और 1 एस्कॉर्ट गाड़ी रहेगी। रेखा गुप्ता के घर पर फ्रंट पर 4 पुलिसकर्मी, बैंक साइड पर 4 पुलिसकर्मी और 2 कमांडो मौजूद रहेंगे।

### सीएम बनने पर कहा...

दिल्ली की मुख्यमंत्री चुनी गईं रेखा गुप्ता ने कहा कि यह बड़ी जिम्मेदारी है। पीएम मोदी व बीजेपी हाईकमान का मुझमें विश्वास जताने के लिए आभार व्यक्त करती हूं। मेरी प्राथमिकता उन सभी वादों को पूरा करने की होगी, जो वादे हमारी पार्टी ने किए हैं। दूसरा यह है कि 48 विधायक टीम मोदी की तरह काम करेंगे। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं दिल्ली की मुख्यमंत्री बनूंगी। पिछली आम आदमी पार्टी की भ्रष्ट सरकार को एक-एक पैसे का हिसाब देना होगा।



**पवन कल्याण और पीएम के बीच मंच पर हुआ संवाद, पीएम मोदी- पवन क्या हिमालय जाने की तैयारी है? पवन कल्याण- नहीं पीएम सर अभी इसमें वक्त है।**



## मंत्रीमंडल में 6 नेताओं ने पाई जगह



प्रवेश वर्मा



आशीष सूद



मनजिंदर सिंह



रविंद्र इन्द्राज



कपिल मिश्रा



पंकज सिंह

# 25000 से अधिक सुरक्षाकर्मी रहे तैनात

**नई दिल्ली।** रामलीला मैदान में नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह के लिए राष्ट्रीय राजधानी में 25,000 से अधिक सुरक्षाकर्मी और अर्द्धसैनिक बलों की 15 से अधिक कंपनियां तैनात की गई थी। पुलिस के मुताबिक, कमांडो, त्वरित प्रतिक्रिया दल, पीसीआर वैन और स्वाट टीमों को रणनीतिक स्थानों पर तैनात किया गया है, जबकि स्नाइपर्स को पास की ऊंची इमारतों पर तैनात किया गया है।

**धीरेंद्र शास्त्री ने भेजीं शुभकामनाएं**

जिन्हें यह पद मिला है, उन्हें शुभकामनाएं। सबसे पहले यमुना नदी साफ होनी चाहिए। रिहायशी इलाकों का कूड़ा साफ होना चाहिए। दिल्ली का कूड़ा जमीन और मन से साफ होना चाहिए। हर दिन हम सुनते हैं कि दिल्ली असुरक्षित है। हम चाहते हैं कि वहां ऐसी सरकार चले कि दिल्ली में लोग डर के साथ नहीं बल्कि भावनाओं में जीएं।

**रेखा गुप्ता और प्रवेश वर्मा ने एक दूसरे को दी बधाई**

रामलीला मैदान में कुछ देर में दिल्ली की नई मुख्यमंत्री और उनकी कैबिनेट का शपथ ग्रहण समारोह शुरू होने जा रहा है। इससे पहले रेखा गुप्ता और प्रवेश वर्मा ने एक दूसरे को बधाई दी। प्रवेश वर्मा भी कैबिनेट मंत्री के तौर पर शपथ लेंगे।

**राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने की शिरकत**

दिल्ली में आम आदमी पार्टी से सांसद स्वाति मालीवाल ने भी शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत की। उन्होंने रेखा गुप्ता को सीएम बनने की बधाई दी।



**कई राज्यों के डिप्टी सीएम पहुंचे रामलीला मैदान**

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और केपी मौर्य, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, राजस्थान के उपमुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा और अन्य नेता दिल्ली की मनोनीत मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उनके मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए रामलीला मैदान पहुंचे।

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

स्पेशल देशी दवाईयों द्वारा पक्का इलाज
भयंकर बवासीर भयानक से भयानक है, काफी इलाज करा चुके हैं परेशान है। फौरन सम्पर्क करें बवासीर जड़ से खत्म। डिश खिसक चुकी है दर्द व नसें सुन्न हो चुकी हैं। चलने फिरने में परेशानी है बिना ऑपरेशन अचूक इलाज। घुटनों का दर्द पम्प के जरिए नसों को खोलकर पक्का इलाज लाइलाज गठिया 100% पक्का इलाज। पथरी रेत बनकर बाहर, गुप्त रोगों का जादुई इलाज, शुगर रोगी एक बार जरूर मिले, शरीर में कहीं भी गांठ पक्का इलाज, जिनके बच्चे नही होते 100 साल पुराना नुख्सा।